CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 03°C

मुजफ्फरनगर, रविवार 11 जनवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 361 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सेकुलरिज्म का ठेका चलाने वालों के मुंह बंद: योगी

पेज 2



पहले वनडे में भारत को न्यूजीलैंड से मिलेगी कड़ी चुनौती

खेल टाइम्स



ग्रीनलैंड पर कब्जा करना हमारी मजबूरी: ट्रम्प

पेज 11



'अकेली' के लिए फराह खान ने की नुसरत भरूचा की तारीफ

बॉलीवुड

# कपसाड़ हत्याकांड: अपहृत युवती बरामद, आरोपी पारस गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना (मेरठ)।** थाना क्षेत्र के गांव कपसाड़ में हुई महिला हत्या और उसकी युवती के अपहरण के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने शनिवार देर रात बड़ी सफलता हासिल की है। घटना के 72 घंटे बाद अपहृत युवती रूबी को सहारनपुर से सकुशल बरामद कर लिया गया है और मुख्य आरोपी पारस सोम को गिरफ्तार कर लिया गया है।

घटना गुरुवार को उस समय हुई थी जब खेत पर जा रही महिला सुनीता पत्नी सतेन्द्र कुमार पर गांव के ही युवक पारस सोम ने फरसे से जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन मोदीपुरम अस्पताल लेकर गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। हमले के बाद आरोपी ने नाबालिग युवती रूबी को जबरन अपने साथ उठा लिया था, जिससे पूरे गांव में तनाव और आक्रोश फैल गया था। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने 10 विशेष टीमों का गठन कर आसपास के जिलों और संभावित ठिकानों पर दबिश दी थी। लगातार 72 घंटे तक चले ऑपरेशन और तकनीकी सर्विलांस के बाद पुलिस आखिरकार अपहृत युवती को सहारनपुर से सुरक्षित बरामद करने में सफल रही। आरोपी पारस सोम को भी उसी दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। मेरठ एसएसपी विपिन टांडा ने पत्रकारों को बताया कि आरोपी के करीबी और रिश्तेदारों से पूछताछ की गई थी और संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई थी। युवती को सकुशल परिजनों के हवाले कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी और आरोपी को जल्द न्यायालय के सामने पेश किया जाएगा। पीड़ित परिवार ने पुलिस की इस सफलता पर राहत की सांस ली और कहा कि उनकी बेटी सकुशल वापस लौट आई, यह उनके लिए बड़ी राहत की बात है।



अपहृत युवती का फाइल फोटो



आरोपी पारस का फाइल फोटो

## मेरठ की सड़कों पर उमड़ा सैलाब

**मेरठ।** दलित महिला की हत्या और नाबालिग बेटी के अपहरण से उपजा आक्रोश अब मेरठ के कपसाड़ गांव की सीमाओं से बाहर निकलकर सड़कों और टोल प्लाजा तक पहुंच गया था। पिछले दो दिन से सुलग रहा यह मामला शनिवार को उस वक्त और भड़क उठा, जब नेताओं, संगठनों और समर्थकों के पहुंचने की कोशिशों ने प्रशासन को सख्त नाकेबंदी और कड़े सुरक्षा इंतजामों के लिए मजबूर कर दिया। हालात इतने संवेदनशील हो गए कि पुलिस को गांव ही नहीं, उससे जुड़े तमाम मार्गों पर भी अभूतपूर्व सतर्कता बरतनी पड़ी। यहां तक कि मीडिया कर्मियों को भी फिलहाल गांव में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है। पुलिस के अनुसार स्थिति की गंभीरता को देखते अटेरना पुल सहित गांव को जोड़ने वाले सभी मार्गों पर कड़ी बैरिकेडिंग कर दी गई है। तमाम आला अधिकारी स्वयं मौके पर डेरा डाले हुए हैं और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। केवल स्थानीय ग्रामीणों को पहचान सत्यापन के बाद आने-जाने की छूट दी जा रही है।

# ओडिशा में नौ सीटर विमान क्रैश, पायलट ने मेडे कॉल किया

■ खुले मैदान में फोर्स लैंडिंग कराई, 4 यात्री व 2 पायलट घायल

**राउरकेला।** ओडिशा के राउरकेला में इंडिया वन एयर के 9 सीटर विमान की तकनीकी खराबी के बाद फोर्स लैंडिंग हुई। घटना शनिवार दोपहर 1.20 बजे राउरकेला से 15 किमी दूर जाल्दा इलाके की है।

घटना के वक्त विमान में 4 यात्री और दो पायलट मौजूद थे। सभी घायलों का इलाज जारी है। अधिकारियों ने बताया कि कमर्शिअल विमान वीटी केएसएस ने दोपहर 12.27 बजे से भुवनेश्वनर से राउरकेला के लिए उड़ान भरी थी। 50 मिनट की उड़ान के बाद विमान में तकनीकी खराबी का पता चला। पायलट ने मेडे कॉल किया। इसके बाद खुले इलाके में फोर्स लैंडिंग कराई। हादसे की मुख्य वजह साफ नहीं है। विमान का ब्लैक बॉक्स रिकवर किया जा रहा है। वहीं, क्रैश की जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें नजर आ रहा है कि वीटी केएसएस प्लेन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। उसके विंग्स भी क्षतिग्रस्त हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बेल्लारी हिंसा मामला सीआईडी को सौंपा

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के बेल्लारी में हुई हिंसक घटना की जांच शनिवार को सीआईडी को सौंप दी गई है। सीआईडी अब हिंसा के उन सभी पहलुओं की जांच करेगी जो एक स्थानीय झड़प से शुरू होकर हत्या तक जा पहुंचे। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने मीडिया से बात करते हुए राज्य की जांच टीमों पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि कई मामलों में सीबीआई ने भी राज्य द्वारा की गई जांच को सही ठहराया है। कुछ मामलों में तो सीबीआई ने यहां तक माना है कि राज्य की टीमों ने केंद्रीय एजेंसी की तुलना में बेहतर काम किया है। दूसरी तरफ विपक्षी भाजपा लगातार इस मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रही है, जिसे राज्य सरकार ने खारिज कर दिया है।

### सेना के चार रणबांकुरें मरणोपरांत वीरता पदक से सम्मानित

**नई दिल्ली।** कैप्टन ब्रजेश थापा, लांस नायक स्टांजिन तर्गियास, राइफलमैन मोहित राठौर और राइफलमैन हिलाल अहमद भट को शनिवार को मरणोपरांत सेना पदक (वीरता) से सम्मानित किया गया। दिल्ली छावनी स्थित मानेकशॉ सेंटर में सेना की पश्चिमी कमान के अलंकरण समारोह में ये सम्मान प्रदान किए गए। समारोह में छह युद्ध सेवा पदक, 30 सेना पदक (वीरता), एक बार टू सेना पदक (विशिष्ट), 19 सेना पदक (विशिष्ट) और 44 विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किए गए। सेना की वायु रक्षा कोर से संबंध रखने वाले और 10 राष्ट्रीय राइफल्स में तैनात कैप्टन (शहीद) ब्रजेश थापा ने 14 जुलाई 2024 को जम्मू- कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकवाद रोधी अभियान के दौरान असाधारण साहस का प्रदर्शन किया।

### दिल्ली में घना कोहरा हवाई यात्रा एवं जनजीवन प्रभावित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर बेहद खराब रहने और घना कोहरा छाने एवं खराब मौसम की वजह से सामान्य जनजीवन और हवाई यात्रा प्रभावित हुई। सुबह 8:02 बजे तक दिल्ली का एक्यूआई 431 रहा, जो 'खतरनाक' श्रेणी में आता है। रिपोर्ट के अनुसार,पीएम 2.5 का स्तर 289 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर था।

# जंग दुश्मन का मनोबल तोड़ने के लिए लड़ते हैं: एनएसए डोभाल

## बोले: हम मनोरोगी नहीं, जिन्हें दुश्मन के शव या कटे हुए अंग देखकर संतोष या सुकून मिले

शाह टाइम्स ब्यूरो

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा: युद्ध राष्ट्र की इच्छाशक्ति के लिए लड़े जाते हैं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने शनिवार को कहा कि युद्ध राष्ट्र की इच्छाशक्ति के लिए लड़े जाते हैं।

उन्होंने कहा कि हम साइकोपैथ (मनोरोगी) नहीं हैं, जिन्हें दुश्मन के शव या कटे हुए अंग देखकर संतोष या सुकून मिले। लड़ाईयां इसके लिए नहीं लड़ी जाती। उन्होंने कहा कि युद्ध किसी देश का मनोबल तोड़ने के लिए लड़े जाते हैं, ताकि वह हमारी शर्तों पर आत्मसमर्पण करें और हम अपने लक्ष्य हासिल कर सकें। अजीत डोभाल ने शनिवार को नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के उद्घाटन समारोह के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने युवाओं से कहा कि आप अपनी इच्छाशक्ति बढ़ा सकते हैं। वही इच्छाशक्ति राष्ट्रीय शक्ति बन जाती है। अजीत डोभाल ने कहा कि दुनिया में हो रहे सभी युद्ध और संघर्षों को देखें तो साफ है कि कुछ देश दूसरों पर अपनी इच्छा थोपना चाहते हैं। इसके लिए अपनी ताकत का प्रयोग कर रहे हैं। अगर कोई देश इतना शक्तिशाली है कि कोई उसका विरोध न कर सके तो वह हमेशा स्वतंत्र रहेगा, लेकिन अगर संसाधन और हथियार हों, पर मनोबल न हो तो सब कुछ बेकार हो जाता है। मनोबल बनाए रखने के लिए लीडरशिप जरूरी होती है। आज हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हमारे देश में ऐसा नेतृत्व है।



## ऑपरेशन सिंदूर रुका है, खत्म नहीं हुआ: सीडीएस

■ पाकिस्तान इसमें बुरी तरह हारा

**पुणे।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर केवल रुका है, खत्म नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान को चीफ ऑफ डिफेंस फोर्स (सीडीएफ) जैसा नया पद बनाना पड़ा। ये पद तीनों सेनाओं को सेंट्रलाइज्ड करने के लिए बनाया गया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन ने पाकिस्तान को संवैधानिक संशोधन करने के लिए मजबूर किया। ये इस बात का सबूत है कि पड़ोसी देश को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। अनिल चौहान ने पुणे पब्लिक पॉलिसी फेस्टिवल में ये बाते कहीं। उन्होंने कहा कि हम इमरजेंसी हालातों में लागू करने के लिए एक स्टैंडर्ड सिस्टम डेवलप कर रहे हैं। सीडीएस ने कहा कि भारत में प्रस्तावित संयुक्त थिएटर कमांड को लागू करने की समय सीमा 30 मई 2026 तक बढ़ाई गई है।

# सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा बंगाल बनाम ईडी विवाद

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ पहले ममता सरकार ने दाखिल किया कैविएट
■ प्रवर्तन निदेशालय ने भी दाखिल की याचिका

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले आई-पैक के कार्यालय पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी ने एक नया राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। राज्य सरकार ने इसे चुनावी समय में विपक्ष को निशाना बनाने की कार्रवाई बताया है, जबकि दूसरी ओर ईडी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

ईडी ने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल सरकार उसकी जांच और तलाशी अभियान में दखल दे रही है और काम में बाधा डाल रही है। सुप्रीम कोर्ट में ईडी की तरफ से दायर याचिका में बताया गया है कि गुरुवार को जब एजेंसी ने इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) के मुख्यालय और कोलकाता में उसके निदेशक प्रतीक जैन के आवास पर तलाशी अभियान चलाया, तब राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन की ओर से रुकावटें डाली गईं। ऐसे में ईडी ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि उसे निष्पक्ष और बिना किसी दबाव के अपनी जांच करने की अनुमति दी जाए। साथ ही एजेंसी ने यह भी कहा है कि किसी भी राज्य सरकार को केंद्रीय जांच एजेंसियों के काम में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। बता दें कि इससे पहले ममता बनर्जी सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल कर दिया है। इस कैविएट में बंगाल सरकार ने अनुरोध किया है कि सुप्रीम कोर्ट कोई आदेश पारित करने से पहले उसका पक्ष सुने। सूत्रों के मुताबिक ईडी इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जाने की संभावना पर विचार कर रही है। एजेंसी मौजूदा कानूनी विकल्पों को अंतिम रूप देने से पहले सभी संभावनाओं पर गौर कर रही है।



### एसआईआर के कारण पश्चिम बंगाल में 77 मौतें: ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को मुख्य चुनाव आयुक्त को 2 पेज का लेटर लिखा। इसमें राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर आम नागरिकों को लगातार परेशान किए जाने का आरोप लगाया। ममता ने लिखा कि एसआईआर प्रोसेस में मानवीय संवेदनशीलता नहीं दिखी। 77 लोगों की मौत, 4 आत्महत्या के प्रयास और 17 लोगों के बीमार होने की वजह एसआईआर प्रक्रिया रही।

# जी राम जी विधेयक: छह राज्यों ने दर्ज कराया विरोध

■ दावा: सारे फैसले केंद्र सरकार के हाथ

**नई दिल्ली।** मनरेगा में बदलाव के विरोध में कांग्रेस ने शनिवार से 45 दिन चलने वाला आंदोलन शुरू किया। कर्नाटक, तेलंगाना और पंजाब ने तो जी राम जी कानून के खिलाफ बाकायदा प्रस्ताव पारित किया है।

तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल भी खुलकर इसका विरोध जता रहे हैं। इन राज्यों की आपत्तियां हैं कि मनरेगा से 'महात्मा गांधी' का नाम क्यों हटा, योजना को मांग आधारित से आपूर्ति आधारित ढांचे में क्यों नहीं बदला, राज्यों पर वित्तीय बोझ बढ़ाने के साथ-साथ केंद्र का पूर्ण नियंत्रण क्यों थोपा। विपक्षी दलों का कहना है कि यह कदम राज्य सरकारों की स्वायत्तता और ग्रामीण रोजगार अधिकारों पर हमला है।

# उत्तराखंड में पारा -19 डिग्री, पिथौरागढ़ में झरना जमा

■ यूपी में कोहरे के चलते 50 ट्रेनें लेट

**नई दिल्ली।** पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के चलते तापमान में खासी गिरावट हुई है। उत्तराखंड में पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में शुक्रवार रात को पारा -19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

शनिवार सुबह छिड़कानी में पानी के झरने जमे हुए नजर आए। चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग में पानी की पाइपलाइन जम गई है। इधर, पहाड़ी राज्यों से आ रही बर्फीली हवाओं से राजस्थान में सर्दी बढ़ गई है। 13 जिलों में कोहरे और शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार को जैसलमेर सबसे ठंडा शहर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। उत्तर प्रदेश में 30 शहरों में शनिवार सुबह कोहरा छाया। कोहरे का असर ट्रेन और फ्लाइटों पर देखने को मिल रहा है। गोरखपुर, लखनऊ और वाराणसी समेत तमाम स्टेशनों पर 50 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रही हैं। कुछ तो 10-10 घंटे की देरी से चल रही हैं। इसके अलावा लखनऊ, गोरखपुर और वाराणसी एयरपोर्ट पर 5 से ज्यादा फ्लाइट्स लेट पहुंचीं। उत्तराखंड के सभी जिलों में ठंडी हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, चम्पावत, पौड़ी और देहरादून के निचले इलाकों में कोहरा छाया रहेगा। वहीं पहाड़ों में पाला गिरने की संभावना जताई गई है। तीन दिन से आदि कैलाश और केदारनाथ का तापमान -21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

# आतंक के जरिये भारत को नुकसान पहुंचाना पाक की नीति: सेना

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ पाकिस्तान में न तो भारत के खिलाफ पारंपरिक युद्ध लड़ने का साहस है और न ही क्षमता: मनोज कुमार कटियार

**नई दिल्ली।** सेना की पश्चिमी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने कहा है कि पाकिस्तान में न तो भारत के खिलाफ पारंपरिक युद्ध लड़ने का साहस है और न ही क्षमता इसलिए वह केवल आतंकवादी गतिविधियों के जरिये भारत को नुकसान पहुंचाने की नीति पर चलता है।

लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने शनिवार को यहां पश्चिमी कमान के अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पड़ोसी देश केवल आतंकवादी गतिविधियों के जरिये भारत को नुकसान पहुंचाना चाहता है। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले वर्ष के अलंकरण समारोह में भी उन्होंने आगाह किया था कि पश्चिमी मोर्चे पर संघर्ष की संभावना बनी हुई है, क्योंकि भारत और पाकिस्तान के संबंध मित्रवत नहीं हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि भारत के अथक प्रयासों के बावजूद यही स्थिति बनी हुई है, क्योंकि पाकिस्तान का शीर्ष नेतृत्व हमेशा उसकी सेना के हाथों में रहा है। सेना दोनों देशों के बीच संघर्ष का माहौल बनाए रखना चाहती है। यदि शांति या मित्रता होगी तो पाकिस्तानी सेना का महत्व कम हो जाएगा। उसका उद्देश्य टकराव की स्थिति को जीवित रखना है। सेना कमांडर ने कहा कि पहलगाम में जो कुछ हुआ वह सुनियोजित साजिश का हिस्सा था। पहलगाम आतंकी हमले में 26 नागरिकों की निर्मम हत्या के बाद भारत द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया। उन्होंने कहा कि हमने उनके आतंकवादी ठिकानों, उनकी चौकियों और उनके एयरबेस को नष्ट किया। हमें उम्मीद है कि पाकिस्तान इससे सबक लेगा और आगे किसी भी आतंकी गतिविधि को अंजाम नहीं देगा। सेना को सतर्क और तैयार रहने की चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का सैन्य नेतृत्व अपने देश की आंतरिक समस्याओं से ध्यान भटकाने या अपने स्वार्थ के लिए कोई और दुस्साहस करने की कोशिश कर सकता है।



मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
• आंखे पथराना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना
• मुंह से झाग निकलना
• मुंह एक तरफ हो जाना
• जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• मुट्ठियां कसना
• गर्दन टेढ़ी पड़ना
• अचानक झटका-सा लगना
• घे-घे-औं-औं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### वाराणसी में मुंह ढके महिलाओं, पुरुषों को नहीं मिलेंगे गहने

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में सराफा कारोबारियों ने सुरक्षा के मद्देनजर एक अहम निर्णय लिया है। स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष कमल कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि हेलमेट, मास्क, बुर्का, हिजाब, घूंघट या किसी भी प्रकार से मुंह ढककर आने वाले ग्राहकों की पहचान करना अत्यंत कठिन हो जाता है। उन्होंने कहा कि अपराध की कई घटनाएं अक्सर मुंह ढके या छिपे हुए लोगों द्वारा ही अंजाम दी जाती हैं। इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि वाराणसी की किसी भी फुटकर सराफा दुकान या शोरूम में ऐसे ग्राहकों को गहने नहीं बेचे जाएंगे, जिनका मुंह हेलमेट, मास्क, बुर्का, हिजाब या घूंघट से ढका हुआ हो। वाराणसी में दो हजार से अधिक सर्राफा कारोबारी इस निर्णय से सहमत हैं।

### संगठित अपराध के मामले में हार्डकोर अपराधी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को सांबा जिले से एक हार्डकोर अपराधी को पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को यहां बताया कि एक अपराधी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देसी पिस्तौल बरामद की गई है। यह विजयपुर पुलिस थाने में दर्ज संगठित अपराध से जुड़े एक मामले में चौथी गिरफ्तारी है। मामले की जांच के दौरान, पुलिस टीम ने रामगढ़ तहसील, सांबा जिले के जेडरा गांव के प्रीतम सिंह उर्फ सेठी को गिरफ्तार किया। लगातार पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर उसके पैतृक गांव से एक देसी पिस्तौल बरामद की गई। मामले की आगे की जांच चल रही है। उल्लेखनीय है कि मामले में पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और तीन पिस्तौल बरामद की गई हैं।

# ईडी वहीं पहुंचती है, जहां चुनाव होने हैं: सिब्बल



**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने सरकार पर आरोप लगाया है कि वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का इस्तेमाल चुनावी लाभ के लिए करती है और जिन राज्यों में चुनाव तय होते हैं ईडी की टीम वहीं पहुंचकर विपक्षी दलों को परेशान करने लगती है।

सिब्बल ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में सरकार के इस रवैये को संघीय ढांचे पर हमला बताया और कहा कि गुरूवार को भी ईडी ने इसी तरह का काम किया है। उन्होंने ईडी टीम की ओर से पश्चिम बंगाल तृणमूल कांग्रेस के लिए परामर्शदाता के रूप में काम करने वाली कंपनी आई-पैक के ठिकानों पर पड़े छापों का जिक्र किया और कहा कि ईडी के छापे उसी राज्य में पड़ने शुरु होते हैं जहां निकट भविष्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। उनका कहना था कि पिछले 11 साल से वह यही देख रहे हैं कि ईडी उस राज्य में पहले पहुंच जाती है जहां चुनाव होने हैं। ईडी ने पिछले दिनों इसी तरह का काम झारखंड और बिहार में भी किया और अब पश्चिम बंगाल में भी कर रही है। आज सुबह जब मैं अखबार पढ़ रहा था तो मुझे 2004 से 2014 तक संप्रग सरकार के कार्यकाल की याद आ गई।

# यूपी में भाजपा विधायकों की उड़ गई रात की नींद

## एसआईआर अभियान व विधानसभा चुनाव में टिकट पाने को लेकर सियासी सरगर्मियां बढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में टिकट पाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी विधायकों की भी नींद उड़ी हुई है, क्योंकि विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ गई है।



भाजपा सूत्रों के मुताबिक कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता नाम जोड़ने की रफ्तार अपेक्षाकृत कम पाई गई है, जिस पर प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व दोनों स्तरों पर समीक्षा की जा रही है। सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा में इसे 2027 के विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि एसआईआर में लापरवाही या सुस्ती दिखाने वाले विधायकों और दावेदारों के लिए अगला चुनावी रास्ता आसान नहीं होगा। पार्टी सूत्रों के मुताबिक एसआईआर के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने और त्रुटियों के सुधार की प्रक्रिया पर केंद्रीय नेतृत्व तक नियमित रिपोर्ट पहुंच रही है। इस रिपोर्ट में यह आकलन किया जा रहा है कि कौन विधायक और संभावित प्रत्याशी अपने क्षेत्र में कितनी सक्रियता से अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। कमजोर प्रदर्शन करने वालों को लेकर संगठन स्तर पर चिंता जताई जा रही है। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि मतदाता सूची चुनावी सफलता की बुनियाद होती है। ऐसे में जिन विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर के दौरान अपेक्षित संख्या में नाम नहीं जुड़ रहे हैं या अभियान की गति धीमी है, वहां संबंधित विधायकों की कार्यशैली पर सवाल उठना तय है। पार्टी के अंदरखाने यह भी चर्चा है कि एसआईआर में निष्क्रियता 2027 में टिकट के लिए नकारात्मक संकेत मानी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही संगठन और जनप्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दे चुके हैं कि एसआईआर अभियान को पूरी गंभीरता के साथ लिया जाए। उनका जोर इस बात पर रहा है कि पात्र मतदाताओं का नाम हर हाल में सूची में जुड़े और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त न की जाए।

### विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता नाम जोड़ने की रफ्तार अपेक्षाकृत कम पाई गई

कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता नाम जोड़ने की रफ्तार अपेक्षाकृत कम पाई गई है, जिस पर प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व दोनों स्तरों पर समीक्षा की जा रही है। आने वाले दिनों में कमजोर प्रदर्शन वाले क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों से जवाब- तलब भी हो सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा एसआईआर को महज प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठन की सक्रियता और जनसंपर्क क्षमता की परीक्षा के तौर पर देख रही है। यही वजह है कि एसआईआर में प्रदर्शन को 2027 के चुनावी गणित से सीधे जोड़कर आंका जा रहा है।

## बांग्लादेश घटनाक्रम को लेकर सीएम का विपक्ष पर तीखा प्रहार

# सेकुलरिज्म का ठेका चलाने वालों के मुंह बंद: योगी

प्रयागराज, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश की घटना पर विपक्षी दलों की चुप्पी पर प्रहार करते हुए कहा कि सेकुलरिज्म के नाम पर ठेका लेकर चलने वालों की दुकानें हिंदू समाज और सनातन धर्म को तोड़ने की ताकत लगाती हैं, लेकिन बांग्लादेश की घटना पर उनके मुंह पर जैसे फेविकोल व टेप चिपक गया है।

शनिवार को माघ मेले में आयोजित श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी के 726वें प्राकट्य महोत्सव में शामिल होने के मौके पर योगी ने कहा कि जाति, मत-संप्रदाय के आधार पर विभाजन हमारे लिए उसी प्रकार से सर्वनाश का कारण बन जाएगा, जैसे आज बांग्लादेश के अंदर देख रहे हैं। वहां की घटना पर कोई बोल नहीं रहा है। सेकुलरिज्म के नाम पर ठेका लेकर चलने वालों



■ जाति, मत-संप्रदाय के आधार पर विभाजन सर्वनाश का ऐसा कारण बन जाएगा, जैसे आज बांग्लादेश में देख रहे: सीएम

की दुकानें हिंदू समाज और सनातन धर्म को तोड़ने की ताकत लगाती हैं, लेकिन बांग्लादेश की घटना पर उनके मुंह पर जैसे फेविकोल व टेप चिपक गया है। बांग्लादेश की घटना पर कोई कैंडल मार्च तक नहीं निकाला जा रहा। यह हमारे लिए चेतावनी भी है। उन्होंने कहा कि जो लोग आज भी समाज को बांट रहे हैं, वे कभी हितैषी नहीं होंगे। सत्ता में रहने पर यह लोग परिवार के बाहर नहीं सोच पाते थे। यह फिर तमाम नारे देंगे, लेकिन इन्हें जब भी मौका मिलेगा, तो वही करेंगे, जो पहले किया था। पहचान का संकट, अराजकता, सनातन धर्म पर प्रहार और दंगों की आड़ में फिर हर व्यक्ति को झुलसाएंगे। हमें इसकी पुनरावृत्ति नहीं होने देनी चाहिए। डबल इंजन सरकार सनातन आस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए सदैव खड़ी है। बांटने, तोड़ने वाले और कमजोर करने वाले लोगों को कभी पनपने न दें। हम सभी इस संकल्प के साथ बढ़ेंगे, तो आने वाला समय सनातन धर्म का है। जिस तरह राम मंदिर पर ध्वज लहरा रहा है, उसी तरह दुनिया के अंदर सनातन का झंडा फहराता रहेगा और तब, बांग्लादेश में कमजोर व दलित हिंदू को काटने का कोई दुस्साहस नहीं कर पाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज की पावन धरा को कभी महर्षि भारद्वाज, महर्षि वाल्मीकि व अन्य पूज्य ऋषियों व महर्षियों ने अपने तप व साधना से सनातन धर्म के केंद्र के रूप में विकसित किया था। त्रिवेणी की इस पावन धरा पर 726 वर्ष पूर्व भक्ति शिरोमणि भगवान रामानंदाचार्य प्रकट हुए थे। प्रयागराज की पावन धरा, भगवान वेणी माधव की अपार कृपा से, भगवान अक्षयवट के सानिध्य में, त्रिवेणी का वह रूप जिसे हम मां गंगा, मां यमुना व मां सरस्वती के रूप में स्मरण करते हैं, देश-दुनिया से श्रद्धालु यहां आकर संगम में डुबकी लगाते हैं। यहां धर्म, न्याय और ज्ञान भी है। तीनों को लेकर देश भर के अलग-अलग जिज्ञासु इस पावन धरा पर उपस्थित होते हैं।

### मुख्यमंत्री ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी साधु संतों ने किया स्वागत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रयागराज में लगे माघ मेले में संगम पर स्नान किया और मां गंगा की पूजा अर्चना की। उन्होंने तीन बार आस्था की डुबकी लगाई और बाद में संगम नोज के पास सतुआ बाबा के साथ नौका की सवारी भी की। मुख्यमंत्री के साथ मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और नंद गोपाल नंदी ने भी संगम में स्नान किया। इसके बाद योगी ने संगम नोज पर गंगा पूजन किया। संगम तट के पास वे करीब 32 मिनट तक रहे। योगी ने लेटे हनुमान जी का भी दर्शन-पूजन किया फिर सतुआ बाबा के शिविर की ओर प्रस्थान किए। गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ जगद्गुरु महामंडलेश्वर सतुआ बाबा के शिविर में साधु-संतों के साथ भोजन करेंगे।

# अखिलेश ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद जारी की गई मतदाता सूची के मसौदे को लेकर सियासत गरमा गई है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया है कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) वर्ग के मतदाताओं के नाम जानबूझकर हटाने की साजिश चल रही है। यादव ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम काटे गए हैं और इसका सीधा असर पीडीए समाज पर पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया लोकतंत्र को कमजोर करने और विपक्षी वोट बैंक को नुकसान पहुंचाने की मंशा से की जा रही है। सपा अध्यक्ष ने दावा किया कि कई जिलों में लाखों मतदाताओं के नाम सूची से गायब



■ कहा: पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक वर्ग के मतदाताओं के नाम जानबूझकर हटाने की साजिश चल रही

कर दिए गए, जबकि वे जीवित हैं और उसी स्थान पर निवास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति चुनाव आयोग की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार चुनावी लाभ के लिए प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रही है और चुनाव आयोग पर दबाव डालकर मतदाता सूची में हेरफेर करवाई जा रही है। उन्होंने सपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर पर सतर्क रहें।

# सदन का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: गुप्ता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सदन की कार्यवाहियों की कोई भी रिकॉर्डिंग केवल सदन की संपत्ति है और किसी राजनीतिक दल, व्यक्ति या बाहरी एजेंसी की नहीं है और इसका दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विजेंद्र गुप्ता ने आज दिल्ली विधानसभा परिसर में संवाददाता सम्मेलन में आज कहा कि दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने जालंधर में प्राथमिकी दर्ज किए जाने के मामले में औपचारिक नोटिस जारी किया है, जो विधानसभा कार्यवाहियों की कथित छेड़छाड़ वाले वीडियो क्लिप से संबंधित है। उन्होंने कहा कि पंजाब के डीजीपी, जालंधर पुलिस कमिश्नर और स्पेशल डीजीपी साइबर सेल को नोटिस जारी किए गए हैं और उन्हें 48 घंटे के भीतर लिखित स्पष्टीकरण तथा सभी संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। नोटिस में कहा गया है कि सदन पहले से ही इस मामले से अवगत है और वीडियो क्लिप को फॉरेंसिक जांच और विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया है। उन्होंने कहा कि यह मामला अत्यंत गंभीर और संवैधानिक महत्व का है तथा सीधे सदन की गरिमा, अधिकार और विशेषाधिकारों से जुड़ा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह मुद्दा किसी एक व्यक्ति या राजनीतिक दल तक सीमित नहीं है। गुप्ता ने कहा कि जिस वीडियो के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, वह किसी व्यक्तिगत रिकॉर्डिंग नहीं, बल्कि सदन



■ सदन की कार्यवाहियों की कोई भी रिकॉर्डिंग केवल सदन की संपत्ति होती है: दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष

की आधिकारिक रिकॉर्डिंग है, जो पूरी तरह से दिल्ली विधानसभा की संपत्ति है। सदन की संपत्ति का इस प्रकार दुरुपयोग करना और इस आधार पर किसी मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि अत्यंत गंभीर और निदनीय भी है।

विधानसभा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सदन की कार्यवाहियों की कोई भी रिकॉर्डिंग केवल सदन की संपत्ति है और किसी राजनीतिक दल, व्यक्ति या बाहरी एजेंसी की नहीं है। उन्होंने यह प्रश्न उठाया कि इस एफआईआर को किस अधिकार और किस आधार पर दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण में जालंधर के पुलिस कमिश्नर की भूमिका अत्यंत चिताजनक है और यह प्रथम दृष्टया सदन के विशेषाधिकारों का उल्लंघन प्रतीत होता है। इसलिए उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का स्पष्ट मामला बनता है, जिसे सदन गंभीरता से देखेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने आगे कहा कि विपक्ष की मांग पर और पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए वीडियो क्लिप को फॉरेंसिक साइंस लैब भेजा गया। हालांकि, सदन की आधिकारिक रिकॉर्डिंग को 'छेड़छाड़ की गई' बताना स्वयं में सदन की गरिमा पर हमला है।

गुप्ता ने कहा कि यह केवल झूठा आरोप नहीं है, बल्कि एक सुनियोजित साजिश प्रतीत होती है, जिसका उद्देश्य सदन की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस साजिश में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल पाए जाने वाले सभी लोग सदन की कठोरतम कार्रवाई का सामना करेंगे। उन्होंने कहा कि सदन अपने अधिकारों और विशेषाधिकारों की रक्षा करना जानता है और किसी भी कीमत पर सदन की गरिमा, उसकी संपत्ति और संवैधानिक मर्यादा के साथ समझौता नहीं करेगा। सदन ने इस पूरे मामले का विधिवत संज्ञान लिया है और नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। गुप्ता ने यह भी कहा कि बार-बार बुलाने के बावजूद विपक्ष की नेता आतिशी सदन में उपस्थित नहीं हुईं और प्रदूषण पर चर्चा में भाग नहीं लिया। जब चर्चा चल रही थी, विपक्ष के सदस्य सदन से उठकर चले गए। सुश्री आतिशी से केवल संक्षिप्त माफी मांगने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने माफी नहीं मांगी, अन्यथा यह मामला वहीं समाप्त हो जाता।

# विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के समापन सत्र को संबोधित करेंगे मोदी

नई दिल्ली, वार्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर यहां भारत मंडपम में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के समापन सत्र में हिस्सा लेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री देश भर के लगभग 3,000 युवाओं के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय 'डायस्पोरा' का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे।

चुने हुए प्रतिभागी दस थीम वाले ट्रैक पर प्रधानमंत्री को अपनी प्रस्तुति देंगे, जिसमें राष्ट्रीय महत्व के प्रमुख क्षेत्रों पर युवाओं के नेतृत्व वाले दृष्टिकोण और कार्रवाई योग्य विचार साझा किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 के लिए निबंध संकलन जारी करेंगे, जिसमें भारत की विकास प्राथमिकताओं और राष्ट्र निर्माण के दीर्घकालिक लक्ष्यों पर युवा प्रतिभागियों के चुनींदा निबंध शामिल



■ चुने हुए प्रतिभागी दस थीम वाले ट्रैक पर प्रधानमंत्री को अपनी प्रस्तुति देंगे

होंगे। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग, एक राष्ट्रीय मंच है, जिसे भारत के युवाओं और राष्ट्रीय नेतृत्व के बीच व्यवस्थित संपर्क को सुविधाजनक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह अब अपने दूसरे संस्करण में प्रवेश कर चुका है। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस के उस आह्वान के अनुरूप है, जिसमें एक लाख युवाओं को बिना किसी राजनीतिक जुड़ाव के राजनीति में शामिल करना और उन्हें विकसित भारत के लिए अपने विचारों को हकीकत बनाने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। नौ से 12 जनवरी तक आयोजित हो रहे विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026,में देश भर के 50 लाख से अधिक युवाओं ने विभिन्न स्तरों पर भाग लिया है। राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में भाग लेने वाले युवा नेताओं का चयन एक कठिन, योग्यता-आधारित तीन-चरणीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है, जिसमें देशव्यापी डिजिटल क्विज, एक निबंध चुनौती और राज्य-स्तरीय विजन प्रेजेंटेशन शामिल हैं। डायलॉग का दूसरा संस्करण अपने पहले संस्करण की सफलता पर आधारित है, जिसमें कई नए प्रमुख बदलाव किए गए हैं, जिसमें 'डिजाइन फॉर भारत, टेक फॉर विकसित भारत -हैक फॉर ए सोशल कॉज', विस्तारित थीम वाले जुड़ाव और पहली बार अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी शामिल है, जो डायलॉग के दायरे और प्रभाव को और मजबूत करता है।

# गोयल ने ब्रुसेल्स यूरोपीय संघ के साथ की उच्चस्तरीय व्यापार समझौता वार्ता

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर ब्रुसेल्स में दो दिन की बातचीत एक आधुनिक, व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौता शीघ्र संपन्न करने पर दोनों पक्षों की ओर से नए सिरे से दृढ़ संकल्प व्यक्त करने के साथ सम्पन्न हुई है।

वाणिज्य मंत्री आठ-नौ जनवरी को एफटीए वार्ताओं के लिए ब्रुसेल्स में थे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में गोयल की इस यात्रा समझौते की दिशा में महत्वपूर्ण बताया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि आठ-नौ जनवरी की इस यात्रा के दौरान गोयल ने ईयू के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस शेफकोविच के साथ कई बार बाचतीत की और दोनों नेताओं ने वार्ता टीमों को लंबित मुद्दों को हल करने और समझौते को शीघ्रता से आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। मंत्रालय ने कहा है कि वाणिज्य मंत्री की इस यात्रा के साथ दोनों पक्षों के बीच ब्रुसेल्स में एक सप्ताह तक चला गहन राजनयिक और तकनीकी बैठकों का दौर पूरा हुआ। यह बातचीत भारत और यूरोपीय संघ के बीच प्रस्तावित व्यापक एफटीए को साकार करने के लिए दोनों पक्षों के राजनीतिक संकल्प को रेखांकित करता है।

■ वाणिज्य मंत्री आठ-नौ जनवरी को एफटीए वार्ताओं के लिए ब्रुसेल्स में थे

श्री गोयल और शेफकोविच के बीच मंत्रिस्तरीय बैठक से पहले, वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और यूरोपीय आयोग की व्यापार महानिदेशक सबाइन वेयंड के बीच 6-7 जनवरी को उच्च स्तरीय चर्चाएं हुईं विभिन्न मुद्दों पर व्यापार वार्ताओं में हुई प्रगति का जायजा लिया गया।

अधिकारियों ने मतभेदों को कम करने और लंबित मुद्दों पर स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए काम किया, जिससे मंत्रिस्तरीय वार्ता का मार्ग प्रशस्त हुआ। विज्ञप्ति में कहा गया है कि श्री गोयल और शेफकोविच ने प्रस्तावित समझौते के प्रमुख विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। दोनों पक्षों ने वस्तुओं के लिए बाजार में प्रवेश, माल की उत्पत्ति के नियम, सेवाओं आदि सहित विभिन्न वार्ता क्षेत्रों में हुई प्रगति पर गौर किया। दोनों पक्षों ने एक निष्पक्ष, संतुलित और महत्वाकांक्षी समझौते को अंतिम रूप देने के रणनीतिक महत्व पर बल दिया जो उनके साझा मूल्यों, आर्थिक प्राथमिकताओं और नियम-आधारित व्यापार ढांचे के प्रति प्रतिबद्धता के अनुरूप हो।

# अंकिता मामले की सीबीआई जांच छह माह में पूरी हो: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने अंकिता भंडारी हत्याकांड की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की जांच छह माह में पूरी करने और अपराधियों को न्याय प्रक्रिया से दूर रखने की मांग करते हुए कहा है कि जिन लोगों ने रिजॉर्ट पर बुलडोजर चलाकर सबूतों को नष्ट करने का काम किया है, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लाम्बा तथा पार्टी के संचार विभाग में सचिव वैभव वालिया ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि राज्य के मुख्यमंत्री पुष्करसिंह धामी ने शुरु से ही इस मामले में लीपापोती करने का प्रयास किया है। धामी ने जनता के दबाव में विशेष जांच दल-एसआईटी गठित किया, लेकिन इस जांच में जिन वीआईपी के नाम लिए गए उनसे पूछताछ तक नहीं की गई। उनका कहना था कि जिस रिजॉर्ट में यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई वह भाजपा के मंत्री का था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मामले में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई,



■ अपराधियों को न्याय प्रक्रिया से दूर रखने की व सबूत मिटाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए: अलका लाम्बा

जबकि उन्हें इस पर माफी मांगनी चाहिए थी। हत्याकांड की घटना का विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी, भाजपा नेता विनोद आर्या के रिजॉर्ट में नौकरी करती थी। उसकी नौकरी को महीना भी नहीं हुआ था कि उस पर गत वर्ष 18 सितम्बर को वीआईपी मेहमानों को अनैतिक सेवाएं देने का दबाव बनाया गया लेकिन अंकिता ने मना कर दिया। इसके बाद अंकिता की हत्या कर उसका शव नहर में फेंक दिया गया। उन्होंने कहा कि इस मामले में 19 से 22 सितम्बर तक सिर्फ गुमशुदगी की रिपोर्ट ली गई और 23 सितम्बर को स्थानीय भाजपा विधायक रेनू बिष्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर रिजॉर्ट पर बुलडोजर चलवाया गया। इस कारवाई का साफ मकसद रिजॉर्ट से सारे सबूत नष्ट करना था क्योंकि अंकिता रिजॉर्ट में ही रहती थी। फिर 24 सितम्बर को अंकिता का शव नहर से बरामद किया गया तब उसके माता-पिता अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। मामले ने तूल पकड़ा, तो भाजपा नेता विनोद आर्या के बेटे पुलकित आर्या, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता की गिरफ्तारी हुई। इस गिरफ्तारी के बाद जनता सड़कों पर उतरी, तो मुख्यमंत्री ने दबाव में एसआईटी का अक्टूबर 2022 में गठन कर दिया। इस मामले में तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा हुई, लेकिन अंकिता पर दबाव बनाने वाला वीआईपी कौन था इसका अब तक पता नहीं चला। सुश्री लाम्बा ने श्री मोदी से सवाल किया कि यदि वह एक दिन में ही नोटबंदी की घोषणा कर सकते हैं, तो 3 साल से अंकिता को न्याय दिलाने में दिक्कत क्यों हो रही है जबकि अंकिता के पिता भाजपा नेता अजय कुमार और दुष्यंत कुमार का लगातार नाम ले रहे हैं, लेकिन एसआईटी ने उनसे पूछताछ तक नहीं की। उन्होंने रिजॉर्ट पर बुलडोजर चलाने पर भी सवाल उठाए और कहा कि बिना न्यायिक आदेश के स्थानीय भाजपा विधायक ने रिजॉर्ट पर बुलडोजर क्यों चलवाया। एसआईटी की जांच में वीआईपी का नाम क्यों नहीं आया और यदि आरोप गलत था, तो इसका खंडन क्यों नहीं किया गया। उनका कहना था कि इस मामले में भाजपा नेताओं का नाम आने पर सिर्फ निष्कासन ही पर्याप्त नहीं था और यदि मंत्री के बेटे का नाम आया था, तो मोदी माफी मांगनी चाहिए थी। उन्होंने इस मामले में वीआईपी एंगल की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि सबूत नष्ट करने और बुलडोजर चलाने का आदेश देने वालों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। इसके साथ ही महिला कार्य स्थलों पर सुरक्षा कानूनों का सख्ती से अनुपालन होना चाहिए।

# इंस्टाग्राम से पनपे प्यार का अंत करने का किया प्रयास

## पुलिस ने ऑनर किलिंग होने से बचाई, परिजनों ने पुत्री और उसके प्रेमी को किया अधमरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** इंस्टाग्राम जहां युवा पीढ़ी के लिए मनोरंजन का साधन बना हुआ है तो एक तरफ युवा पीढ़ी गलत रास्ते की ओर कदम उठा रहे है। कई मामले ऐसे भी सामने आ चुके है कि इंस्टाग्राम के चलते हुई दोस्ती में किसी ने अपनी दौलत लूटा दी तो किसी की जान चली गई। इतना ही नहीं कुछ युवकों तो धोखबाजी और कुछ को जेल भी जाना पडा। शनिवार को भी एक ऐसा ही मामला बुढ़ाना क्षेत्र में देखने को मिला जहां इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती के बाद युवती से मिलने पहुंचे युवक को ही नहीं बल्कि प्रेमिका को भी अपने ही परिवार से जान बचाने के लाले पड गए। परिजनों ने दोनो को अपहरण कर एक घर में ले जाकर उनकी लाठी-डण्डों से खासी खातिर दी। बेरहमी से पिटाई के बाद जब हालत मर्णासन हो गई तो ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई, हालांकि पुलिस को ऑनर किलिंग की सूचना मिली थी, लेकिन हरकत में आई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनो को जिंदा ही बचा लिया, लेकिन गंभीर चोटे होने के कारण उनको अस्पताल पहुंचाया गया। प्रेमिका के परिजनो से मारखाए युवक ने बताया कि उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम पर हुई और लडकी के बुलाने पर ही वह उसके गांव पहुंचा था। अभी दोनो बात ही कर रहे थे कि उन पर लाठी डण्डे बरसने लगे। जानकारी तो यहां तक मिली है कि यदि पुलिस समय रहते मौके पर न पहुंचती तो शायद ऑर्नर किलिंग होने से कोई नहीं बचा सकता था। घटना उस वक्त हुई जब युवक-युवती आपस में बात कर रहे थे और किसी ने परिजनों को इसकी जानकारी दे दी। पुलिस ने अस्पताल पहुंचाने के बाद युवती के परिजनों के कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है।

फैली खबर के अनुसार प्रेमिका ने शनिवार को दोपहर के बाद अपने प्रेमी को गांव में मिलने के बुला रखा था। तब प्रेमी बाइक पर अपने दो दोस्तों को भी लेकर चला गया। वायदे के मुताबिक प्रेमिका भी गांव में ही किसी निश्चित स्थान पर आ गयी थी। दोनो प्रेमी प्रेमिका प्यार की पींगे बढ़ा रहे थे और उसके दोनों दोस्त पहरा दे रहे थे। तब किसी व्यक्ति ने इस बात की खबर प्रेमिका के परिजनों को दी तो परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों प्रेमी प्रैमिका को पकड़कर अपने घर ले गये जबकि उसके दोस्त बाइक को मौके पर ही छोड भाग जाने में सफल रहे। घर पहुंचते ही प्रेमिका के परिजनों ने अपनी पुत्री और उसके प्रैमी की लाठी डंडों से पिटाई करनी शुरु कर दी। तभी किसी की सूचना पर बुढ़ाना पुलिस फिल्मी स्टाइल में मौके पर पहुंच गयी और दोनों को प्रेमिका के परिजनों के चंगुल से बड़ी मुश्किल से छुड़ाते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में ले गये।

जहां पर डाक्टर ने प्रेमिका को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया। बुढ़ाना पुलिस ने इस मामले में प्रेमिका के परिजनों को भी हिरासत में लिया है। उधर घायल प्रेमी के परिजनों को भी इस घटना का पता लगा तो वे भी हस्पताल में पहुंचे और प्रेमिका के परिजनों पर उसको पुत्र को बहला फुसलाकर घर में बुलाकर हत्या की नीयत से मारपीट करने का आरोप लगाया। उधर प्रेमिका के परि. जनों का कहना है कि उनकी पुत्री को गलत नीयत से दबोचने के चक्कर में प्रेमी और उसके दोस्तों ने उनकी पुत्री की पिटाई की। कुल मिलाकर पुलिस ने सब पहलुओं पर अपनी जांच शुरु कर दी है।

## शिक्षा, स्वास्थ्य में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिएः जसवंत सैनी

**बागपत।** मंत्री ने कहा शिक्षा, स्वास्थ्य में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा शिक्षा के प्रति संबंधित अधिकारी संवेदनशील रहे। शिक्षा से ही जीवन शुरू होता है जिससे एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने कर-करेत्तर व राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा जो वार्षिक लक्ष्य मिला है उसके सापेक्ष कार्य किया जाए राजस्व में जनपद अग्रिम रहना चाहिए। शासन से मिले हुए लक्ष्य के सापेक्ष संबंधित अधिकारी कार्य करें। उन्होंने कहा कि कोर्ट में जो लंबित मामले चल रहे हैं उनका निस्तारण होना चाहिए।

# विधवा के ससुरालियों पर मुकदमा

## विगत दिवस युवक ने विदेश में फांसी लगाकर दी थी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** भोपा पुलिस ने विधवा के ससुराल के लोगों के खिलाफ नवजात को छिनने और हत्या के प्रयास और विरोध करने पर चकू से हमले का मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह तहरीर विधवा के पिता की ओर से भोपा थाने में दी गई थी। उधर विधवा के पति ने विदेश में उस वक्त फांसी लगाकर अपनी जान दे दी थी जब वह अपनी पत्नी से बात कर रहा था, हालांकि मृतक के परिवार के खिलाफ भोपा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है, लेकिन हर रोज लोगो के दिल में यही सवाल उठ रहा है कि युवक ने विदेश में फांसी लगाकर अपनी जान क्यो दी है, जबकि सूत्रों का कहना है कि पत्नी से बात करते-करते युवक ने यह कदम उठाया है।

भोपा थाना कस्बा निवासी दिलशाद ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बेटी सामिया ने अपने जेठ नजर मोहम्मद व सावेज निवासी कस्बा भोकरहेडी के विरुद्ध महिला थाना में व जनसुनवाई प्रकोष्ठ में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। ससुराल पक्ष के लोगों ने इसी से रंजीश रखते हुए शुक्रवार को नजर मौ., शावेज, जावेद और पडौसी फुरकान ने जबरन घर में घुसकर उसकी बेटी सामिया के साथ गाली-गलौच करते हुए छह दिन की नवजात को छिनने का प्रयास किया। हमलावर नवजात को सम्पत्ति की हकदार बता रहे थे। यह भी आरोप है कि जब उसकी पत्नी इसराना, साली सहराना ग्राम गोपाली देवबंद ने मारपीट व बच्चे को छिनने का विरोध किया तो इन्होंने जान से मारने की नीयत से दोनों पर चाकुओं से हमला कर दिया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर दिया है। अब सवाल यह है कि कानून के तहत पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा तो दर्ज कर लिया है और मुकदमा होना भी चाहिए था, लेकिन लोग यह भी सवाल कर रहे है कि आखिर इस हमले के पीछे क्या कारण है रहा? क्या पुलिस को इस पर भी जांच करनी चाहिए? और लोगों में यह भी सवाल है कि युवक ने विदेश में फांसी लगाकर जान क्यो दी थी? शायद पुलिस और गांव के कुछ लोगों का यह भी मानना है कि यदि युवक की मौत के पीछे कोई कारण रहा भी है तो उसकी शिकायत पुलिस से करनी चाहिए थी, लेकिन इस तरह कानून अपने हाथ में लेकर महिला के परिवार पर हमला करना ठीक नहीं है। अब देखना यह है कि पुलिस हमले के मुकदमे में क्या करती है जबकि मृतक के परिजनों में अभी भी अपने बेटे को लेकर तरह-तरह के सवाल उठ रहे है और वह अपना दर्द आखिर किसे सुनाए। फिलहाल युवक के परिजनों ने शिकायत करने के बजाए अब अपने बचाव का काम शुरू कर दिया है।

# माँ की डांट ने छीनी युवक की जिंदगी

## खेत में पेड़ से लटका मिला शव, अंतवाड़ा गांव में पसरा मातम

**परिवार का रो-रोकर बुरा हाल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** अंतवाड़ा गांव में शनिवार सुबह उस समय मातम छा गया, जब एक युवक का शव खेत में पेड़ से लटका मिला। बताया जा रहा है कि युवक मां की डांट से आहत था और इसी मानसिक पीड़ा में उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार, सुबह के समय ग्रामीण खेतों की ओर काम पर जा रहे थे। इसी दौरान गांव निवासी राजकुमार के खेत में खड़े पेड़ पर एक युवक का शव लटका दिखाई दिया। यह दृश्य देखते ही लोगों में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पहचान कराने का प्रयास किया। बाद में मृतक की पहचान निशांत पुत्र पूरन के रूप में हुई, जिसकी पहचान उसके ताऊ मांगे पुत्र ओमप्रकाश ने की। परि. जनों ने पुलिस को बताया कि घर के काम को लेकर निशांत की मां ने उसे डांट दिया था, जिससे वह बेहद आहत हो गया और बिना कुछ कहे घर से निकल गया। बताया गया कि इसके बाद निशांत गांव के ही राजकुमार के खेत में पहुंचा, जहां उसने पेड़ से रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने यह भी बताया कि निशांत के पिता का करीब पांच साल पहले निधन हो चुका था। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की असमय मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं गांव में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है।



मुजफ्फरनगरः सर्दी की ठिठुरन से बचने के लिए हाथ तापते लोग।

# दबंगों का रिक्शा चालक पर हमला, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक ई-रिक्शा चालक को तीन दबंगों ने बिना बात ही मारपीट कर घायल कर दिया। फुगाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार दलित जितेंद्र सिंह पुत्र प्रीतम निवासी गांव फुगाना ने फुगाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि में ई-रिक्शा चलाता हूं।

शनिवार की सायं वह अपनी ई-रिक्शा लेकर फुगाना बस अड्डे पर खडा था कि तभी विकास, जयवीर और सुरेंद्र बस से उतरकर मेरी ई-रिक्शा में बैठ गये और मुझे चलने के लिये कहने लगे। मैंने मना किया तो मुझे जाति सूचक शब्द कहते हुये मेरे साथ मारपीट की। जिससे उसको गुम चोटें आई है।

उधर ई-रिक्शा चालक के साथ तीनों दबंगों के द्वारा की गयी मारपीट का वीडियो किसी शख्स ने अपने मोबाइल से बनाकर जरा सी ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस मामले में जब पुलिस पीडित की तहरीर पर आरोपियों के घरों पर पहुंची तो दबंगों ने फुगाना पुलिस का भी सामना किया। तब पुलिस ने फोन पर अतिरिक्त पुलिस बल मंगाकर तीनों दबंग आरोपियों को बड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि दबंग आरोपियों का गांव में काफी दबदबा है।

उधर पीड़ित ई रिक्शा चालक जितेंद्र ने अपने संग भविष्य में किसी अनहोनी की आशंका जताई है।

# पहचान छिपाकर रूपये ऐठने वाले 3 दबोचे

## अलग-अलग धर्मो के नाम से मिले कई आधार कार्ड, पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली क्षेत्र के न्याजूपुरा से पुलिस ने तीन संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर उनके पास से अलग-अलग धर्मो के बनवाए गए आधार कार्ड बरामद किए है। छह नामों से अधिक आधार कार्ड बनाए गए है। पूछताछ के बाद खुलासा हुआ कि पकडे गए आरोपी शहर के अलग-अलग स्थानों पर भीख मांगते है और वह इस गांव में किराये के मकान पर रहते है। अभी तक कोई बडा खुलासा तो नहीं हो सका? लेकिन अलग-अलग धर्मो से बनवाए गए आधार कार्ड अपने आप में एक बडा सवाल है।

शहर कोतवाली पुलिस ने एक जानकारी के अनुसार तीन संदिग्ध युवको को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अब तक जानकारी से सामने आया है कि युवकों के पास फर्जी आधार कार्ड है और वह हिन्दू और मुस्लिम समुदाय के नाम पर दो-दो आधार कार्ड अपने साथ रखते है। हिन्दू-मुस्लिम के नाम से मिले आधार कार्ड को देखकर पुलिस आश्चार्यचकित रह गई है और ऐसे में पुलिस की गहनता से छानबीन करना लाजमी हो गया है, हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका के उक्त युवकों ने हिन्दू-मुस्लिम के नाम से पहचान पत्र क्यो बनवाए और इसके पीछे क्या कारण है, लेकिन इस तरह से पहचान पत्र मिलना अपना आप में एक बड़ा सवाल है। छानबीन से पता चला है कि उक्त युवक शहर में भीख मांगने का काम करते है और वह शहर से सटे गांव न्याजुपूरा में एक किराये के मकान में रह रहे थे। इन युवकों के संबंध में आस-पास के लोगों को भी कोई जानकारी नही थी, जबकि पुलिस को पता चला था कि उक्त युवक पिछले कुछ समय से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में बस अड्डे और भीड़ वाले स्थानों पर बाजार और कॉलौनियों तथा मौहल्लों में भीख मांग रहे थे। अब तक जांच में कोई शातिर गतिविधियों तो सामने नहीं आई, लेकिन सवाल यही उठता है कि आखिर उन्होने अलग-अलग धर्मो से आधार कार्ड क्यो बनवाए? और इसके पीछे तथा शहर में भीख मांगने और किराये के मकान में रहने के पीछे क्या मकसद है अब एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत के नेतृत्व में पुलिस पकडे गए युवकों की कई बिन्दुओ पर जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस भी इस मामले में कोई जल्दबाजी नहीं दिखाना चाहती। पुलिस का कहना है कि पकडे गए आरोपियों की पूरी कुण्डली खंगालकर ही इनका मकसद सामने आ सकेगा। अब तक की छानबीन में पुलिस का यही कहना है कि अभी पूछताछ चल रही है और किसी बडे खुलासे का भी पुलिस दावा नहीं कर रही है। फिलहाल पकडे गए संदिग्ध युवकों से हर पहलू पर पूछताछ की जा रही है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि पकडे गए आरोपियों के नाम खालिद पुत्र फिका निवासी चंदहेडी थाना छपरौली बागपत, सद्दाम पुत्र अय्यूब व तालीब पुत्र सत्तार निवासी आर्यपूरी थाना कैराना है। पुलिस का कहना है कि यह लोग हिन्दू बस्ती में रहकर हिन्दू कार्ड दिखाकर वहां के लोगों को मजबूरी बताकर रूपये एठने का काम करते थे और मुस्लिम बस्ती में भी मुस्लिम कार्ड दिखाकर अपनी मजबूरी बताकर रूपये एठते थे।

# लेखपाल पर रिश्वत का आरोप, पलायन को मजबूर परिवार

**भोकरहेड़ी मे पीड़ित परिवारों ने अपने मकान पर लिखवाया मकान बिकाऊ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शासन के कडे और सख्त आदेश के बाद भी रिश्वत खोरी का खेल रोके नहीं रूक रहा है आए दिन रिश्वत खोरी के मामले पुलिस अधिकारियों के दरबार में देखने को मिल रहे है, हालांकि अधिकारी भी आरोपी कर्मचारी व आम लोगों के खिलाफ कार्यवाही कर रहे है, लेकिन इसके बावजूद भी भ्रष्टाचारी खत्म नहीं हो रही। कानूनगो के मामले तो आए दिन सुनने को मिल रहे है ताजा मामला भोपा क्षेत्र का है जहां कानूनगो की तानाशाही से त्रस्त पीड़ित परिवार ने अपने मकान पर मकान बिकाऊ भी लिखवा दिया है। आरोप है कि कृषि भूमि को आरोपियों से मुक्त कराने के





नाम पर पीड़ित परिवार ने लगातार चक्कर काटे और उन्हे एक ओर कठिनाई का सामना उस वक्त करना पडा जब कब्जा मुक्त कराने के नाम पर कानूनगों ने पीडित से रिश्वत मांगी।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी निवासी राजेश व भीष्म पाल ने बताया की क्षेत्र के गांव सीकरी के मजरे योगेंद्रनगर मे उनकी लगभग 16 बीघा कृषि भूमि है। जिस पर कुछ व्यक्तियों ने अवैध कब्जा कर लिया है। जैसे ही वह अपने खेत पर जाते हैं। तभी आरोपी उनपर हमलावर हो जाते हैं। भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए वह काफी समय से जानसठ तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं।

हाल मे एसडीएम ने हलका लेखपाल को जांच के आदेश दिए। राजेश व भीष्मपाल का आरोप है कि लेखपाल उनसे भूमि मुक्त कराने के नाम पर मोटी रकम मांग रहा है।

पीड़ित परिवार ने अपनी परेशानी भी बताई, लेकिन रिश्वत मांगने का खेल खत्म नहीं हुआ, और कानूनगो की इस हरकत से आजीज पीड़ित परिवार ने अपने मकान पर मकान बिकाऊ लिखवा दिया है यू कहा जाए कि एक परिवार गांव छोडने को मजबूर है।

# जय समता पार्टी का 38 दिन बाद भी धरना जारी

**कड़ाके की ठंड में धरने पर बैठने को मजबूर हैं लोग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कडाके की ठंड अपने पूरे यौवन पर है और लोग ठंड से बचने के लिए जहां अलाव जला रहे है तो वहीं समय से पहले अपने घर जाने पर मजबूर है, लेकिन इस कडाके की ठंड में भी जय समता पार्टी का धरना आज 38 दिन बाद भी जारी है। धरने पर बैठे लोगों का एक ही सवाल है कि आखिर उन्हे न्याय क्यो नहीं मिल रहा है? जबकि वह अधिकारियों को हर उत्पीडन की तहरीर के साथ सबूत भी दे रहे है, लेकिन इसके बाद भी उनकी कोई शिकायत सुनी नहीं जा रही। जय समता पार्टी ने डिप्टी जेलर पर मोटी रकम मांगने व मारपीट जैसे गंभीर आरोप लगाए थे इसकी शिकायत जय समता पार्टी के पदाधिकारियों ने मंत्री कपिल देव को एक शिकायती पत्र देकर की थी, हालंकि प्रशासनिक अधिकारी और जेलर उनकी मांग करने पूरी करने का आश्वासन देकर धरना समाप्त करने के लिए कई बार धरने पर जा चुके है, लेकिन जय समता पार्टी अपनी इसी मांग पर अडी है कि डिप्टी जेलर को सस्पेंड किया जाए और उनकी जांच की जाए। धरने पर बैठे लोगों ने उच्च अधिकारियों को भी पत्र लिखकर पूर्ण मामले से अवगत कराते हुए कार्यवाही की मांग की है।



मुजफ्फरनगरः मंसूरपुर थाने में थाना दिवस पर शिकायते सुनते जिलाधिकारी व एसएसपी।

# डीएम-एसएसपी ने सुनी जन समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शनिवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने थाना मंसूरपुर पहुंचकर समाधान दिवस के आयोजन में आई शिकायतों को सुना। उन्होने जन समस्याओं को सुनकर अधिनस्थ अधिकारी और संबंधित कर्मचारी को मौके पर पहुंचकर निस्तारण करने के आदेश दिए।

एसएसपी ने कहा कि गंभीर मामले को मौके पर ही जाकर निष्पक्ष जांच करे और समय से उनका निस्तारण करे। समाधान दिवस में दोनो अधिकारियों ने संयुक्त रूप से बोलते हुए कहा कि महिला अपराध संबंधी शिकायतों को भी गंभीरता से ले और इनका निस्तारण कराए। इस दौरान उन्होने साइबर अपराध और साइबर ठगी के संबंध में भी थाने पहुंचे लोगों को जागरूक करते हुए उन्हे बचाव की जानकारी दी। इस दौरान जिलाधिकारी और एसएसपी ने जनपद में बढ़ती दुर्घटनाओं से अवगत करते हुए सड़क दुर्घटना और सड़क सुरक्षा में होने वाली जनहानि को कम करने के लिए कहा कि नो हेलमेट-नो हाईवे अभियान चलाया गया है। हाईवे पर बिना हेलमेट के कोई भी यात्रा नहीं करेगा। इस दौरान सीओ खतौली रामाशीष यादव, थाना मंसूरपुर प्रभारी आंनद देव मिश्रा और अधिकारी मौजूद रहे।

दुर्घटनाएं के मद्देनजर एसएसपी ने लोगों को समझाते हुए एक ही बात कही कि वह सफर करते समय यह भी ध्यान रखे कि घर पर भी कोई उनका इंतजार कर रहा है।

# स्टूडेंट्स के हितों के लिए 26 जनवरी को स्पेशल कार्यक्रम करेगा आर्यवास एजुकेशन



## 50 से अधिक कॉलेजों की रहेगी भागीदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर में आज आर्यवास एजुकेशन द्वारा छात्रों के करियर और उच्च शिक्षा से जुड़े अवसरों को एक मंच मलब्ध कराने के उद्देश्य से 'आर्यावास इंटरनेशनल एजुकेशन फेयर 2026' का बन 26 जनवरी 2026 (सोमवार) को प्रातः 11 बजे से सायं 6 बजे तक होटल भोपा रोड, नाथ फा़र्म के पास, मुजफ्फरनगर में किया जा रहा है।

इस संबंध में आर्यावास एजुकेशन द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए एर-सीईओ आर्यन राज कौशिक ने बताया कि यह एजुकेशन फेयर छात्रों के लिए क्षेत्र में एक बड़ा अवसर होगा। इस मेले में भारत एवं विदेशों की 50 से अधिक-कॉलेजों एवं यूनिवर्सिटीज की भागीदारी रहेगी, जहाँ छात्र उच्च शिक्षा, करियर जग एवं एडमिशन से संबंधित सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मेले में लकी ड्रॉ के माध्यम से 100 टैबलेट एवं 15 ई-बाइक्स का वितरण एगा। इसके साथ ही, कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्रों के लिए निःशुल्क की व्यवस्था भी की गई है। आर्यव्स एजुकेशन ने मुजफ्फरनगर एवं आसपास के जनपदों के छात्रों से अपील की है शिक्षा मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचे। आर्यवास एजुकेशन सभी छात्रों विष्य की कामना करता है।



## पथ प्रकाश व्यवस्था में बड़ी सौगात:
# एटूजेड ग्रीन स्टेट में हाईमास्ट लाइट का शुभारंभ



लम्बे अरसे के बाद उद्घाटन में दिखे पूर्व मंत्री डा.संजीव बालियान

**मुजफ्फरनगर।** जनता के हितों को देखते हुए शहरी सुविधाओं को सुदृढ़ करने और रोड सेफ्टी को बेहतर बनाने की दिशा में चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद लगातार कदम बढ़ा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को एटूजेड ग्रीन स्टेट कॉलोनी के मुख्य द्वार पर हाईमास्ट लाइट का शुभारंभ किया गया, जिससे न सिर्फ क्षेत्र में रोशनी की नई किरणें पहुंचीं, बल्कि स्थानीय निवासियों को सुरक्षित और आसान आवागमन की नई सुविधा भी मिली।

शनिवार को नगर पालिका परिषद द्वारा एटूजेड ग्रीन स्टेट कॉलोनी के मुख्य द्वार पर स्थापित हाईमास्ट लाइट का उद्घाटन नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान के साथ संयुक्त रूप से किया। विधिवत पूजा-अर्चना के बाद बटन दबाकर हाईमास्ट लाइट को रोशन कर क्षेत्रवासियों को समर्पित किया गया। इस अत्याधुनिक हाईमास्ट लाइट के शुरू होने से कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों में रात के समय बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित होगी। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, लंबे समय से यहां पथ प्रकाश की समस्या बनी हुई थी, जिसके समाधान से अब सुरक्षा में बढ़ोतरी और आवागमन में आसानी होगी।

उद्घाटन के दौरान एटूजेड कॉलोनी और आसपास के निवासियों ने नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप का गर्मजोशी से स्वागत किया और विकास की इस सौगात के लिए आभार व्यक्त किया। लोगों ने बताया कि क्षेत्र में बढ़ती आबादी के बीच प्रकाश व्यवस्था अत्यंत आवश्यक थी, जिसका समाधान अब मिल गया है।

कार्यक्रम में मीनाक्षी स्वरूप ने स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित किया, उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। उन्होंने क्षेत्र का भ्रमण भी किया और वहां विकास की संभावनाओं को परखा। पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने भरोसा दिलाया कि नगर का समग्र विकास और जनसुविधाओं का सुख्रढ़ीकरण उनकी प्राथमिकता है तथा नगर पालिका इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि शहर के प्रमुख मार्गों पर पथ प्रकाश की समस्या को देखते हुए रोड सेफ्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। नगर के डिवाइडरों को पेंट कराकर सौंदर्यकरण कराया गया है और 4100 रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं, ताकि रात के समय वाहनों को सुरक्षित मार्गदर्शन मिल सके। नगर के सभी प्रमुख डिवाइडरों पर दो दिनों में रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

नगरपालिका अध्यक्ष ने बताया कि शहर के चार महत्वपूर्ण स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर हाईमास्ट लाइट लगवाई जा रही हैं। इनमें एटूजेड ग्रीन स्टेट कॉलोनी, सुरेंद्र नगर (जानसठ रोड), नई मंडी स्थित चांदबली चाट कॉर्नर के पास और वहलना चौक शामिल हैं। इनमें से तीन स्थानों पर लाइट चालू कर दी गई है, जबकि वहलना चौक पर फाउंडेशन तैयार कर दिया गया है। शहर के अन्य प्रमुख स्थलों पर भी लाइटिंग और सौंदर्यकरण का कार्य चल रहा है। मालवीय चौक पर महामना मालवीय स्मारक पर लाइटिंग की गई है और महावीर चौक पर आधुनिक लाइटिंग रैलिंग लगाने का कार्य प्रगति पर है। स्थानीय निवासियों ने आशा व्यक्त की कि नगरपालिका के इन प्रयासों से शहर की छवि निखरेगी और रात में सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था बेहतर होगी।

# सोलर प्लेट चोरी का खुलासा, चार शातिर चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** थाना मीरापुर क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर में ट्यूबवेल से हुई सरकारी सोलर प्लेट चोरी की घटना का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।

यह चोरी 28 दिसंबर 2025 की रात को हुई थी, जब अज्ञात चोरों ने गांव निवासी सुखवीर पुत्र फत्तू के टड्यूबवेल पर लगी सरकारी योजना के अंतर्गत स्थापित 9 सोलर प्लेटें चोरी कर ली थीं। सुबह जब सुखवीर टड्यूबवेल पर पहुंचे तो घटना का पता चला। पीड़ित ने काफी तलाश के बाद थाना मीरापुर में अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था, जिसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम गठित कर जांच शुरू की।

थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान दिनांक 10 जनवरी 2026 को थाना मीरापुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके आधार पर कुतुबपुर-सौजनी मार्ग पर गन्ने के खेत के पास चेकिंग के दौरान चार अभियुक्तों को मय चोरी की गई 9 सोलर प्लेटों के गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में राजा पुत्र मदनपाल निवासी ग्राम मवई खुर्द थाना बालेनी बागपत, रमन दीप पुत्र यशपाल सिंह निवासी ग्राम कुतुबपुर थाना मीरापुर, मोनू पुत्र मंसा राम निवासी ग्राम मीरपुर थाना बहसुमा जिला मेरठ तथा कपिल पुत्र जय भगवान निवासी ग्राम दान्दूपुर थाना फलावदा जिला मेरठ शामिल हैं।

गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त राजा के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ। पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए सभी को न्यायालय में पेश कर दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है और पुलिस की सक्रियता की सराहना की है।

# बघरा को मिला ऐतिहासिक उपहार, वर्षों पुरानी शौचालय की मांग हुई पूरी



**मुजफ्फरनगर।** कस्बा बघरा के लिए आज यह एक ऐतिहासिक क्षण रहा, जब वर्षों से चली आ रही शौचालय की मांग आखिरकार पूरी हुई। ब्लॉक प्रमुख गौरव चौधरी ने कस्बावासियों एवं क्षेत्रवासियों की इस बड़ी समस्या को गंभीरता से लेते हुए सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन कर एक सराहनीय पहल की। देश की आज़ादी के बाद से ही कस्बा बघरा में सार्वजनिक शौचालय का अभाव था, जिसके कारण विशेष रूप से महिलाओं को शौच के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

इस मूलभूत समस्या को देखते हुए ब्लॉक प्रमुख गौरव चौधरी ने त्वरित निर्णय लेते हुए इस मांग को पूरा कराया, जिससे क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

उद्घाटन समारोह के अवसर पर ब्लॉक बघरा के ग्राम प्रधानगण, सम्मानित क्षेत्रवासी एवं कस्बावासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने इस जनहितकारी कार्य के लिए ब्लॉक प्रमुख गौरव चौधरी का आभार व्यक्त किया और इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। बघरा मंडल अध्यक्ष रोबिन कश्यप, हरसोली मंडल अध्यक्ष अमित चौधरी, पिन्ना प्रधान रामु चौधरी, बघरा प्रधान प्रवीण सैनी, सदपुरा प्रधान नीरज कश्यप, अलीपुर कल प्रधान अरुण चौधरी, सहोंजनी जाटान प्रधान विपिन चौधरी व सम्मानित क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# ठंड व कोहरे में हादसे रोकने को खतौली पुलिस का सख्त अभियान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के चलते बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम कसने के लिए खतौली पुलिस एसएसपी संजय वर्मा के आदेश पर सख्त कदम उठाते हुए ह्नो हेलमेट, नो पेट्रोल, नो हाईवेह्न अभियान शुरू कर दिया है। शनिवार रात पुलिस ने भैंसी कट, हाईवे और जीटी रोड पर व्यापक चेकिंग अभियान चलाया।

इस अभियान का नेतृत्व सीओ राम आशीष यादव एवं कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद्र बघेल के निर्देशन में किया गया। दोनों अधिकारी स्वयं मौके पर मौजूद रहे और बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे चालकों को रोककर न केवल यातायात नियमों की जानकारी दी, बल्कि उन्हें हाईवे से वापस लौटा दिया गया। सीओ राम आशीष यादव ने बताया कि ठंड व कोहरे के कारण ख्रश्यता बेहद कम हो जाती है, ऐसे में हेलमेट न पहनना जानलेवा साबित हो सकता है। अभियान के दौरान हेलमेट पहनकर चलने वाले वाहन चालकों को नियंत्रित गति और सुरक्षित ड्राइविंग के निर्देश दिए गए। पुलिस ने स्थानीय पेट्रोल पंप संचालकों को भी सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल या डीजल न दिया जाए। आदेशों की अनदेखी करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।कोतवाली प्रभारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आदेशों के बावजूद बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर 25 हजार रुपये तक का चालान किया जा सकता है। पुलिस ने साफ किया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।सीओ ने कहा कि सड़क हादसों को रोकना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

## बलीपुर में खनन करते पकड़े गए वाहन



**मीरापुर।** थाना क्षेत्र में अवैध खनन पर प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 10 जनवरी को मिली गोपनीय सूचना के आधार पर प्रशासनिक अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम बलीपुर में चल रहे अवैध खनन पर छापा मारकर दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर लिया। यह कार्रवाई कानूनगो संजीव कुमार एवं लेखपाल ओमवीर सिंह के नेतृत्व में की गई। मीरापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुछ समय से अवैध खनन की गतिविधियां सामने आ रही थीं। इससे पहले भी सेंचुरी क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना पर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए दो ट्रॉलियों को जब्त किया गया था। इसके बावजूद खनन माफिया अपनी गतिविधियों से बाज नहीं आ रहे थे। प्रशासन को जैसे ही ग्राम बलीपुर में अवैध खनन की सूचना प्राप्त हुई, मौके पर पहुंचकर अधिकारियों ने खनन में लगे वाहनों को पकड़ लिया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई उच्च अधिकारियों के निर्देश पर की गई है और क्षेत्र में अवैध खनन पर पूर्ण प्रतिबंध है। किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है और आमजन ने प्रशासन की पहल का स्वागत किया है।

# रेलवे स्टेशन के पास युवक से मोबाइल लूट

**खतौली।** शुक्रवार देर रात रेलवे स्टेशन के समीप बदमाशों ने एक युवक से मारपीट कर कीमती मोबाइल फोन लूट लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सीओ ने घटना के शीघ्र खुलासे के निर्देश दिए हैं।

शेखपुरा गांव निवासी विशाल पुत्र यशपाल कस्बे में कार साज-सज्जा ढ्ढकार सीरीज लगानेञ्ञ की दुकान पर काम करता है। शुक्रवार रात काम समाप्त करने के बाद वह अपने दो साथियों के साथ रेलवे स्टेशन के रास्ते पैदल अपने गांव लौट रहा था। जब तीनों स्टेशन के पास पहुंचे, तभी आधा दर्जन अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने गाली-गलौच करते हुए तीनों युवकों के साथ मारपीट की और विशाल से करीब 34 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित अपने साथियों के साथ शनिवार को कोतवाली पहुंचा और सीओ राम आशीष यादव को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

तहरीर के आधार पर सीओ ने कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल और क्राइम ब्रांच टीम को मामले के जल्द खुलासे के निर्देश दिए हैं। वहीं, कोतवाल ने पीड़ित को उचित कार्रवाई का आ्रवासन दिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

# थाना समाधान दिवस में आई कुल 5 शिकायतें



**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ। यहां बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के आधा दर्जन लोग अपनी अपनी समस्याओं को लेकर आए। जिनमें कुल 5 शिकायतें ही आई। इनमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही समाधान करा दिया गया। प्राप्त शिकायतों में अधिकतर राजस्व विभाग से संबंधित थी। इनमें भूमि विवाद, रास्तों के विवाद, अवैध कब्जे और पारिवारिक मामलों से जुड़े मामले शामिल थे। शेष 2 शिकायतों के लिए संबंधित अधिकारियों को जांच कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रभारी सुभाष अत्री ने कहा कि समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करना होता है ताकि लोगों को थानों के चक्कर न काटने पड़ें। शिकायतों के निस्तारण में समयबद्ध, निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाए रखने और शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता तथा तत्परता दिखाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने लोगो से भी आग्रह किया कि वे समाधान दिवस का अधिक से अधिक लाभ उठाएं ताकि उनकी शिकायतों का त्वरित व प्रभावी समाधान हो सके। इस दौरान अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सैंकड़ों पात्र ग्रामीणों को बांटे गए गर्म कम्बल



**बुढ़ाना।** तहसील बुढ़ाना के सभागार में शनिवार के दिन कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कडाके की ठंड से बचाने के लिए पात्र ग्रामीणों को कंबल बांटे गए। तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी अपूर्वा यादव के नेतृत्व में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रमुख समाजसेवी और भीम आर्मी के जिला संगठन मंत्री हाजी नसीम अंसारी और नीरज वर्मा के द्वारा उपलब्ध करवाए गए सैंकडों गरम कंबलों का वितरण किया गया। तहसीलदार ने बताया कि कडाके की ठंड से बचाने के लिए लगातार रैन बसेरों की व्यवस्था देखी जा रही है। सर्दी से बचाव के लिए विभिन्न स्थान, तिराहा व चौराहे पर अलाव की व्यवस्था की गई है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

दूसरी ओर भीम आर्मी के जिला संगठन मंत्री हाजी नसीम अंसारी ने बीते दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव हबीबपुर सीकरी, गांव हुसैनपुर कला, गांव मदीनपुर खिज्जरपुर और गांव रायपुर अटेरना में भी अपने दर्जनों समर्थकों के साथ बड़ा टैम्पू ले जाकर डोर टू डोर गरीब लोगों को गर्म कंबल बांटे और गरीबों की दुआएं ली। हाजी नसीम अंसारी ने बताया कि वे अपनी जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र के सभी गांवों में गर्म कंबलों का वितरण करेंगे। उनका मकसद शुरु से ही गरीबों बेवाओं की सेवा करने का रहा है।

# प्रयागराज का किसान महाकुंभ होगा ऐतिहासिक: चौधरी नवीन राठी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** खंड विकास कार्यालय के प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष मोनू प्रधान के नेतृत्व में एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता यूनियन के जिला अध्यक्ष चौधरी नवीन राठी एवं संचालन कय्यूम अंसारी द्वारा किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष चौधरी नवीन राठी ने कहा कि आने वाली 15,16,17 जनवरी में प्रयागराज में हर साल की तरह किसान कुंभ होने जा रहा है।

जिसमे शाम पांच बजे नौचंदी से भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा पूरी तैयारी के साथ चने की अपील की और कस्बे में होने वाली 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस)की तिरंगा यात्रा को 500 ट्रेक्टर के काफिले के साथ भव्य आयोजन को अनुशासन के साथ सफल बनाए उन्होंने बताया कि कस्बे में होने वाली भव्य तिरंगा यात्रा में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकेत भी शामिल रहेंगे तिरंगा यात्रा रोडवेज बस अढे से सूली वाला बाग तक आयोजित की जाएगी।

ब्लॉक अध्यक्ष मोनू प्रधान ने बताया की फलोदा कट से चो राकेश टिकैत को फूल मालाओं से जोरदार स्वागत करते हुए लंबे काफिले के साथ बस अढे तक लाया जाएगा उन्होंने सभी भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को 26 जनवरी के दिन होने वाली तिरंगा यात्रा में शामिल होने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत के चेयरमैन जहीर फारूकी एडवोकेट, जिला अध्यक्ष चौधरी नवीन राठी, ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी मोनू प्रधान, विवेक प्रधान, मनीष प्रधान, हरिओम, संजय त्यागी, प्रताप प्रधान ,बूटा सिंह, शशि गुर्जर, कय्यूम अंसारी, अफसर अली, अंशु देशवाल, अशोक, अमजद अली, अमित कुमार, ओमपाल त्यागी, तोसीन प्रधान आदि सैकड़ों किसान व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एफएमसीएसएल बनेगी गरीबों और बेरोजगारों की सहारा




**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गरीब एवं बेरोजगार वर्ग को रोजगार उपलब्ध कराने और आम उपभोक्ताओं को किफायती दरों पर आवश्यक वस्तुएं देने के उद्देश्य से एफएमसीएसएल ऑफ इंडिया देशभर में मल्टीपरपज स्टोर स्थापित करने जा रही है। योजना के प्रथम चरण में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को प्राथमिकता दी गई है। इसके तहत खतौली कस्बे व ग्रामीण क्षेत्रों में भी मल्टीपरपज स्टोर खोले जाएंगे, साथ ही भविष्य में पेट्रोल पंप और गैस एजेंसियां खोलने की भी तैयारी है।

शनिवार को किसान उपभोक्ता बहु राज्य सहकारी समिति लिमिटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तराखंड के पूर्व राज्य मंत्री रामकुमार बलिया ने सुनील वर्मा के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में इस महत्वाकांक्षी योजना की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि एफएमसीएसएल के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर मल्टीपरपज स्टोर खोले जाएंगे, जहां उपभोक्ताओं को रोजमर्रा की जरूरत का सामान एक ही छत के नीचे सस्ते दामों पर उपलब्ध कराया जाएगा। इससे न केवल क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि बेरोजगार युवाओं को भी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकुमार बलिया ने बताया कि किसान उपभोक्ता बहु राज्य सहकारी समिति लिमिटेड का पंजीकरण बहु राज्य सहकारी समिति अधिनियम 2002 के अंतर्गत भारत सरकार के केंद्रीय रजिस्ट्रार, सहकारिता विभाग द्वारा किया गया है। समिति का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं और गरीब वर्ग को गुणवत्तापूर्ण वस्तुएं किफायती दरों पर उपलब्ध कराना है। मल्टीपरपज स्टोरों पर जूते-चप्पल, आटा, दाल, चावल, खाद्य सामग्री, वस्त्र, किसानों की मशीनरी, खाद, कीटनाशक, पेट्रोलियम उत्पाद, जैविक सामग्री तथा अन्य घरेलू उपयोग का सामान उपलब्ध होगा। इसके साथ ही भंडारण व्यवस्था एवं अन्य सहकारी गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण किसानों और उपभोक्ताओं के हितों को मजबूत किया जाएगा।

रामकुमार बलिया ने बताया कि वर्ष 2026 के अंत तक देशभर में कम से कम 5000 डेलिगेट/सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जल्द ही खतौली नगर एवं देहात क्षेत्र में मल्टीपरपज स्टोर खोलकर युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा। यह योजना उपभोक्ताओं को राहत देने के साथ-साथ बेरोजगारी कम करने की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित होगी।

# सभी बीएलओं को एसडीएम ने दिया प्रशिक्षण

**बुढ़ाना।** मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार के दिन बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित बार एसोसिएशन बुढ़ाना के सभागार में एसडीएम बुढ़ाना श्रीमति अपूर्वा यादव के द्वारा सभी बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। प्रघ्शिक्षण के दौरान एसडीएम ने बीएलओ को विघभिन्न निर्देश दिए। तहसील सभागार में शनिवार को क्षेत्र के सभी बीएलओ एकत्र हुए। उप जिलाधिकारी अपूर्वा यादव तथा बुढ़ाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव ने सभी बीएलओ को प्रघ्घशिक्षण दिया। एसडीएम ने बीएलओ को बूथ स्तर पर सत्यापन कार्य गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल किए जाएं और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदान से वंचित न रहे। प्रशिक्षण के दौरान एसडीएम ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। इसमें ई-मित्र केंद्र, एप्लिकेशन आधारित कार्य और आवश्यक दस्तावेजों की जांच संबंधी दिशा निर्देश भी शामिल थे। उन्होंने विशेष रूप से 18 वर्ष से अधिक आयु के नए पात्रों के नाम प्राथमिकता से जोड़ने पर जोर दिया और साथ ही मृतक और स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधाएं सुनिश्चित करने के जरुरी निर्देश भी दिए गए।



## कड़ाके की ठंड में अलाव बेहाल

**खतौली।** कड़ाके की ठंड ने खतौली तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। गांवों में अलाव की समुचित व्यवस्था न होने से गरीब, बुजुर्ग, मजदूर और छोटे बच्चे सबसे अधिक परेशान हैं। ठंडी रातें ग्रामीणों के लिए किसी बड़ी परीक्षा से कम नहीं साबित हो रही हैं।

जहां शहरी क्षेत्रों में नगर पालिका द्वारा चौक-चौराहों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाकर लोगों को राहत दी जा रही है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र इस मूलभूत सुविधा से वंचित नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष ठंड के मौसम में गांवों में अलाव जलाने की परंपरा रही है, लेकिन इस बार अधिकांश गांवों में एक भी अलाव नहीं जलाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि पहले लोग सूखी लकड़ियों और गोबर के उपलों से घरों के बाहर या सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाकर ठंड से बचाव कर लेते थे। समय के साथ गांवों में गैस चूल्हों का चलन बढ़ा और पारंपरिक जलावन लगभग समाप्त हो गया। अब न तो लकड़ी आसानी से मिलती है और न ही उपले, जिससे ठंड से निपटना और कठिन हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार, धूप निकलने तक किसी तरह राहत मिलती है, लेकिन जैसे ही शाम ढलती है, ठंड फिर सताने लगती है। मजबूरी में कई लोग खुद ही लकड़ी या कंडे जलाकर अलाव की व्यवस्था करते हैं, लेकिन यह न तो नियमित होती है और न ही सभी के लिए पर्याप्त।

ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि सरकार द्वारा हर साल कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए ब्लॉक स्तर पर अलाव हेतु बजट जारी किया जाता है, फिर भी गांवों में अलाव क्यों नहीं जलाए जा रहे? लोगों ने अलाव व्यवस्था में घोटाले की आशंका जताते हुए इसकी जांच की मांग की है।ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि गांवों के चौक, चौबारे, बस अढों और सार्वजनिक स्थलों पर नियमित रूप से अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि ठंड से राहत मिल सके।कुछ गांवों में पूर्व से चिन्हित स्थानों पर अलाव जलाने की परंपरा रही है। मंसूरपुर, बोपाड़ा और बेगराजपुर जैसे गांवों में आज भी इन्हीं निर्धारित स्थानों पर अलाव जलाए जाते हैं, लेकिन प्रति गांव अलाव की संख्या को लेकर कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं हैं।

# मस्जिद की दीवार पर पोस्टर लगाने का वायरल वीडियो बना आक्रोश की वजह

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव सेठेड़ी में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब सोशल मीडिया पर मस्जिद के मुख्य गेट पर हनुमान चालीसा का पोस्टर लगाए जाने का एक वीडियो तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में एक युवक मस्जिद के गेट पर पोस्टर चस्पा करता नजर आ रहा है, जबकि दूसरा युवक पूरे घटनाक्रम को रिकॉर्ड करते हुए कथित तौर पर इसे गांव का माहौल बिगाड़ने वाला कृत्य बताते हुए कार्रवाई की मांग करता दिखाई देता है।

वीडियो के वायरल होते ही गांव में आक्रोश फैल गया और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। सूचना मिलते ही रतनपुरी पुलिस और खुफिया विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने मस्जिद परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया, लेकिन गेट या दीवार पर किसी भी तरह का पोस्टर मौजूद नहीं मिला। मुस्लिम समाज के कुछ लोगों का कहना है कि यह घटना तीन से चार दिन पुरानी हो सकती है। आरोप है कि युवक ने पहले पोस्टर लगाया, वीडियो बनाया और बाद में पोस्टर हटाकर अपने साथ ले गया।

इस दावे के बाद समुदाय में नारा. जगी और चिंता का माहौल देखा गया। वहीं पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में वीडियो के एआई सॉफ्टवेयर से तैयार या एडिट किए जाने की आशंका सामने आ रही है। पुलिस के अनुसार वीडियो एक इंस्टाग्राम आईडी से वायरल हुआ है, जिसका नाम गौरव चौहान बताया जा रहा है। जानकारी यह भी सामने आई है कि यह वीडियो 23 दिसंबर को रिकॉर्ड किया गया था। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, हालांकि वीडियो वायरल करने वाले युवक और कथित तौर पर पोस्टर लगाने वाले व्यक्ति की पहचान की जा रही है। एहतियातन गांव में पुलिस सतर्कता बढ़ा दी गई है।



सूत्रों के अनुसार इस वीडियो को राजस्थान की एक हालिया घटना से भी जोड़कर देखा जा रहा है, जहां कथित तौर पर एक मंदिर पर आपत्तिजनक पोस्टर लगाए जाने का मामला सामने आया था। आशंका जताई जा रही है कि उसी घटना के कथित प्रतिशोध में यह वीडियो बनाया गया हो सकता है। पुलिस दोनों मामलों के बीच किसी संभावित संबंध की भी जांच कर रही है। घटना के बाद से गांव में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है और पुलिस पूरे मामले को संदिग्ध मानते हुए हर पहलू से जांच में जुटी है।

# रसूलपुर दभेडी के मुख्य मार्ग पर भरा पानी

## ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के विरुद्ध किया प्रदर्शन



**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र बुढ़ाना के गांवध रसूलपुर दभेडी का मुख्य मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। गंदा पानी इस मार्ग पर लगातार भरा रहने से आने जाने वाले ग्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यहां से समय समय पर जन प्रति. निधि और अधिकारी भी गुजरते हैं लेकिन किसी का ध्यान इस ओर नहीं जाता। इस मार्ग पर दो राशन डीलर भी हैं। जिनके पास राशन लेने जाने के लिए सैंकड़ों ग्रामीणों कोध इसी गंदे क्षतिग्रस्त मार्ग से ही गुजरना पड़ता है। पुलिस भी अगर किसी झगड़े की सूचना, किसी घटना या फिर किसी के समन लेकर आती है तो वह भी इस रास्ते को देखकर परेशानध हो जाती है। इस मार्ग का बुरा हाल तो तब और भी हो जाता है जब लाइट आती है। लोगों के घरों का गंदा पानी कुछ ही घंटों में इस मार्ग पर भरा जाता है। जो आने जाने वाले लोगों की परेशानी का सबब बनता है। यहां के प्रधान ने कोई भी विकास गांव में नहीं कियाध। सरकारी पैसा किस योजना के मध्य लगाया यह जांच का विषय है।

सांसद, प्रमुख या विधायक को ध्यान भी इस गांव की और नही है। स्कूल जाने वाले बच्चे इस मार्ग से मन मसोसकर गुजरते हें तो कुछ बच्चे घर जाकर अपने परिजनों से लड़ते हैं। बहुत से बच्चों के तो कपड़े भी खराब हो जाते हैं और यही हाल मस्जिद में जाकर नमाज पढ़ने वालों का होता है। शनिवार के दिनध इस क्षतिग्रस्त मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के खिलाफ भड़कते हुए प्रदर्शन किया और कहा कि अगर इसी तरह के हालात रहे तो वे एकजुटता का परिचय देते हुए तहसील परिसर का घेराव करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## संक्षिप्त समाचार

# विकास राठी सिखाएंगे अण्डर-14 राज्य टीम को गेंदबाजी



**मुजफ्फरनगर।** युवा प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे विकास राठी को उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ ने अंडर-14 राज्य टीम का गेंदबाजी प्रशिक्षक बनाकर सम्मानित किया है। यह नियुक्ति राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी से ठीक पहले की गई है, जिसमें पिछली बार की विजेता उत्तर प्रदेश की टीम भाग लेगी। यह प्रतियोगिता मध्य प्रदेश में आयोजित की जाएगी और इसमें सेंट्रल जोन के अन्य राज्यों उत्तराखंड, राजस्थान, विदर्भ, छत्तीसगढ़ और बिहार की टीमें भी शिरकत करेंगी। निदेशक मनोज पुंडीर नें बताया कि विकास राठी न केवल मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त सचिव हैं, बल्कि वे पहले अंडर-19 प्रदेश टीम के लिए खेल चुके हैं और पिछले उत्तर प्रदेश टीम के मैनेजर भी रह चुके हैं। उनके पास युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने का व्यापक अनुभव है और उनकी इस नियुक्ति को क्रिकेट प्रेमियों ने सराहा है। मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक मनोज पुंडीर, चेयरमैन भीम कंसल, अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, उपाध्यक्ष अरविंद भारद्वाज, कुशल पाल सिंह, योगेंद्र मलिक, इन्दर माथुर, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा, ओमदेव सिंह, रोहित, सीए अजय जैन, रोहन त्यागी, शिरीष वर्मा, संजय चौधरी, डॉ. हेमंत, अरशद सहित अन्य सदस्यों ने उन्हें इस नई भूमिका पर शुभकामनाएं दी हैं। विकास राठी ने अपनी नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वह उत्तर प्रदेश की अंडर-14 टीम को एक मजबूत गेंदबाजी इकाई के रूप में तैयार करने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मौका न केवल उनके लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। इस नियुक्ति से युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी और उत्तर प्रदेश क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद मिलेगी।

# अवैध जमीन कब्जाने वाले भूमाफियाओ पर कब होंगी कार्यवाही

**चरथावल।** देश प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनने पर जहाँ जमीन पर अवैध कब्जा करने के गोरखधंधे पर लगाम लगी है वही अब सरकारी या अन्य जमीनो पर कब्जा करने वाले भूमाफिया जेलों की हवा खा रहा है हालत यह है कि चरथावल क्षेत्र मे पूर्व की सरकारों मे अनेक भूमाफिया सक्रिय थे जोकि सरकारी जमीनो के फर्जी बेनामे तक दुसरो के नाम कर सरकारी जमीनो पर कब्जा कर लेते थेस और जो इन भूमाफियाओ की अवैध कब्जे की शिकायत करता था उस व्यक्ति को यह भूमाफिया पूर्व की सरकारों का रोब दिखाकर उसको डराते धमकाते थे वही चरथावल थाने मे भी जहाँ इन भूमाफियाओ के खिलाफ मुकदमे तक दर्ज हुए थे वही जहाँ बड़े बड़े भूमाफिया जेलों की हवा खा रहे है और चरथावल के इन भूमाफियाओ पर अब योगी सरकार मे क्या कानूनी कार्यवाही होंगी यह सवाल क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना हुआ है क्योंकि इन भूमाफियाओ द्वारा शिकायतकर्ताओ से समझौता कर अपने आप को कानूनी कार्यवाही से बचा लेना व हिलाहवाली कर पूर्व की सरकारों मे अपने आप को बचा लिया गया है वही अब ज़ब इन भूमाफियाओ द्वारा अवैध जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की गयी या फर्जी लाभ लेने के लिए अपराध किया गया है तो इन पर अब तक कानूनी कार्यवाही क्यों नहीं की गयी है यह सवाल क्षेत्र मे पूरी तरह गूंज रहा है अब योगी सरकार मे पूर्व की सरकारों मे जमीनो पर अवैध कब्जा करने वालों पर कानूनी कार्यवाही होने की आस क्षेत्रवासियो को जगी है और इन भूमाफियाओ पर कानूनी कार्यवाही होने से आम आदमी को न्याय की आस जगी हैस और पूर्व की सरकारों के भूमाफियाओ पर अब कानूनी शिकंजा कसा जाने की चर्चा से आम आदमी का विश्वास बढ़ेगा और आम आदमी की सरकार के प्रति विश्वनीयता मे और बढ़ोतरी होंगीस और भूमाफियाओ पर गाज गिरेगी।

# रैपर त्यागी ने यूपी-12 की पहचान और संस्कृति को दिया नया मंच

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर से जुड़े प्रसिद्ध सिंगर रैपर त्यागी के यूपी 12 का गाना इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब टेंड कर रहा है। सिंगर रैपर त्यागी की माने तो कई लाख लोगों ने गाने को लाइक करते हुए हजारों की संख्या में शेयर किया है। वो चाहते है कि यूपी 12 का यह गाना नए कीर्तिमान स्थापित करें। सिंगर रैपर त्यागी ने कहा कि यूपी 12 से जुडा उनका यह गाना पूरी तरह मुजफ्फरनगर शहर पर आधारित है। इसमें शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थान जैसे श्री राम कॉलेज, डीएवी कॉलेज समेत कई प्रसिद्ध स्थानों का उल्लेख किया गया है। इसके अलावा मुजफ्फरनगर की मशहूर जगहों, युवाओं के घूमने-फिरने के अड्डों, खाने-पीने की लोकप्रिय लोकेशन्स और कपड़ों की खरीदारी के लिए प्रसिद्ध बाजारों को भी गाने में शामिल किया गया है। रैपर त्यागी ने कहा कि आठ जनवरी को गाने को रिलीज किए जाने के एक दिन के भीतर ही एक लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं, जबकि नौ हजार से अधिक लोगों ने इसे शेयर किया है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है और गाने का ट्रेंड जारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जैसे ही दर्शकों की संख्या बढ़ेगी, यह गाना मिलियंस में व्यूज हासिल करेगा। वर्तमान में गाने पर लगभग चार लाख व्यूज हो चुके हैं और उन्होंने लक्ष्य रखा है कि यह जल्द ही 10 लाख से ज्यादा बार देखा जाए।

# ऑटोनाम्स दर्जा मिलने के बाद पहली बार श्रीराम कॉलेज में वाह्य परीक्षाओं का आयोजन

**मुज़फ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज, में स्वायत्त (ऑटोनॉमस) घोषित होने के उपरांत 10 जनवरी से 20 जनवरी तक प्रथम बाहय परीक्षाओं का सफल आयोजन किया जा रहा है। परीक्षाएँ प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, नकलविहिन, शुचिता एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा रही हैं।

इन परीक्षाओं में कुल 1317 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 1286 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सहभागिता की, जबकि 31 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे, जबकि 5 विद्यार्थियों के विरुद्ध अनुचित साधन (यूएफएम) का प्रकरण दर्ज किया गया। संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया पर सख्त निगरानी रखी गई।

परीक्षा का संचालन परीक्षा नियंत्रक एवं निदेशक श्री राम कॉलेज डॉ. अशोक कुमार के निर्देशन में किया जा रहा है। सीनियर सुपरिंटेंडेंट के रूप में प्राचार्य डॉ. प्रेरणा मित्तल, अपर सुपरिंटेंडेंट डॉ. सौरभ मित्तल तथा परीक्षा प्रभारी विकास कुमार शर्मा के साथ सभी कमेटी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। परीक्षा के सफल संच. ालन हेतु विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया, जिसमें ऑब्ज़र्वर कमेटी में डॉ. एस.एन. चौहान, डॉ. गिरेंद्र गौतम, परीक्षा सीनियर सुपरिंटेंडेंट, डॉ. प्रेरणा मित्तल, अपर परीक्षा सुपरिंटेंडेंट, डॉ. सौरभ मित्तल असिस्टेंट सुपरिंटेंडेंट, डॉ. मनोज मित्तल (बेसिक साइंस), डॉ. प्रवीण मलिक (एग्रीकल्चर), अमित त्यागी (कंप्यूटर एप्लीकेशन) फ्लाइंग स्क्वॉड, डॉ. मनोज धीमान (फाइन आर्ट्स), डॉ. अशफ़ाक अली (कॉमर्स), डॉ. पूजा तोमर (बेसिक साइंस), डा0 मौ0 नईम अली (कृषि विज्ञान), मीनाक्षी काकरान, ललित कला विभाग, डॉ.श्वेता राठी (होम साइंस) डिसिप्लिन कमेटी, प्रमोद कुमार (फिजिकल एजुकेशन), मुकेश कुमार (कॉमर्स), अमरदीप (फिजिकल एजुकेशन) विद्युत, कक्ष व्यवस्था, सफाई एवं मेडिकल सुविधा कमेटी प्रांजल कुलश्रेष्ठ, संदीप (सुपरवाइज़र), सर्विलांस कमेटी, दीपक त्यागी, मनोज पुंडीर,दिनेश यादव अनुचित साधन (यूएफएम) कमेटी, डॉ. विनीत कुमार शर्मा (डीन, आइक्यूएसी सेल, श्री राम कॉलेज), डॉ.श्वेता राठी (हेड होम साइंस, श्री राम कॉलेज)इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि श्री राम कॉलेज में स्वायत्तता के उपरांत प्रथम बाहय परीक्षाओं का आयोजन पूरी पारदर्शिता एवं अनुशासन के साथ किया जा रहा है। परीक्षा प्रक्रिया को सुचारु रखने के लिए सभी कमेटियाँ सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा, सर्विलांस एवं अनुचित साधन रोकथाम की प्रभावी व्यवस्था की गई है, जिससे परीक्षाएँ शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न हो रही हैं।इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य एवं सीनियर सुपरिंटेंडेंट डॉ. प्रेरणा मित्तल ने जानकारी देते हुए कहा कि श्री राम कॉलेज के स्वायत्त बनने के बाद आयोजित यह पहली बाहय परीक्षा हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कॉलेज प्रशासन द्वारा परीक्षाओं को पूरी पारदर्शिता, अनुशासन एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की गई हैं। विद्यार्थियों की सुविधा एवं निष्पक्ष परीक्षा प्रक्रिया हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सुचारू, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा निर्धारित नियमों एवं विनियमों के अनुरूप विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। श्री राम कॉलेज, मुज़फ्फरनगर द्वारा विश्वविद्यालय की इन गाइडलाइंस को पूर्णतः अपनाते हुए परीक्षा संबंधी समस्त समितियों का गठन किया गया, जिनके माध्यम से परीक्षा प्रक्रिया के प्रत्येक चरण पर प्रभावी निगरानी रखी जा रही है। इन समितियों की सक्रिय भूमिका के कारण परीक्षाएँ शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई जा रही हैं।

## आज गांव हरियाखेड़ा में जुटेंगे हजारों किसान

**बुढ़ाना।** किसान मजदूर संगठन का रविवार के दिन ब्लाक बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के गांव हरियाखेड़ा में जो किसान एवं मजदूर सम्मेलन होने जा रहा है उसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं।

ये जानकारी किसान मजदूर संगठन के बुढ़ाना तहसील अध्यक्ष ठाकुर कृष्ण कुमार व सम्मेलन के आयोजक ठाकुर अनुज सिंह ने शनिवार को दी। उन्होंने बुढ़ाना तहसील क्षेत्र के किसानों से इस सम्मेलन में पहुंचने का आह्वान करते हुए कहा कि किसान एवं मजदूरों की लड़ाई सिर्फ निस्वार्थ तरीके से ठाकुर पूरण सिंह के नेतृत्व में किसान मजदूर संगठन के बैनर तले ही लडी जा सकती है। इसलिए हमें भी चाहिए कि हम ठाकुर पूरण सिंह का तन मन धन से साथ दें और अपना जरुरी काम छोड़कर कुछ घंटों के लिए अपने साथियों सहित सम्मेलन को सफल बनाने का काम करें। उन्होंने बताया कि किसान और मजदूर वर्ग की समस्याओं, अधिकारों एवं सम्मान की लड़ाई को और अधिक सशक्त बनाने के लिए ही विशाल किसान-मजदूर जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन किसानों की आवाज को मजबूती देगा और संगठन को नई दिशा प्रदान करेगा। इसमें किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरण सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता ललित राणा, जिला अध्यक्ष लोकेश राणा, जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार समेत कई पदा. धिकारी आएंगे।

# इटावा गांव में सान्यापा का हुआ महासम्मेलन

**बुढ़ाना।** सामाजिक न्याय पार्टी जनादेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजिनियर देवेन्द्र कश्यप ने कहा कि अगर आपके पास धन नहीं है तो आप गरीब नहीं हैं। गरीब वो होता है जिसकी सोच यह हो जाती है कि वह सारी उम्र गरीब ही रहेगा। हमें इस सोच से उपर उठना होगा तभी हम बराबरी का दर्जा पा सकेंगे। श्री कश्यप ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव इटावा में शनिवार को सामाजिक न्याय पार्टी जनादेश के कार्यकर्ता सम्मान समारोह, सदस्यता ग्रहण और महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सैंकड़ों महिलाओं और पुरुषों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने का काम करना चाहिए ताकि वे इंजिनियर बन सकें, आईपीएस बन सकें, आईएएस बन सकें, पीपीएस और पीसीएस आदि बन सकें। देश के लोगों को तीन हजार साल पहले चारों वर्गो में बांटा गया। जिनमें सबसे पहले कैटेगरी ब्राह्मण की रखी। जिनको ज्ञान दान लेने का काम सौंपा गया। उसके बाद क्षत्रिय जिनको राजपाट का काम सौंपा गया। तीसरे वैश्य जिनको व्यापार का काम दिया गया और चौथे हम जिन्हें इनकी सेवा करने को कहा गया। यहां पर राष्ट्रीय महासचिव ब्रज मोहन कश्यप, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मास्टर सतेन्द्र कश्यप, जिलाध्यक्ष सुशील पांचाल, बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष सीटू सैज, प्रदेश सचिव सर्वेश्वर कश्यप सहित सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी रही। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कश्यप का ढोल बजाकर फूलों की मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।



# गौरव स्वरूप ने सुनी नई मंडी के व्यापारियों की समस्याएं

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर कमेटी ने गौरव स्वरूप के साथ शहर व मण्डी के व्यापारियो की नगर पालिका से संबंधित समस्याओं के बारे मे अवगत कराया और शहर को स्वच्छ सुन्दर बनाने व पर्यावरण से संबंधित सुझाव दिये गोरव स्वरूप ने व्यापारियो की समस्या सुनकर उनकी परेशानियों को तत्काल सज्ञान लेते हुए दुर किया।

जिसमे रुड़की रोड से घास मंडी की और जा रहे नाले के बंद होंना व्यापारियों द्वारा बताया गया। एवम मेरठ रोड पर अम्बा विहार की एक टूटी सड़क , नई मंडी की गौशाला रोड के पास की एक सड़क , एवम ओर भी समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान दे उनका निस्तारण हेतु आवश्यक कदम उठाए गए।



साथ ही गौरव स्वर्ग ने कहा हम सब मिलकर नगर को स्वच्छ एवम सुंदर बनाने के लिए आपसी सामंजस्य से प्रयास करेंगे इस अवसर पर नगर प्रभारी अंशुमान अग्रवाल, नगर अध्यक्ष जयपाल शर्मा, नगर महामंत्री नीरज बंसल, नगर कोषाध्यक्ष अमित राय जैन, व जिला युवा अध्यक्ष डॉ पुनीत सिंगल व नगर उपाध्यक्ष अविरल मित्तल , विपीन मित्तल, सुभाष मित्तल, तारिख, मनोज शर्मा, संदीप गर्ग आदि मौजूद रहे।

# पैठ में जेब काट रहे जेबकतरे की हुई धुनाई

**बुढ़ाना।** हर शनिवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के वाल्मिकी तिराहे पर लगने वाली साप्ताहिक पैंठ में आई एक महिला की एक जेबकतरे ने जेब काट ली तो महिला ने अपनी जेब कटने का आभास होते ही शोर मचाते हुए जेबकतरे को रंगे हाथों पकड़ लिया। इससे पहले उक्त जेबकतरा नौ दो ग्यारह होता तब पैंठ में मौजूद भीड़ में से कुछ व्यक्तियों ने जेबकतरे को पकडकर उसकी पिटाई करने के बाद मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस को सौंप दिया। पुलिस जेबकतरे को पकडकर बुढ़ाना कस्बा पुलिस चौकी पर ले आई और उससे पूछताछ शुरु कर दी। इस पैंठ में जेब कटने की बात कोई नई नहीं है। पैंठ में ज्यादातर भीड़ रहने के कारण जेबकतरों की हर सप्ताह मौज रहती है। कोई शिकायत कर देता है तो जेब कटने का पता अन्य लोगों को भी लग जाता है नहीं तो जिसकी जेब कट जाती है वह चुपचाप यहां से निकल जाता है। शिकायत नहीं करता। पिछले हफ्ते भी इस पैंठ में एक अज्ञात महिला पर कुछ अन्य महिलाओं की जेबें कटने का आरोप लगा था और महिला की पिटाई भी की गयी थी। जिनकी जेबें कटी थी उन्होंने कोतवाली में कोई तहरीर नही दी थी। तभी से पुलिस जेबकत. रों की तलाश में लग गयी थी और आज जो जेबकतरा पकड़ा गया है पुलिस ने उससे पूछताछ शुरु कर दी है। जेबकतरे का क्या नाम है और किस महिला की जेब काटी गयी है यह पता नहीं लग पाया था।

# पीयुष ने प्रथम प्रयास में की ऑल इंडिया बार परीक्षा पास

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना के कांधला रोड पर स्थित मास्टर कालोनी के निवासी छात्र पीयुष दत्त शर्मा ने आल इंडिया बार एग्जामिनेशन को पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण करते हुए एक बड़ी महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस सफलता पर परि. जनों, शुभचिंतको, परिचितों और कई अधिवक्ताओं ने बधाई दी है। वर्तमान में बुढाना में रह रहे छात्र पीयुष दत्त शर्मा ने पांच वर्षीय बीए एलएलबी का पाठ्यक्रम पूर्ण कर लिया है तथा अब वह आईआईएमटी यूनिवर्सिटी मेरठ से एमबीए भी कर रहे हैं और प्रतियोगी परीक्षा की भी तैयारी कर रहे हैं। अब उन्होने प्रतिष्ठित परीक्षा प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण कर ली है। मेहनती छात्र पीयुष दत्त शर्मा ने श्रीराम कॉलेज से बीए एलएलबी परीक्षा उत्तीर्ण की है।



इस अवसर पर उनके पिता अनिल दत्त शर्मा जो कि एक स्कूल के आनर और कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष भी हैं तथा माता सीमा दत्त शर्मा भी एक स्कूल की प्रधानाचार्या हैं। इस अवसर पर स्कूल के समस्त स्टाफ में मुख्य रूप से श्रीमती रीतू शर्मा, राजीव शर्मा, नेहा ठाकुर, विधि, युवा एडवोकेट प्रशान्त शर्मा, एडवोकेट जाकिर अली और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राशिद मलिक आदि ने पीयुष दत्त शर्मा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस बडी उपलब्धि से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है और मौहल्ले में मिष्ठान बांटा गया है।

# भयंकर ठंड में रात के वक्त हो रहा अवैध खनन

## वायरल हुए 8 सेकेंड के वीडियो ने खोली पोल

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** जब लोग भयंकर शीतलहर से बचने को रात में अलाव का सहारा लेते हैं या फिर बिस्तर में घुस जाते हैं तो ठीक उसी समय फिल्मी शहंशाह की तरह मिट्टी खनन माफिया खेतों में पहुंचकर बैखौफ होकर अवैध रूप से मिटी का खनन करने का काम करते हैं।

पूरी रात दिन निकलने से पहले तक खेतों की मिटी ट्रेक्टर ट्रालियों व डंपरों में ढुलती है। इसमें बीट सिपाही को सब कुछ पता होता है। यहां तक चौकियों को भी पैसा जाता है। शिकायत होने पर पुलिस उच्च अधिकारियों के निर्देश पर खानापूर्ति करती है। शनिवार की प्रथम रात्रि में किसी व्यक्ति के द्वारा बनाया गया कुल 8 सेकेंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जो मिट्टी खनन माफियाओं की पोल खोल रहा है। जिसमें एक ट्रेक्टर ट्राली चालक रात में बैखौफ होकर मिटी की ढुलाई कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचा रहा है।

बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की उमरपुर व गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बाद भी अवैध मिटी खनन लगातार जारी है। खनन माफिया रात के अंधेरे का फायदा उठाकर जेसीबी और ट्रेक्टर-ट्रॉलियों से बांगर की जमीन से बड़े पैमाने पर मिटी निकाल रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक रात होते ही खनन कार्य के लिए मशीनें स्टार्ट हो जाती हैं। जिसमें माफिया घने कोहरे का लाभ उठाकर मिटी का अवैध खनन करते हैं। जिससे खेतों की ओर जाने वाले रास्ते क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। किसानों को नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि शिकायतें दर्ज कराने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती जिससे खनन माफियाओं के हौसले बढ़े हुए हैं। इस अवैध गतिविधि से पर्यावरण को नुकसान हो रहा है साथ ही सड़क व बांगरों की संरचना भी कमजोर हो रही है। अवैध खनन के कारण ट्रैक्टर ट्रॉलियों से मिटी सड़क पर फैल जाती है जिससे राहगीरों व चालकों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। घने को. हरे व ठंड के बीच सड़क पर फैली मिटी फिसलन का कारण बन रही है।

जिससे दोपहिया वाहन चाल. कों के गिरने का खतरा बना रहता है। लोगों का कहना है कि रात में मिटी ढोने के बाद रोड की सफाई नही की जाती जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। यूपी शासन के निर्देशों के बाद भी जेस. ीबी मशीनों का उपयोग रात में बड़े ही धड़ल्ले से हो रहा है। बिना नंबर प्लेट वाले ट्रैक्टरों व डंपरों से खुलेआम मिटी की ढुलाई हो रही है। जिससे पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंच रही है।

प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। बार बार शिकायत के बाद संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नही होती। इससे खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। किसानों की जमीनें, सड़कें व जल स्रोत भी प्रभावित हो रहे हैं। ये अवैध खनन किसकी मिलीभगत से चल रहा है ये जांच का विषय है मगर प्रशासन का इस ओर कोई भी ध्यान नहीं हैध। लोगों ने पुलिस प्रशासन से इस और ध्यान देने की मांग की है।

# खुशहालिया उर्स का हुआ समापन, अकीदतमंदों की बेहतरी को मांगी दुआएं

**मोरना।** बिहारगढ में तीन दिवसीय 9 वे खुशहालिया उर्स का शनिवार को समापन हो गया।कार्यक्रम में क्षेत्र व दूर दराज से आए अकीदतमंदों ने भारी संख्या में भाग लिया व धर्मगुरु से आशीष प्राप्त किया। इस दौरान विशेष दुआ मांगी गयी तथा विशाल लंगर का आयोजन किया गया।

मोरना क्षेत्र के बिहारगढ में हजरत ख्वाजा खुशहाल के उर्स का आयोजन आस्था और श्रद्धा के साथ किया गया।

समापन अवसर पर सज्जादा नशीन सूफ़ी ज़व्वाद मियां खुशहाली ने अपने सम्बोधन मे कहा की सुफियों से मानवता,दया भाव,उच्च आचरण, उच्च व्यवहार की शिक्षा मिलती है। हज़रत ख्वाजा पीर खुशहाल मियां के



अनुयायी विश्व मे अनेक स्थानों पर उनकी शिक्षाओं का अनुसरण कर लाभान्वित हो रहे हैं। खुशहालिया चिल्लागाह से शान्ति, सदभाव, भाईचारे का संदेश दिया जाता है। भारत सूफ़ी संत परम्परा का केंद्र रहा है। भारत ने विश्व को अहिंसा व शान्ति का संदेश दिया है। आज विश्व मे जारी हिंसा को मानवता के प्रचार से दूर किया जा सकता है।

वहीं कार्यक्रम के समापन पर तबर्रुक का वितरण किया व विशाल लंगर मे बड़ी संख्या मे अकीदतमंदो भोजन ग्रहण किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**


*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सीओ की गाड़ी रेत के डंपर से टकराई, दो सिपाही घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के टिटौली कैराना बाईपास पर गत दिवस सीओ ट्रेफिक की गाडी एक रेत से भरे डंपर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसा इतना भीषण था कि गाडी में सवार दो सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल सिपाही को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी दशा गंभीर होने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

गत दिवस डीआईजी सहारनपुर को शामली में दौरा था। जिसको लेकर सीओ ट्रेफिक श्याम सिंह पुलिस लाईन में डीआईजी के कार्यक्रम में शामिल थे। बताया जाता है कि उनकी गाडी कैराना गई हुई थी, जिसको हैंडकांस्टेल सन्नी पुत्र प्रवीन चला रहे थे, जबकि उनके साथ हैड कांस्टेबल गनर गौरव पुत्र शेर सिंह भी मौजूद थे। जब वह टिटाली कैराना बाईपास पर पहुंचे तो इसी दौरान आसमान में कोहरा छाए रहने से अचानक चालक को सडक पर खडा रेत से भरा डंपर दिखाई नही दिया और सीओ की गाडी डंपर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि गाडी के परखच्चे उड गए और गाडी में सवार दोनों सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल सिपा. हियों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी दशा गंभीर होने के कारण मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया। फिलहाल पुलिस ने डंपर को कब्जे में लिया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच करने में लगी है।

## ऑपरेशन सवेराः चौसाना पुलिस ने 267 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर दबोचे

### 54 लाख की खेप जब्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र में नशे के कारोबार पर करारा प्रहार करते हुए पुलिस ने ह्ऑपरेशन सवेराह्न के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 267 ग्राम स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 54 लाख रूपए बताई जा रही है।

चौसाना पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ह्ऑपरेशन सवेराकृनशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओरह्न के क्रम में यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने सटीक सूचना के आधार पर लक्ष्मीपुरा से यमुना बांध मार्ग पर घेरा. बंदी कर दो आरोपितों दानिश पुत्र युनुस निवासी ग्राम बुढनपुर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर और मुस्तफा पुत्र इलियास निवासी ग्राम बसेड़ा थाना कैराना जनपद शामली को दबोच लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से अवैध 267 ग्राम स्मैक व एक मोटरसाइकिल बरामद हुई।

बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है और यह भी जांच की जा रही है कि स्मैक की सप्लाई कहां से हो रही थी और किन-किन स्थानों पर इसकी खपत की जानी थी। चौसाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही नशे की गतिविधियों पर यह कार्रवाई एक मजबूत संदेश मानी जा रही है। चौकी प्रभारी संदीप कुमार ने बताया, पुलिस नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। ऑपरेशन सवेरा के तहत यह कार्रवाई की गई है। आगे भी नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। क्षेत्र को नशामुक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है।

**चौसाना पुलिस की अपील**

चौसाना पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि नशे से जुड़े किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि इस सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म किया जा सके।

# जलालाबाद रेलवे गेट पर ओवरब्रिज की मांग

### विधायक अशरफ अली खान ने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशरफ अली खान ने नई दिल्ली में केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी से भेंट कर कस्बा जलालाबाद, जनपद शामली स्थित गंगोह मार्ग के रेलवे गेट संख्या.109 सेक्शन टपरी. शामली पर प्रस्तावित रेलवे अंडरपास निर्माण को लेकर क्षेत्रवासियों की गंभीर समस्याओं से अवगत कराया।

विधायक अशरफ अली खान ने मंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि उक्त स्थान पर जेसीबी मशीन द्वारा अंडरपास निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रोष एवं चिंता का माहौल है। उन्होंने कहा कि पूर्व में बने अंडरपास बरसात के मौसम में जलभराव के कारण असफल सिद्ध हुए हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और एंबुलेंस व दमकल जैसी आपातकालीन सेवाओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

विधायक ने अंडरपास निर्माण को तत्काल रोकने की मांग करते हुए रेलवे फ्लाईओवर के निर्माण को ही स्थाई और सुरक्षित समाधान बताया। उनका कहना था कि ओव. रब्रिज बनने से आवागमन सुचारू रहेगा और भविष्य में आमजन को जलभराव जैसी समस्याओं से निजात मिल सकेगी।

केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने पूरे प्रकरण को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों से आवश्यक कार्यवाही कराए जाने का आश्वा. सन दिया। इस दौरान क्षेत्र की जनता की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

## अचानक तबीयत बिगड़ने से पीएसी जवान की मौत, परिवार में मचा कोहराम



**झिंझाना।** कस्बा निवासी दंत चिकित्सक शिवचंद्र के पुत्र एवं पीएसी जवान सौरव की गत रात्रि अचानक तबीयत बिगड़ने से उपचार के दौरान मौत हो गई। जवान को गंभीर हालत में शामली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। जवान की असामयिक मौत से परिवार सहित पूरे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार पीएसी जवान सौरव ऊंचा गांव स्थित पीएसी कैंप में तैनात था तथा वर्तमान में मेरठ की पीएसी की छठी वाहिनी में उसकी पोस्टिंग थी। बताया गया कि डडूटी के दौरान या उसके बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी, जिसके बाद परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे। हालांकि चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। परिजनों ने बताया कि सौरव की करीब एक माह पूर्व जनपद सहारनपुर के गांव हरडकी में शादी हुई थी। शादी के बाद परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन अचानक हुई इस घटना ने सभी को गहरे सदमे में डाल दिया। जवान की मौत की सूचना मिलते ही रिश्तेदार और परिचित बड़ी संख्या में अस्पताल और उसके आवास पर पहुंच गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए जवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं, पीएसी जवान की असमय मृत्यु पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों और परिचितों ने शोक व्यक्त करते हुए परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

# व्यापारिक मुद्दों के लिए लखनऊ में हुई अहम बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ, शामली नगर के अध्यक्ष अंकित जैन ने शुक्रवार को लखनऊ प्रवास के दौरान व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष माननीय रोहित अग्रवाल जी से उनके लखनऊ स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात व्यापारियों के हित, सुरक्षा एवं उनके समग्र विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित रही।

भेंट के दौरान अंकित जैन ने शामली जनपद के व्यापारियों की वर्तमान परिस्थितियों, चुनौतियों तथा जमीनी स्तर पर आने वाली समस्याओं से प्रदेश अध्यक्ष को विस्तार से अवगत कराया। विशेष रूप से व्यापारियों की सुरक्षा, बाजारों में कानून-व्यवस्था, अवैध वसूली, प्रशासनिक परेशानियां तथा व्यापार करने में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों पर गंभीर चर्चा हुई। अंकित जैन ने कहा कि शामली जैसे सीमावर्ती एवं व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जिले में व्यापारियों को एक सुरक्षित, सुगम और सम्मानजनक वातावरण मिलना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे निडर होकर अपना व्यापार कर सकें और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर सकें। रोहित अग्रवाल जी ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य केवल राजनी. तिक प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग, विशेषकर व्यापारियों को संगठित कर उन्हें शोषण, अन्याय और असुरक्षा से मुक्त कराना है। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापारियों की आवाज को शासन और प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर अंकित जैन ने प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल जी को शामली आगमन का औपचारिक निमंत्रण भी दिया, ताकि वे स्वयं व्यापारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकें और राष्ट्रीय लोकदल से अधिक से अधिक व्यापारियों को जोड़ने की दिशा में एक सशक्त पहल हो सके। रोहित अग्रवाल जी ने इस निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए निकट भविष्य में शामली आने का आश्वासन दिया। भेंट के दौरान इस बात पर भी सहमति बनी कि राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ शामली में व्यापारियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम, बैठकें एवं संवाद आयोजित करेगा, ताकि उन्हें अपने अधिकारों, सरकारी योजनाओं और सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं की सही जानकारी मिल सके। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी व्यापारी का किसी भी प्रकार से शोषण न हो और सभी को न्याय एवं संरक्षण प्राप्त हो। अंत में अंकित जैन ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से शामली के व्यापारी स्वयं को अधिक सुरक्षित, संगठित और सशक्त महसूस करेंगे। यह भेंट निश्चित रूप से शामली के व्यापारिक समुदाय के लिए एक सकारात्मक और दूरगामी परिणाम लेकर आएगी।

### अंकित जैन व रोहित अग्रवाल ने की भेंट, व्यापारियों की सुरक्षा पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ, शामली नगर के अध्यक्ष अंकित जैन ने गत शुक्रवार को लखनऊ प्रवास के दौरान व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान शामली के व्यापारियों की सुरक्षा, हितों और व्यावसायिक चुनौतियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अंकित जैन ने प्रदेश अध्यक्ष को शामली जनपद के व्यापारियों की वर्तमान परिस्थितियों से अवगत कराते हुए बताया कि सीमावर्ती और व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जिले में व्यापारियों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बाजारों में कानून-व्यवस्था, अवैध वसूली, प्रशासनिक अड़चनों और व्यापार के दौरान आने वाली व्यावहा. रिक कठिनाइयों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल मिलना जरूरी है।

## स्काउट गाइड

### प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों को मिला व्यवहारिक प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज के प्रांगण में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज के प्रबंधक शैलेन्द्र मित्तल एवं प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने स्काउट गाइड के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा का महत्व समझाया।

शिविर के दूसरे दिन प्रशिक्षिका गीता रानी एवं गायत्री देवी द्वारा स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं को स्काउट एवं गाइड के नियमों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को विभिन्न प्रकार की गांठे बांधने का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही अपरिहार्य परिस्थितियों में भोजन बनाना, तंबू लगाना, रस्सी पर चढ़ना जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों की विधिवत जानकारी दी गई। स्काउट एंड गाइड के नियमों से संबंधित नोट्स भी छात्र-छात्राओं को लिखवाए गए। प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। शिविर को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम में नरेन्द्र कश्यप, अरुण कुमार, वैभव मित्तल, संदीप शर्मा, ज्योति शर्मा, रेणु सहित अन्य सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने आशा व्यक्त की कि इस प्रशिक्षण शिविर से विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने की प्रेरणा मिलेगी और वे भविष्य में समाज व राष्ट्र के लिए उपयोगी नागरिक बनेंगे।

# विद्यार्थियों को पढ़ाया यातायात सुरक्षा का पाठ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह.2026 के अंतर्गत थाना झिझाना की क्रिटिकल कॉरिडोर टीम के प्रभारी सतीश सिंह ने स्वामी कल्याण देव वैदिक कॉलेज फॉर मैनेजमेंट एंड एजुकेशन कॉलेज में छात्र-छात्राओं को यातायात सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई तथा यातायात के नियमों का पालन कर दुर्घटना से बचाव के लिए प्रेरित करने की अपील की।वर्तमान मे मौसम की स्थिति प्रातः एवं रात्रि के समय घनी धुंध एवं कोर के कारण दुर्घटनाएं अधिक हो रही है उनसे बचाव के लिए सड़क पर एवं सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से वाहनों को खडा न करे जिससे . श्यता कम होने की स्थिति में होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके उन्होने छात्र छात्राओ से धुंध एवं कोहरे के समय वाहन चलाते हुए पार्किंग लाइट अनिवार्य रूप से जलाए रखने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, सुरक्षित दूरी बनाए रखने, अनावश्यक ओवरटेकिंग से बचने, संकेतों का पालन करने तथा पूर्ण सतर्कता एवं संयम के साथ वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया।

इसके अतिरिक्त यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित ड्राइविंग, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, नशे की हालत में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही से वाहन संचालन न करने के संबंध में विस्तारपूर्वक जागरूक किया गया।अभियान मे आरक्षी अंकुर तोमर गौरव तोमर डायरेक्टर विजय तोमर प्रधानाचार्य डा दीपिका गोयल एव समस्त स्टाफ शामिल रहे।

## बच्चों को यातायात के नियमों के प्रति किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** ज्योति बा फूले इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत यातायात पुलिस शामली द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए जाकरुक किया। कस्बे के ज्योति बा फूले इण्टर कालेज में शनिवार को यातायात पुलिस शामली के टीम ने छात्र छात्राओं को जागरुकता अभियान के तहत यातायात के नियमों की जानकारी दी। उपनिरीक्षक सतीश सिंह ने बताया कि कार चाल. कों को सीट बेल्ट प्रयोग अवश्य करना चाहिए, बाइक चालकों को हमेशा हेलमेट पहनना चाहिए ,बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन नहीं चलाना चाहिए, नशे में वाहन नहीं चलाना चाहिए ।साथ ही कोहरे के समय पार्किंग लाइट जलाकर वाहन चलाने, गति सीमा का पालन करने, सुरक्षित दूरी बनाए रखने और अनावश्यक ओवरटेकिंग से बचने के लिए जागरूक किया गया।।अन्य यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए सभी बच्चों को समझाया कि इन सभी नियमों का पालन करते हुए स्वयं जिम्मेदार नागरिक बने और अपने परिवारजनों,पड़ोसी ,रिश्तेदारो, मित्रो को भी जानकारी देते हुए जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करेंगे। इस दौरान उपनिरीक्षक मनोज कुमार, हेड कांस्टेबल कृष्णपाल, कांस्टेबल अंकुर, गौरव प्रबंधक कंवरपाल सिंह,प्रधानाचार्य गौरव सैनी, दीपक तोमर, मनोज कुमार, विकास कुमार,अक्षय कुमार आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# असहायों को भोजन खिलाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** इंटरनेशनल इनर व्हील डे के अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ शामली द्वारा सम्मान रसोई, शिव मूर्ति पर सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को भोजन प्रसाद कराया गया। इस पुनीत कार्य में चंचल माहेश्वरी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान इनर व्हील परिवार में एक नई सदस्य का भी स्वागत किया गया।

सुमन गुप्ता को फाउंडर सेक्रेटरी चंचल माहेश्वरी एवं क्लब अध्यक्ष वीना अग्रवाल ने इनर व्हील ब्रोच लगाकर विधिवत संस्था की सदस्यता दिलाई। अध्यक्ष वीना अग्रवाल ने बताया कि इनर व्हील संस्था महिलाओं की 102 वर्ष पुरानी अंतर्राष्ट्रीय संस्था है, जो भारत सहित अनेक देशों में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। यह एक स्वैच्छिक संगठन है, जो निर्धन कन्याओं के विवाह, बालिकाओं की शिक्षा, महिलाओं को रोजगार दिलाने तथा उन्हें सरकारी योजनाओं से अवगत कराने जैसे सामाजिक कार्यों में निरंतर सहयोग करता है। कार्यक्रम में अध्यक्ष वीना अग्रवाल, फाउंडर सेक्रेटरी चंचल माहेश्वरी, उषा गोयल, सुमन गुप्ता उपस्थित रहीं।

## समाधान दिवस में 6 में तीन का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** शासन के निर्देशानुसार थाना भवन थाने में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने की। समाधान दिवस पर जमीन संबंधी कुल छः शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के लिए संबंधित हल्का लेखपाल को पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर जांच कर निस्तारण करने के आदेश दिए गए। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने कहा कि शासन की मंशा है कि आम जनता की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि पीड़ित पक्ष को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।

## 6 जनवरी को कराया जा चुका है आलेख्य प्रकाशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 6 जनवरी 2026 को सभी नियत स्थलों पर किया जा चुका है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी के 2 जनवरी के निर्देशों के तहत 11 जनवरी रविवार को जनपद के सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर आलेख्य मतदाता सूची का पठन करेंगे, ताकि आमजन सूची की जांच कर सकें और आवश्यक सुधार करा सकें। इस कार्य की महत्ता और समयबद्धता को देखते हुए 11 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद जनपद के सभी वे प्राथमिक विद्यालय, जूनियर हाईस्कूल, इंटर कॉलेज, महाविद्यालय तथा अन्य कार्यालय खुले रहेंगे, जिन भवनों में मतदान स्थल स्थापित हैं। संबंधित प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, प्राचार्य व विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बूथ लेवल अधिकारियों को आवश्यकतानुसार मेज, कुर्सी आदि उपलब्ध कराकर उनके कार्य में सहयोग करें। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय शामली हामिद हुसैन ने संबंधित विभागाध्यक्षों व कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि जिन भवनों में मतदान केंद्र बने हैं, उन्हें 11 जनवरी 2026 को अवश्य खुला रखा जाए, ताकि मतदाता सूची पठन का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

# सहारनपुर अधिवक्ता एसोएिशन के चुनाव का शंखनाद

## चुनाव में बीएसपी – प्रगतिशील अधिवक्ता एकता मंच व जागरूक अधिवक्ता मंच गठबंधन आमने-सामने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव का शंखनाद होते ही उम्मीदवारों ने पूरी तरह कमर कस ली है। चुनाव मैदान में ठाकुर विशंभर सिंह पुंडीर एवं प्रगतिशील अधिवक्ता एकता मंच व जागरूक अधिवक्ता मंच गठबंधन के रूप में चुनाव लड़ रहा है दोनों ही गुट अपने-अपने उम्मीदवार मैदान में उतर चुके हैं और चुनाव प्रचार ने भी पूरी गति पकड़ ली है। बीएसपी गुट से राहुल त्यागी एंव गठबंधन ने रवीश कुमार माहेश्वरी को अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया गया है और सभी उम्मीदवार अपने-अपने जीत को लेकर समीकरण बनाने में लगे हैं।

सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के प्रतिष्ठापूर्ण वार्षिक चुनाव की घोषणा के पश्चात पूरा न्यायालय परिसर चुनाव में व्यस्त हो चुका है जिसके लिए कार्यक्रम में निर्धारित हो चुका है एसोसिएशन के चुनाव आयोग ने चुनाव की घोषणा करते हुए बताया कि 12 जनवरी को नामांकन पत्रों की खरीद की जाएगी, 13 जनवरी को नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे और 14 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा 16 जनवरी को मतदान किया जाएगा। 17 जनवरी को मतगणना संपन्न कराई जाएगी। चुनाव में फिर वही चिर परिचित गुट नए चेहरों के साथ चुनाव मैदान में उतरे हैं और अपनी अपनी चुनावी रणनीति तैयार कर ली है और चुनाव में समीकरण बनाने शुरू कर दिए हैं। इस चुनाव में बीएसपी गुट को परास्त करने के लिए प्रगतिशील अधिवक्ता एकता मंच व जागरूक अधिवक्ता मंच ने गठबंधन कर संयुक्त रूप से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है ताकि वह बीएसपी गुट का वर्चस्व समाप्त किया जा सके। हालांकि पिछले लंबे समय से बीएसपी गुट का एसोसिएशन पर कब्जा बरकरार चल रहा है इस बार यह गठबंधन क्या गुल खिलाएगा यह





तो भविष्य के गर्भ में छिपा है लेकिन इस बार का चुनाव पूरी तरह रोचक होने की संभावनाएं बनी हुई है। 'बीएसपी गुट के उम्मीदवार' 'अध्यक्ष पद' पर राहुल त्यागी, 'वरिष्ठ उपाध्याय' पद भोपाल सिंह पुंडीर 'कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद' पर सौरभ जैन 'महासचिव पद' पर सत्येंद्र वर्मा 'सहसचिव पद' पर सचिन सैनी अनीता रानी 'कोषाध्यक्ष पद' पर यशपाल सिंह 'सीनियर गवर्निंग कॉंसिल पद' पर मंजर काजमी रवि दत्त शर्मा 'जूनियर गवर्निंग काउंसिल पद' पर फोजिया फरहत बिट्टू सहगल अपना भाग्य आजमा रहे हैं। 'प्रगतिशील अधिवक्ता एकता मंच एवं जागरूक अधिवक्ता मंच गठबंधन के उम्मीदवार, अध्यक्ष पद' पर रवीश कुमार महेश्वरी , 'वरिष्ठ उपाध्याय पद' रेखा रानी पुंडीर 'कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद' पर बाबूराम 'महासचिव पद' पर पालम राणा 'सहसचिव पद' पर प्रवेश फैसल 'कोषाध्यक्ष पद' पर गौरव दीक्षित 'सीनियर गवर्निंग कॉंसिल पद' पर समय सिंह दिलीप सेठ 'जूनियर गवर्निंग काउंसिल पद' पर अंकित चौधरी नैन कुमार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। चुनाव प्रचार में पूरी तरह गति पकड़ ली और उम्मीदवार एक-एक वोट पाने के लिए प्रचार में लग गए हैं उधर दावतों का दौरा भी चरम पर पहुंच चुका है।

# सस्ता इलाज गरीबों के लिए वरदानः कुलदीप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप बालियान ने कहा कि सस्ता और अच्छा ईलाज गरीबों के लिए वरदान है। दवा इंडिया स्वास्थ्य जगत में क्रांति लाने का काम करेगी।



मेन बाजार में दवा इंडिया जेनरिक मेडिकल एजेंसी का उद्घाटन चेयरपर्सन प्रतिनिधि व नगर पंचायत स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर कुलदीप बालियान ने किया। कुलदीप बालियान ने कहा कि आज के समय में स्वास्थ्य संबंधी अनेक समस्याएं होती रहती हैं जिनका उपचार कराने में गरीबों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसी परिस्थिति में सस्ता और अच्छा ईलाज गरीबों के लिए वरदान साबित होता है। उन्होने कहा कि दवा इंडिया कम मूल्य में लगभग सभी दवाइयां उपलब्ध करा रही है। ये स्वास्थ्य जगत में क्रांति लाने का काम करेगी।

दवा इंडिया एजेंसी मैनेजर अंकित सैनी ने बताया कि यहाँ उपलब्ध सभी दवाइयां उच्च गुणवत्ता वाली,डब्ल्यू एच ओ से प्रमाणित और बहुत कम दाम पर मिलेंगी। समस्त स्टाफ डिप्लोमा डिग्री प्राप्त किए हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी कम्पनी का उद्देश्य कम कीमत पर अच्छी दवाई उपलब्ध कराना है।

इस दौरान रविंद्र चौधरी, प्रदीप बालियान, दिगम्बर सिंह, अमन मलिक व स्टाफ के श्रीयांश त्यागी, शेखर कुमार, देव शर्मा, तय्यब अली, गुलाम साबिर, संजय सैनी, पारस बौठला, एरिया मैनेजर मोहम्मद असमर आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# दो मासूमों पर कुत्तों का हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** दो मासूम बच्चों पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया जिसमें दोनों बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गए।घायल बच्चों को परिजन रामपुर मनिहारान समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया।



शनिवार सुबह लगभग 10.3 बजे गाँव नाई नगली उर्फ माजरी में दो मासूम बच्चे अदीबा 3 वर्ष व अफनान 4 वर्ष गांव में ही अपने ताऊ के यहाँ जा रहे थे तो रास्ते में अचानक एक आवारा कुत्ते ने उन दोनों पर हमला कर दिया। कुत्ते के हमले में दोनों बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों बच्चों के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से कुत्ते से इन बच्चों को छुड़ाया। जिसके बाद परिजन दोनों मासूम बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर मनिहारान लेकर आये। जहाँ चिकित्सकों ने बच्चों की गंभीर हालात को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया।

नाई नगली उर्फ माजरी के आदिल प्रधान,उमेर पंवार,परवेज पँवार, अहकाम चौधरी आदि का कहना है कि गाँव में आवारा कुत्ते बढ़ते जा रहे हैं जिसके कारण बच्चों के साथ साथ सभी को खतरा बना रहता है ऐसे में प्रशासन को इन कुत्तों को पकड़वाना चाहिए या ऐंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने चाहिएं।

## आज होगा सेवा कार्यक्रम

**नकुड़।** जय हिंद सामाजिक संस्था द्वारा 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान एवं उनकी दैनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रख एक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त जानकारी देते हुए संस्था के वरिष्ठ सदस्य आशीष शर्मा ने बताया कि आगामी 11 जनवरी को चयनित बुजुर्ग लाभार्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार कमर बेल्ट, घुटना बेल्ट, गर्दन बेल्ट, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र तथा बैटरी चालित रिक्शा का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं और उनकी सेवा करना संस्था का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। जय हिंद सामाजिक संस्था का निरंतर प्रयास है कि बुजुर्गों को सम्मानजनक, सुरक्षित और सुविधाजनक जीवन उपलब्ध कराया जा सके।

# लायन्स क्लब ने वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** भीषण ठंड के इस मौसम में गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए लायंस क्लब छुटमलपुर ने एक सराहनीय पहल की क्लब ने स्थान अंकल जोन पिजा, रुड़की रोड, छुटमलपुर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में कुल 101 कंबल वितरित किए यह पुनीत कार्य समाज के कमजोर वर्गों को सर्दी से बचाव प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी विनय शर्मा एसएसआई भूपेंद्र शर्मा और हेड कांस्टेबल लक्ष्मी प्रसाद रहे कंबल वितरण के बाद सभी लाभार्थियों को गरमा गरम खिचड़ी भोग लगाकर उनका पेट भी भरा गया जिससे कार्यक्रम में मानवीय संवेदना की झलक साफ नजर आई।इस अवसर पर क्लब के प्रमुख पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे, जिनमें चौधरी राजवीर सिंह (चेयरमैन), सतीश राठौर अध्यक्ष डॉ. विनोद मित्तल सचिव डॉ. अनिल सैनी कोषाध्यक्ष एडवोकेट मुकेश सैनी, चौधरी भगत सिंह अल्लीवाला और डॉ. नेहरू लाल शर्मा शामिल थे।इसके अलावा, रोशनी बैंक के डॉ.




सूरज जैन, सिया कश्यप और रमन पुण्डीर ने थाना प्रभारी विनय शर्मा के साथ मिलकर गाड़ियों पर रिफ्लेक्टर लगवाए, ताकि सड़क सुरक्षा को भी बढ़ावा मिले। लायंस क्लब छुटमलपुर के इस सेवा कार्य ने स्थानीय स्तर पर समाजसेवा की मिसाल पेश की है। ऐसे अभियान न केवल जरूरतमंदों को तात्कालिक राहत देते हैं, बल्कि सामुदायिक एकजुटता को भी मजबूत बनाते हैं। क्लब के सदस्यों ने बताया कि ठंड के मौसम में ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे।

# 3 मवेशी चोरी, पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** गांव कोला खेड़ी के मजरे से रात के समय तीन मवेशी चोरी हो गए। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। सुबह होने पर ग्रामीण मवेशियों की खोज में जुट गए।

गांव कोलाखड़ी के फूसगढ़ मजरे में इंदरपाल तथा संतराम के मकान है। एक भैंस रात के समय संतराम घर के पास बनी फूंस की टपरी में बंधी थी तो दूसरी इंदरपाल के घर के पास फूंस की टपरी में बंधी थी। संतराम जिस जगह पर भैंस बंधी थी उससे कुछ ही दूरी पर लेटे हुए थे। चोरों ने दोनों मवेशियों के साथ बछड़े को भी चुरा लिया। सुबह होने पर परिजनों को चोरी की घटना के बारे में पता चला। पूर्व प्रधान नेत्रपाल, कलीराम, पप्पू, रामदयाल, इंदरपाल, बलराम, राजकुमार आदि सहित अनेकों ग्रामीण मवेशियों की खोजबीन में जुट गए। मवेशियों की खोज करते हुए ग्रामीण गांव धानवा में पहुंचे। गांव धानवा के दो सीसीटीवी में एक चोर कुर्ता पजामा पहने हुए मवेशी तथा उसके बच्चे को ले जाता हुआ दिख रहा है।

पीड़ितों ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी है। क्षेत्र में कई चोरी हो चुकी हैं लेकिन मामले का खुलासा नहीं हो पा रहा है जिसके कारण ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों मवेशी दुधारू है जिनकी कीमत डेढ़ लाख से ज्यादा है।

# प्रधान चुनने के लिए ग्रामीणों ने तय की रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** ब्लॉक मुजफ्फराबाद के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत चुनाव की तारीखें नजदीक आते ही गांवों में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं इसी कड़ी में भटपुरा गांव के ग्रामीणों ने शनिवार रात एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की और आगामी ग्राम प्रधान चुनाव के लिए अपनी रणनीति तय कर ली।

ग्राम सभा भटपुरा के सैकड़ों ग्रामीणों ने अब्दुल कय्यूम ठेकेदार के आवास पर जमा हुए बैठक में वर्तमान प्रधान के कार्यकाल की खुलकर समीक्षा की गई ग्रामीणों ने प्रधान के व्यवहार, विकास कार्यों की गति-गुणवत्ता और गांव के आपसी विवादों में उनकी भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए अधिकांश लोगों की राय थी कि मौजूदा प्रधान का



कार्यकाल सुस्त रहा और विकास में भेदभाव हुआ, जिसके कारण गांव में बदलाव की जोरदार मांग उठी लंबी चर्चा के बाद सभी ग्रामीणों ने एकमत से फैसला लिया कि भारतीय किसान यूनियन भाकियू से जुड़े सुल्तान अहमद को ग्राम प्रधान पद के लिए उम्मीदवार बनाया जाएगा ग्रामीणों का मानना है कि सुल्तान अहमद निष्पक्ष सक्रिय और मेहनती नेता हैं जो गांव के समग्र विकास को नई गति दे सकेंगे। बैठक में पूर्व प्रधान फरमान कय्यूम, सदस्य शमशाद, बीडीसी मौ. नफीस कारी शाकिर कुरबान वकील सलमानी यामीन सलमानी नफीस ड्राइवर मास्टर मुन्तजिर सुफियान मिस्त्री खालिक ठेकेदार मौ. सालेह चौधरी मेहरबान मौ. इकबाल कारी दिलशाद नौशाद मिस्त्री कारी मुस्तफा चचा इलियास चचा हारून आबिद सलमानी कारी सुफियान मौ. दिलशाद मौ. फरमान लुकमान हकीम कारी मुन्तजिर कारी तालिब, इरशाद ड्राइवर शब्बू भाई, बब्बू भाई फौजी भाई मौलाना अब्दुल सत्तार कारी अब्दुल गफ्फार और दर्जनों अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे बैठक में दिखा उत्साह और एकजुटता का माहौल साफ संकेत दे रहा है कि भटपुरा में इस बार ग्राम प्रधान का मुकाबला बेहद रोचक और कड़ा होने वाला है। ग्रामीणों का यह फैसला पूरे क्षेत्र के अन्य गांवों के लिए भी एक मजबूत संदेश साबित हो रहा है।

# साइबर सुरक्षा की दी जानकारी



**टपरी।** ग्राम पंचायत शेखपुरा कदीम के मोहल्ला टपरी खुर्द मैं साईबर सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ग्राम शेखपुरा कदीम के टपरी खुर्द में स्थित कॉमन सर्विस सेंटर संचालक मनोज कुमार के माध्यम से ग्रामीणों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान किया गया इसमें संचालक के द्वारा डिजिटल विडियो के माध्यम से यह जानकारी दी गई कि डिजिटल ठगी से बचाव कैसे करें। इसकी जानकारी दी गई जैसे मोबाइल बैंकिंग ठगी से बचाव की जानकारी दी गई और साथ-साथ में सरकारी योजनाओं जैसे जन-धन-खाता, अटल पेंशन स्कीम, सुरक्षा बीमा योजना के महत्व और उनकी जानकारी डिजिटल विडियो के माध्यम से ग्राम वासियों को जानकारी दी गई।

# 12 घंटे में फरार दो गैंगस्टर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने मात्र 12 घण्टे के अंदर गैंगस्टर एक्ट मामले में फरार 2 आरोपी गिरफ्तार किए है।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार 9 जनवरी को अनुमोदित शुदा गैंग चार्ट के आधार पर पुलिस द्वारा 2 आरोपियों के खिलाफ थाना पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मुकदमे पर संज्ञान लेते हुए डीआईजी व एसएसपी द्वारा फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए आदेश किया गया था। उपरोक्त आदेश के क्रम में एसपी सिटी एवं सीओ सदर के निकट पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई मे पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त के फरार आरोपी नासिर पुत्र गफूर उर्फ गफूरा व आदिल पुत्र नासिर निवासी ग्राम पटनी थाना चिलकाना को शनिवार सुबह के समय ग्राम अब्दुल्लापुर अहाडी जाने वाले रास्ते पर गिरफ्तार किया है।

आरोपी नासिर व आदिल दोनो बाप बेटे हैं, दोनो के खिलाफ पूर्व से ही गौवंश चोरी कर उसका वध करने का मुकदमा भी दर्ज है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए दोनो आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गिरफ्तारी टीम में थाना प्रभारी विनोद कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक विकास तोमर, मुख्य आरक्षी धर्मसिंह व आरक्षी अनुज राणा शामिल रहे।

# प्रतिक्षागृह में घुसी बाइक, युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** बरथाकायस्थ पठेड़ गांव में बस स्टॉप पर यात्रियों के लिए बनाये गए प्रतिक्षागृह में अनियंत्रित बाइक घुसने पर चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

> ■ बरथा कायस्थ पठेड गांव के बस स्टॉप पर हुआ हादसा

जानकारी के मुताबिक गांव हरडाखेडी निवासी आमिर पुत्र सुदा अपनी बाइक पर सवार होकर गन्देवड की ओर जा रहा था। जैसे ही वह पठेड बरथाकायस्थ स्थित बस स्टॉप के निकट पहुंचा तो सामने से आ रहे एक अन्य वाहन को बचाने के चलते उसकी बाइक अनियंत्रित होकर बस स्टॉप पर यात्रियों के लिए बनाए गए प्रतिक्षागृह में घुस गयी। जहां पर स्लैब से बाइक टकराने के कारण आमिर गंभीर रूप से घायल हो गया।

सडक से गुजर रहे राहगीरों व आसपास के दुकानदारों ने घटना की सूचना पठेड पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस द्वारा घायल के परिजनों को जानकारी दी गई तथा राहगीरों व दुकानदारों की मदद से उसे नजदीकी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने स्थिति को गंभीर देखते हुए उसको जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी मिलते ही अस्पताल में पहुंचे परिजन घायल आमिर को अपने साथ लेकर चले गये।

# पुलिस ने दबोचा स्मैक के साथ तस्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नशे के अवैध कारोबार पर लगाम कसने के लिए पुलिस की मुहिम तेज हो गई है परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनों जनपदों में चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरा के तहत नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर मुहिम जारी है। इसी क्रम में थाना फतेहपुर पुलिस ने एक बड़े नशा तस्कर को धर दबोचा और उसके कब्जे से 24.45 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की।

थानाध्यक्ष विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना फतेहपुर की टीम ने गहन चेकिंग अभियान चलाया टीम में उप-निरीक्षक संजय यादव, हैड कांस्टेबल रोहित तोमर और कांस्टेबल कुलदीप कुमार शामिल थे चेकिंग के दौरान भैंसराऊ थाना क्षेत्र के गंगाली वाले रास्ते पर फ्लाईओवर के पास संदिग्ध व्यक्ति आजाद पुत्र शहजाद (निवासी भैंसराऊ उम्र लगभग 25 वर्ष को पकड़ा गया तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 24.45 ग्राम स्मैक बरामद हुई।इस बरामदगी के आधार पर थाना फतेहपुर में मुकदमा संख्या 18/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत दर्ज किया गया है। पुलिस अब अभियुक्त से फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक्स की जांच कर रही है ताकि नशा तस्करी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ हो सके गिरफ्तार तस्कर को विधिक प्रक्रिया के तहत समय से न्यायालय में पेश किया जा रहा है



उल्लेखनीय है कि अभियुक्त आजाद का पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है जो उसके आपराधिक इतिहास को उजागर करता है। फतेहपुर पुलिस का यह अभियान नशा तस्करों के खिलाफ सख्ती और समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में मजबूत संकल्प को दर्शाता है। पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि नशे के खिलाफ जंग में कोई ढील नहीं बरती जाएगी।

# स्काउट गाइड का 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** हिन्दू राष्ट्रीय इण्टर कालेज में स्काउट गाइड का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। शिविर समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टोली को पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष प्रवीण कुमार मित्तल, प्रबंधक योगेश गर्ग, अनूप सिंघल, मुकेश गुप्ता, रघुनन्दन गोयल, दिनेश मित्तल, मणी गोयल, राकेश गर्ग व प्रवक्ता ऋषीश कुमार ने मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्जवलित कर की। छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गयी। शिविर के अंतिम दिन अतिथियों ने शिविर का निरीक्षण किया और गाइड से शिविर के दौरान मिले प्रशिक्षण की जानकारी ली। शिविर समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टोली को पुरस्कृत किया।



प्रबंधक ने कहा कि स्काउट हमें दूसरों के लिए जीने की कला सिखाता है। देश के लिए सुयोग्य नागरिक बनाता है। उन्होने कहा कि हम आपातकाल में कैसे रहें, सीमित संसाधनों में कैसे अपने लिए भोजन पानी की व्यवस्था करें आदि की सीख मिलती है।

कैंप प्रभारी विनय कुमार ने बच्चों को विभिन्न प्रकार की गतिविधिया कराई। इसके अलावा पांच दिवसीय कैंप में शिविरार्थियों को स्काउट नियम, प्रतिज्ञा, सिद्धांत, स्काउटिंग का इतिहास, विभिन्न प्रकार की गांठें, दिशा ज्ञान, पाक कला, तंबू निर्माण, हाइकिंग, ध्वज शिष्टाचार, प्राथमिक चिकित्सा, स्काउट गाइड ध्वज के साथ ही विभिन्न प्रकार की तालियों को बजाने की जानकारी व प्रशिक्षण दिया। स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन डीओसी अनिल भारद्वाज व प्रशिक्षक रामकुमार शर्मा की देखरेख में हुआ। कार्यक्रम मे रमेश चंद, राजेश्वर शर्मा, अरविंद टेबक सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# फरियादियों की समस्याओं को सुना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पर आयोजित समाधान दिवस के अवसर पर अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को दिवसाधिकारी द्वारा ध्यान पूर्वक सुना गया तथा निस्तारण हेतु सम्बंधित को आदेशित किया गया।

शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में दिवसाधिकारी थाना प्रभारी विनोद कुमार के समक्ष चार फरियादी अपनी समस्या लेकर आये। जिसमें गांव नथमलपुर निवासी जयवीर पुत्र सियाराम ने विपक्षियों पर खेत की चकरोड पर कब्जा करते हुए अपने खेत में मिलाने का आरोप लगाया। सौंधेबांस गांव निवासी आजाद पुत्र मुस्तकीम ने विपक्षियों पर उसका मकान कब्जाने का आरोप लगाया। गांव धौलाहेडी निवासी वेदपाल पुत्र ओमप्रकाश ने कुर्रे उखाड़ने तथा गांव पटनी निवासी जगशेर सैनी पुत्र रामा ने अपना रास्ता काटने का आरोप लगाते हुए विपक्षियों के खिलाफ तहरीर दी।

इस दौरान थाना महिला उपनिरीक्षक माधुरी शर्मा, राजस्व निरीक्षक शिवकुमार शर्मा, क्षेत्रीय लेखपाल प्रदीप रोहिला, योगेन्द्र सिंह, स्वाति शर्मा, ऋचा उपाध्याय, शबनम खातून, शिल्पा सिंघल, शाईस्ता राव, सतीश चंद्र, सुनील कुमार, विजेन्द्र चौहान सहित नगर पंचायतकर्मी तनवीर अहमद आदि मौजूद रहे।

## कार्यवाही की मांग

**गंगोह।** गोकशी सूचना पर मौके पर पहुंचे बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने हंगामा करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

बजरंग दल कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि नाई मजरा के पास गोकशी की हत्या की गई है। जिला संयोजक बजरंग दल अतुल महाराणा, रोबिन जानदेहड़ा, प्रखंड गौरक्षा प्रमुख, मोहित ताताहेडी, प्रिंस, शुभम, आदि ने घटनास्थल पर पहुंच कर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार भी पुलिस बल के साथ वहां पहुंच गए। बजरंग दल कार्यकर्ताओं का कहना था कि गोकशी की हत्या कर अवशेष छोड़ दिए गए। आरोपियों का पता लगाकर तुरंत उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। उधर पुलिस द्वारा जांच के लिए पशु चिकित्साधिकारी मनोज कुमार को भी वहां बुलवा लिया गया।

# भाकियू के पदाधिकारी व क्षेत्रवासियों ने पुलिस चौकी पर की नारेबाजी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भाकियू रक्षक दल के पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों के साथ तल्हेड़ी पुलिस चौकी पर पहुंच नारेबाजी की। आरोप है कि पुलिस लगातार खड़े वाहनों के चालान काट रही है। इस दौरान चेतावनी दी गई यदि चौकी प्रभारी का आठ दिनों में ट्रांसफर नहीं किया गया तो मजबूरन बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

**खड़े वाहनों के चालान काटे जाने के चलते चेतावनी दी कि चौकी प्रभारी का आठ दिनों में ट्रांसफर नहीं किया गया तो मजबूरन बड़ा आंदोलन किया जाएगा**

भाकियू रक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.विरेंद्र सिंह ओहलान के नेतृत्व में किसानों ने तल्हेड़ी स्थित पुलिस चौकी पर पहुंच नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। आरोप है कि सुरक्षा सप्ताह के नाम पर क्षेत्रवासियों को परेशान किया जा रहा है। आरोप लगाया कि किसी जरुरी काम से बैंक या अन्य जगह आने वाले लोगों के खड़े वाहनों के पांच-पांच हजार रुपये तक चालान काटे जा रहे हैं। जिससे स्थानीय लोग परेशान है। उन्होंने पुलिस के उच्चाधिकारियों को अल्टीमेटल देते हुए कहा कि यदि सात दिनों में चौकी प्रभारी को नहीं हटाया गया तो अगले शनिवार से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान कोतवाली प्रभारी अमरपाल शर्मा ने किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी से यातायात सुरक्षा का पालन करने का आह्वान किया।

# भीम आर्मी पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** क्षत्रिय करणी सेना के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजकर भीम आर्मी को जातिवादी संगठन बताते हुए इस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। कहा कि यह संगठन देश के साामजिक ढ़ांचे को ध्वस्त करने के मिशन पर काम कर रहा है।

पश्चिमी यूपी के अध्यक्ष ठा. सुरेंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने पीएम मोदी को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम युवराज सिंह को सौंपा। इसमें उन्होंने कहा कि सनातन इस देश की आत्मा है, मनुस्मृति हमारी जीवनशैली की मार्ग दर्शक है, भगवान राम अराध्य हैं और समस्त देवी देवता हमारे पूजनीय हैं। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रत्न और कार्यकर्ताओं ने मध्य प्रदेश में 25 दिसंबर को मनुस्मृति, मनुऋषि, भगवान राम व देवी देवताओं के चित्र जलाकर मनु स्मृति दहन दिवस के रुप में उत्सव मनाया। जिससे भारत वर्ष के एक अरब लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं, इस हरकत ने सनातन धर्म के अनुयायिओं को बेहद उदवे. लित एवं आक्रोशित किया है। उन्होंने कहा कि भीम आर्मी इस इस प्रकार की मानसिकता से भविष्य में जातीय संघर्ष कराकर देश में अराजकता फैलाने का कृत्य करेगी।

उन्होंने पीएम मोदी से 25 दिसंबर की घटना का संज्ञान लेकर दोषियों पर रासुका की कार्रवाई कराए जाने और भीम आर्मी संगठन पर प्रतिबंध लगाकर देश को जातीय संघर्ष से बचाए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में देवराणा, नरेंद्र राणा, सुनील, मोनू समेत अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# धूमधाम से मनाया जा रहा खिचड़ी उत्सव, श्रद्धालुओं ने किए ठाकुरजी के छद्म भेष और राधा रानी के दर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देवबन्द।** सिद्धपीठ श्री राधा वल्लभ मंदिर में खिचड़ी उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। श्रद्धालु ठाकुरजी के छद्म भेष और राधा रानी के मीराबाई के रूप में दर्शन कर अभिभूत हो गए।

प्राचीन सिद्धपीठ श्री राधा वल्लभ मंदिर में शनिवार को ठाकुर जी को श्रद्धालुओं ने खिचड़ी के साथ रसगुल्ला, मखानों की खीर, जलेबी और रबड़ी का भोग लगाया गया। ठाकुरजी के श्रृंगार दर्शन, छदम भेष व मंगला दर्शन के लिए भक्तों का तांता उमड़ पड़ा। मंदिर के सेवाधिकारी नवनीत लाल गोस्वामी ने बताया कि खिचड़ी की पदावली सुनने के लिए भक्तों में भारी उत्साह है। इस मौके पर लालजी गोस्वामी, प्रियांश गोस्वामी, हितेश गोस्वामी, अभिषेक गोस्वामी, नीरज गोस्वामी आदि शामिल रहे।

# ऐसे तानाशाही रवैया अपनाने वाले दुकानदार सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ना चाहते हैं: गोरा

**देवबन्द।** देश के कई प्रदेशो में ज्वेलरी शॉप (सर्राफा की दुकानों) पर नकाब या बुर्का पहनने वाली महिलाओं के प्रवेश पर रोक लगाने पर जमीयतुल दावतुल मुस्लिमीन के सरंक्षक कारी इस्हाक गोरा ने कड़ा रोष जताया है। उन्होंने पलट वार करते हुए कहा कि ऐसे तानाशाही रवैय्या अपनाने वाले दुकानदार सामा. जिक सौहार्द को बिगाड़ना चाहते हैं।

जमीयतुल दावतुल मुस्लिमीन के सरंक्षक कारी इस्हाक गोरा ने जारी अपने बयान में कहा कि उप्र. के झांसी, झारखंड और बिहार के कुछ क्षेत्रों में सुनारों की दुकान पर नकाब या बुर्का पहनने वाली महिलाओं के प्रवेश पर रोक लगाने के पोस्टर लगाया जाने की खबरें आ रही है। उन्होंने कहा कि नकाब, बुर्का या घुंघट एक समुदाय तक नहीं बल्कि देश की विभिन्न संस्कृतियों का हिस्सा है। कहा कि यह मामला महिलाओं की आजादी का नहीं बल्कि धर्म विशेष की महिलाओं पर जानबूझकर निशाना बनाना है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कारी इस्हाक गोरा ने इस तरह के पोस्टर और बैनर को तानाशही और दोगलापन बताया। उन्होंने सर्वसमाज की महिलाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वह ऐसे दुकानदारों से खरीदारी न करें जो महिलाओं की इज्जत नहीं करते। कहा कि ऐसे दुकानदारों की सोच में बदलाव के लिए इनसे खरीदारी ही नहीं की जाए। उन्होंने शासन-प्रशासन से ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जिससे वह पुनः इस तरह के भेदभावपूर्ण कदम उठाने की हिम्मत नहीं करे।

# थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** डीएम व एसपी ने कोतवाली पर आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान विभिन्न मामलों से सम्बंधित 06 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

शनिवार को कोतवाली प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां पर पहुंचे डीएम अरविन्द चौहान व एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान विभिन्न मामलों से सम्बंधित 06 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष शिकायती-पत्रों को शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों को प्रेषित कर दिया गया। जिलाधिकारी ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए है। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्यवाही के लिए चेताया है। इस अवसर पर राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन को कपसाड़ जाने से रोका

**मेरठ।** शनिवार को समा. जवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन को मेरठ के काशी टोल प्लाजा पर ग्राम कपसाड़ के पीड़ित परिवार से मिलने से रोका गया। इसके विरोध में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मौके पर धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया है। उनका कहना था कि पुलिस सरकार के दबाव में काम कर रही है। पीड़ित परिवार से मिलना हम प्रतिनिधि के अलावा आम आदमी का भी संवेधाानिक अधिकार है। पुलिस द्वारा शीघ्र अभियुक्त की गिरफ्तारी और पीड़िता को न्याय दिलाने के आश्वासन पर प्रदर्शन समाप्त किया गया।

# हवन यज्ञ से श्रीमद् भागवत कथा का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झिंझाना।** कस्बे में आयोजित मद् भागवत कथा का समापन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। कथा के अंतिम दिन कथावाचक द्वारिका प्रसाद पंडित रहे, जबकि यजमान के रूप में हर्ष मनी रतोडी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः विधिवत हवन-पूजन से हुई, जिसे पंडित वीरेंद्रदत्त सेमवाल द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया गया।

कथा के दौरान कथावाचक द्वारिका प्रसाद ने भगवान कृष्ण द्वारा देवकी और वासुदेव के पुत्रों को वापस लाने के प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण की यह लीला उनकी करुणा, भक्ति और माता-पिता के प्रति सम्मान का प्रतीक है। इसके साथ ही ऋषि भृगु द्वारा देवताओं की परीक्षा लेने का प्रसंग भी सुनाया गया, जिसमें यह संदेश दिया गया कि अहंकार से दूर रहकर ही ईश्वर की कृपा प्राप्त की जा सकती है।

कथा में राजा परीक्षित को मोक्ष प्राप्ति के प्रसंग का भी भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथावाचक ने बताया कि सच्ची श्रद्धा, सत्संग और भगवान के नाम का स्मरण मनुष्य को भवसागर से पार लगाता है। राजा परीक्षित के जीवन प्रसंग से श्रद्धालुओं को धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिली। कथा के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति ने सभी सहयोगकर्ताओं और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। पूरे आयोजन के दौरान कस्बे में आध्यात्मिक और भक्तिमय वातावरण बना रहा।

# मिट्टी से भरे टैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** शनिवार को अवैध मिटटी खनन करके आ रहे टैक्टर-ट्राली ने बाइक सवारो को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार महिला की मौके पर मौत हो गई। चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनो ने बताया कि मृतका अपने देवर से साथ बाइक से अलीनगर ,झिंझाना लौट रही थी।

चौसाना चौकी के गंगारामपुर खेडकी मार्ग पर एक मिटटी से भरे टैक्टर-ट्राली ने तेज रफ्तार व लाप. रवाही के साथ चलाकर बाइक सवार देवर-भाभी को टक्कर मार दी।टक्कर लगने के से बाइक सवार विनोद व सुनीता गिर गई। ट्राली के पहिए के नीचे आने से सुनीता की मोके पर ही मौत हो गई,जबकि विना. द सुरक्षित रहे। पीडितो की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की जानकारी पाकर मृतका के अन्य परिजन पुलिस चौकी पहुॅचें और पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई। पुलिस ने मृतका सुनीता के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वही मृतका के देवर विनोद की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**चौसाना मे धडल्ले से दौडते मिटटी के डम्पर**

पुलिस की लापरवाही से क्षैत्र मे मिटटी खनन धडल्ले से हो रहा है। जिस पर चौसाना पुलिस लगाम नही लगा पा रही है। बेरोकटोक दौडते मिटटी से भर डम्पर लापरवाही व तेज गति के साथ ।दौडते है और लोगो को कुचल रहे है।

# नॉ हेलमेट नॉ फ्यूल के प्रति किया जागरूक




**शामली।** No Helmet No Fuel अभियान के अंतर्गत जनपद शामली में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, सुरक्षित एवं अनुशासित बनाए रखने के उद्देश्य से यातायात पुलिस शामली द्वारा व्यापक, सघन, सुनियोजित एवं प्रभावशाली जन-जागरूकता एवं प्रवर्तनात्मक अभियान संचालित किया गया।

पुलिस अधीक्षक जनपद शामली एन।पी। सिंह के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के प्रभावी मार्गदर्शन में आज दिनांक 10.1.2026 को जनपद शामली में यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने, आमजन के अमूल्य जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित, अनुशासित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से No Helmet No Fuel अभियान के अंतर्गत व्यापक, सघन, सुनियोजित एवं सख्त सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं प्रवर्तनात्मक अभियान को निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया गया। इसी क्रम में जनपद के प्रमुख एवं अत्यधिक व्यस्त स्थानों बलवा चौराहा, फव्वारा चौक, गुरुद्वारा तिराहा, शिव चौक, एस0टी0 तिराहा सहित अन्य मुख्य चौराहों पर यातायात पुलिस शामली द्वारा विशेष सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दोपहिया वाहन चालकों, पेट्रोल पंप संचालकों, वाहन स्वामियों एवं आम नागरिकों को हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग, यातायात नियमों के कड़ाई से पालन तथा सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत दोपहिया वाहन चालकों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया कि हेलमेट न पहनने की स्थिति में ईंधन नहीं दिया जाएगा, क्योंकि हेलमेट का प्रयोग न करना सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु एवं गंभीर चोट का प्रमुख कारण है । यातायात पुलिस द्वारा यह संदेश प्रभावी ढंग से दिया गया कि हेलमेट केवल चालान से बचने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरण है, जिसका प्रयोग प्रत्येक स्थिति में अनिवार्य है।

**हादसे में बच्चे की मौत**

**जानी खुर्द।** बागपत रोड आए दिन काल बनकर एक न एक हादसे को दावत दे रहा है। इस रोड पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। अदनान पुत्र सैफ अली उम्र 4 वर्ष और उसकी बहन शादियां 6 वर्ष अपनी मां काजल निवासी टीकरी के साथ अस्पताल में आए थे जैसे ही वह पांचली अस्पताल से दवाई लेने के बाद टेम्पों में पीछे की तरफ बैठ गए तभी पीछे से आ रही एक अनियंत्रित कार सवार चालक ने टेम्पो में टक्कर मार दी।

# अवैध मिट्टी खनन के विरोध पर ट्रैक्टर से कुचलने के प्रयास का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पावटी कलां के एक युवक ने गांव के ही दो सगे भाइयों पर अवैध मिट्टी खनन का विरोध करने पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है।

क्षेत्र के गांव पावटी कलां निवासी संदीप ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि उसके खेत की बराबर में गांव के ही दो सगे भाई ट्रैक्टर-ट्राली से अवैध मिट्टी खनन करके ले जा रहे थे। जब उसने व परिवार के लोगो ने ऐसा करने से मना किया तो ट्रैक्टर चला रहे एक आरा. पी ने उसके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया, जिसमें वह बाल-बाल बच गया।

आरोपियों ने उसे गोली मारने की भी धमकी दी है। उसने मामले की सूचना डायल-112 पर दी, जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। आरोपी पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही ट्रैक्टर-ट्राली मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। पुलिस टीम आरोपियों का ट्रैक्टर-ट्राली व उनका एक मोबाइल फोन कब्जे में लेकर कोतवाली ले आई। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के विरुद्ध मुक. दमा दर्ज करके सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है।


# 72 घंटे बाद अपहृत युवती सहारनपुर से बरामद, आरोपी पारस गिरफ्तार



परिजनों को जानकारी देते एसडीएम सरधना व सीओ।



अपहृत युवती का फोटो।



आरोपी पारस सोम




युवती की बरामदगी की जानकारी देते एसएसपी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव कपसाड़ में हुई महिला हत्या और उसकी युवती के अपहरण के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने शनिवार देर रात बड़ी सफलता हासिल की है। घटना के 72 घंटे बाद अपहृत युवती रूबी को सहारनपुर से सकुशल बरामद कर लिया गया है और मुख्य आरोपी पारस सोम को गिरफ्तार कर लिया गया है।

घटना गुरुवार को उस समय हुई थी जब खेत पर जा रही महिला सुनीता, पत्नी सतेन्द्र कुमार पर गांव के ही युवक पारस सोम ने फरसे से जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन मोदीपुरम अस्पताल लेकर गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। हमले के बाद आरोपी ने नाबालिग युवती रूबी को जबरन अपने साथ उठा लिया था, जिससे पूरे गांव में तनाव और आक्रोश फैल गया था।

घटना के तुरंत बाद पुलिस ने दस विशेष टीमों का गठन कर आसपास के जिलों और संभावित ठिकानों पर दबिश दी थी। लगातार 72 घंटे तक चले ऑपरेशन और तकनीकी सर्विलांस के बाद पुलिस आखिरकार अपहृत युवती को सहारनपुर से सुरक्षित बरामद करने में सफल रही। आरोपी पारस सोम को भी उसी दौरान गिरफ्तार कर लिया गया।

मेरठ एसएसपी विपिन टांडा ने पत्रकारों को बताया कि आरोपी के करीबी और रिश्तेदारों से पूछताछ की गई थी और संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई थी। युवती को सकुशल परिजनों के हवाले कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी और आरोपी को जल्द न्यायालय के सामने पेश किया जाएगा। पीड़ित परिवार ने पुलिस की इस सफलता पर राहत की सांस ली और कहा कि उनकी बेटी सकुशल वापस लौट आई, यह उनके लिए बड़ी राहत की बात है।

# महिलाओं को स्वरोजगार प्रशिक्षण, 65 प्रतिभागियों को वितरित किए गए प्रमाणपत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन क्षेत्र की ग्राम पंचायत निरालसी उर्फ कादरगढ़ में पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आर्य, शामली के तत्वावधान में महिलाओं के लिए 6 दिवसीय स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के अंतर्गत महिलाओं को झाडू एवं साबुन निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 18 गांवों की कुल 65 महिलाओं ने भाग लेकर स्वरोजगार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर आयोजित प्रमाणपत्र वितरण समारोह में ग्राम प्रधान प्रमोद राणा, ग्राम विकास अधिकारी तनवीर आलम, पंचायत सहायक आंचल पुंडीर, नारी शक्ति सीएलएफ अध्यक्ष नीतू पुंडीर एवं प्रशिक्षण समन्वयक वरुण उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाणपत्र वितरित करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त कदम हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं में उत्साह देखने को मिला और प्रतिभागियों ने भविष्य में अपने स्वयं के रोजगार शुरू करने की इच्छा जताई।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### चोट के कारण वस्त्रकर दो हफ्ते के लिए डब्ल्यूपीएल से बाहर हुई

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और आरसीबी की तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकर हैमस्ट्रिंग चोट के कारण विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पहले दो हफ्ते नहीं खेल पाएंगी। आरसीबी ने 2026 सीजन का अपना पहला मैच शुक्रवार रात को खेला, जिसमें उन्होंने डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस को एक रोमांचक आखिरी ओवर में तीन विकेट से हराया। आरसीबी के हेड कोच मालोलन रंगराजन ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुझे लगता है कि बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से रिलीज होने से दो दिन पहले, दुर्भाग्य से उनकी हैमस्ट्रिंग में खिचाव आ गया। अभी हमारे पास जो जानक.ारी है, उसके अनुसार उन्हें दो हफ्ते और लगेंगे।

### पीठ की चोट के कारण जोआओ फोन्सेका एडिलेड में नहीं खेल पाएंगे

**एडिलेड, वार्ता।** जोआओ फोन्सेका ने एडिलेड इंटरनेशनल से नाम वापस लेने के बाद अपने 2026 सीजन की शुरुआत और टाल दी है। 19 साल के ब्राजीलियाई खिलाड़ी ने पिछले हफ्ते पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण ब्रिस्बेन इंटरनेशनल से नाम वापस ले लिया था, और अब वह इसी वजह से एडिलेड में एटीपी 250 में भी नहीं खेलेंगे। फोन्सेका ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दुर्भाग्य से मैं यहां नहीं खेल पा रहा हूं। यह फैसला लेना मुश्किल है। मुझे लगा कि जिन दिनों हम प्रैक्टिस कर रहे थे, हर दिन थोड़ा बेहतर महसूस हो रहा था, लेकिन यह कहना मुश्किल है कि मैं सौ प्रतिशत ठीक हूं। उन्होंने कहा कि हम ऑस्ट्रेलियन ओपन खेलने के लिए सौ प्रतिशत ठीक होने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, जो हमारा मुख्य लक्ष्य है। वह फैसला अभी नहीं लिया गया है।

### ओलंपियन दविंदर सिंह गरचा का निधन

**जालंधर, वार्ता।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भारतीय हॉकी का हिस्सा रहे विजेता दविंदर सिंह गरचा का शनिवार को निधन हो गया। सुरजीत हॉकी सोसाइटी के मुख्य कार्यकारी इकबाल सिंह संधू ने दविदर सिंह के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए बताया कि उनके अंतिम संस्कार की तारीख और समय अभी तय नहीं हुआ है। सुरजीत हॉकी सोसाइटी के सभी सदस्यों ने शोक.ाकुल परिवार के सदस्यों के साथ संवेदना प्रकट करते हुए भगवान से प्रार्थना की कि इस अपूरणीय क्षति को सहने की हिम्मत और शक्ति दे और दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे। सात दिसम्बर 1952 को जन्मे गरचा उस भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा थे जिसने 1980 के समर ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। इस टूर्नामेंट में उन्होंने कुल छह ओलंपिक मैचों में आठ गोल किए थे और सिर्फ तीन टूर्नामेंट खेलकर 30 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे, जिसमें उन्होंने 19 गोल किए थे।

# भारत को न्यूजीलैंड से मिलेगी कड़ी चुनौती

## आज कोटाम्बी स्टेडियम में दोपहर 1:30 बजे शुरू होगा पहला वनडे



**वडोदरा, वार्ता।** भारत का न्यूजीलैंड के साथ घरेलू हालात में खेलना, खासकर वनडे फॉर्मेट में, एक तरह से जाना-पहचाना एहसास है। रविवार को कोटाम्बी स्टेडियम में दोपहर 1-30 बजे शुरू होने वाला पहला वनडे , भारत को यह दिखाने का एक और मौका देगा कि वे अपनी जमीन पर इतनी मजबूत ताकत क्यों रहे हैं।

न्यूजीलैंड को भारत का अपना पिछला वनडे दौरा ज्यादा याद नहीं रहेगा। 3-0 से व्हाइटवॉश ने अपनी कहानी खुद बयां की, और यह पैटर्न जारी रहा, जिसमें भारत ने दोनों टीमों के बीच पिछले पांच वनडे में से हर एक जीता। नंबर झूठ नहीं बोलते, और क्रिकेट में, वे अक्सर पहली गेंद फेंके जाने से पहले ही कहानी बता देते हैं।

भारत इस सीरीज में एक मजबूत होम रन के दम पर आ रहा है। हाल ही में चार घरेलू वनडे सीरीज जीत चमक के बजाय कंसिस्टेंसी की बात करती हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ, भारत ने दम और मैच्योरिटी दोनों दिखाई - दो बार 300 पार किया और फिर आखिरी मैच में नौ विकेट हाथ में रहते हुए शांति से 271 का टारगेट चेज किया। इस तरह का परफॉर्मेंस बताता है कि बैटिंग यूनिट को पता है कि कब अटैक करना है और, इससे भी जरूरी बात, कब पीछे हटना है। विराट कोहली, एक बार फिर डटे रहे। उस सीरीज में उनके 302 रन, जिसमें दो सेंचुरी और एक नाबाद हाफ सेंचुरी शामिल थी, यह याद दिलाते हैं कि क्लास, जब भूख के साथ मिल जाए, तो खतरनाक चीज होती है। कोहली उन फेज में से एक में दिखते हैं जहां दिमाग के फैसला करने से पहले ही बल्ला बीच में आ जाता है। भारत को वनडे वाइस-कैप्टन श्रेयस अय्यर की वापसी से भी बढ़ावा मिला है, जो स्प्लीन इंजरी से ठीक होकर वापस आए हैं। उनकी मौजूदगी मिडिल ऑर्डर को मजबूती देती है, जो शुरुआती विकेट गिरने पर बहुत कीमती हो जाती है। मोहम्मद सिराज की वापसी से पेस अटैक मजबूत हुआ है, जबकि शुभमन गिल के शामिल होने से भारत को टॉप और मिडिल में एलिगेंस और भरोसा दोनों मिला है। हालांकि, न्यूजीलैंड सिर्फ नंबर बनाने के लिए नहीं आ रहा है। 2025 में भारत से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल हारने के बाद से, उन्होंने चुपचाप मोमेंटम बनाया है, और अपने पिछले नौ वनडे में बिना हारे रहे हैं। पाकिस्तान, इंग्लैंड और वेस्ट इंडीज के खिलाफ लगातार तीन 3-0 की सीरीज जीत ने उन्हें इस टूर से पहले कॉन्फिडेंस दिया है, भले ही पक्का नहीं। डेवोन कॉनवे का फॉर्म विजटर्स का हौसला बढ़ाएगा। वह वेस्ट इंडीज के खिलाफ बैटिंग चार्ट में टॉप पर रहे, जबकि काइल जैमीसन के उस सीरीज में सात विकेट ने दिखाया कि जब कंडीशन ज्यादा मददगार नहीं होतीं, तब भी वह बाउंस और मूवमेंट निकालने की अपनी काबिलियत दिखाते हैं। कई नए चेहरों को लाने से पता चलता है कि न्यूजीलैंड आगे की सोच रहा है, सिर्फ जाने-पहचाने नामों पर निर्भर रहने के बजाय गहराई बना रहा है। एसए20 कमिटमेंट्स की वजह से केन विलियमसन के न होने पर, माइकल ब्रेसवेल ने कप्तानी की, यह रोल उन्होंने शांति से और अच्छे से निभाया है। पिछली बार जब ए दोनों टीमें चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में मिली थीं, तो न्यूजीलैंड ने डेरिल मिशेल और ब्रेसवेल की हाफ-सेंचुरी की वजह से 7 विकेट पर 251 रन बनाए थे।

भारत ने जल्दबाजी के बजाय सोच-समझकर जवाब दिया, जिसमें रोहित शर्मा के शांत 76 रन ने चार विकेट से जीत की नींव रखी। यह सोच की साफ सोच पर आधारित चेज था, जो इस भारतीय टीम की पहचान बन गई है। रविवार के मैच में, भारत यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा के साथ ओपनिग करने की उम्मीद है। जायसवाल की हालिया नाबाद सेंचुरी एक युवा बल्लेबाज के बढ़ते कॉन्फिडेंस को दिखाती है, जबकि रोहित के नंबर एक ऐसे खिलाड़ी की बात करते हैं जो पारी को ज्यादातर लोगों से बेहतर तरीके से चलाता है।

### गुजरात ने यूपी वॉरियर्ज को दिया 208 रनों का लक्ष्य

**नवी मुम्बई, वार्ता।** कप्तान एश्ले गार्डनर (65), अनुष्का शर्मा (44) और सोफी डिवाइन (38) की शानदार पारियों की बदौलत गुजरात जायंट्स महिला ने शनिवार को वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे मुकाबले में यूपी वॉरियर्ज महिला को जीत के लिए 208 रनों का लक्ष्य दिया। यहां यूपी वॉरियर्ज महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात जायंट्स महिला के लिए बेथ मूनी और सोफी डिवाइन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। सोफी एकल्सटोन ने बेथ मूनी (13) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद अनुष्का शर्मा और कप्तान एश्ले गार्डनर की जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिए 103 रनों की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। 17वें ओवर में डिएंड्रा

## प्रसन्ना बेंद्रे ने टांडिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता

**● प्रसन्ना बेंद्रे ने दीव के घोघला बीच पर हुए फाइनल में मणिपुर के रोहित मैतेई को हराया**

**दीव, वार्ता।** दादरा और नगर हवेली तथा दमन एवं दीव के स्टार पेंचक सिलाट खिलाड़ी प्रसन्ना बेंद्रे ने खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में अपने घरेलू मैदान पर टांडिग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

प्रसन्ना बेंद्रे अपने स्वर्ण पदक बचाने की तैयारी कर रहे थे, तभी वजन वर्गों में हुए अंतिम समय के बदलाव ने उनके सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी। या तो उन्हें अधिक ऊंचे वजन वर्ग में उतरना था या फिर खेलों से बाहर रहना था। प्रतियोगिता में सिर्फ 20 दिन शेष थे और प्रसन्ना को 40-45 किग्रा से सीधे 50-55 किग्रा वजन वर्ग में जाना पड़ा। इसका मतलब था कि उन्हें खुद से कहीं ज्यादा भारी और ताकतवर खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करना था। 23 वर्षीय प्रसन्ना बेंद्रे ने हार मानने के बजाय चुनौती को स्वीकार किया और दीव के घोघला बीच पर हुए फाइनल में मणिपुर के रोहित मैतेई को हराकर लगातार दूसरी बार टांडिग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

मैच के बाद प्रसन्ना ने कहा कि खेलों से पहले मैं श्रीनगर में नेशनल कैंप में था। लौटने के बाद पता चला कि मेरा नियमित वजन वर्ग (40-45 किग्रा) केआईबीजी 2026 में नहीं है और खेल शुरू होने में सिर्फ 20 दिन बचे हैं। मेरे पास विकल्प नहीं था, इसलिए मुझे अगले वजन वर्ग के लिए तैयारी करनी पड़ी। सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि मेरे प्रतिद्वंद्वी उसी वजन के अभ्यस्त थे और स्वाभाविक रूप से ज्यादा मजबूत थे। वजन बढ़ाने के लिए उन्होंने अपने आहार में बदलाव किया।

## स्विट्जरलैंड पहली बार फाइनल में

**● बेलिंडा ने बेल्जियम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए स्विट्जरलैंड को उसके पहले यूनाइटेड कप फाइनल में पहुंचाया**

**सिडनी, वार्ता।** बेलिंडा बेंसिक ने शनिवार को सिडनी की चिलचिलाती गर्मी में बेल्जियम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए स्विट्जरलैंड को उसके पहले यूनाइटेड कप फाइनल में पहुंचाया।

एलिस मर्टेंस के खिलाफ शुरुआती सिगल्स में तीसरे सेट के टाई-ब्रेक में जीतने के बाद, बेंसिक ने जैकब पॉल के साथ मिलकर टूर्नामेंट का अपना तीसरा निर्णायक मिक्स्ड डबल्स मैच जीता, जिसमें उन्होंने मर्टेंस और जजिू बर्ग्स को 6-3, 0-6, 10-5 से हराया। दूसरे सेट में सिर्फ 12 अंक जीतने के बाद उन्होंने वापसी की। 28 साल की बेंसिक, जो 21 महीने की बेटी बेला की मां हैं, ने इस इवेंट में सभी चार सिगल्स और सभी चार मिक्स्ड डबल्स मैच जीते हैं। शनिवार के मिक्स्ड डबल्स के पहले सेट में, बेंसिक ने अपनी सर्विस पर दोनों निर्णायक अंक जीते, जब मर्टेंस रिटर्न को कोर्ट में नहीं डाल पाईं। डबल्स वर्ल्ड नंबर 81 पॉल, जिन्होंने पिछले साल सिर्फ छह टूर-लेवल डबल्स मैच जीते थे, ने मौके का फायदा उठाया, आत्मविश्वास के साथ पोचिग की और महत्वपूर्ण पलों में कई डाउन-द-लाइन विनर्स लगाए।

रविवार को केन रोजवॉल एरिना में होने वाले फाइनल में, स्विस टीम का मुकाबला आज रात के दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा, जो डिफेंडिग चैंपियन यूनाइटेड स्टेट्स और दो बार के फाइनलिस्ट पोलैंड के बीच होगा। आठ जीत के साथ टीम को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने के बावजूद, बेंसिक ने अपनी टीम के अन्य सदस्यों, खासकर अपने अनजाने मिक्स्ड पार्टनर पॉल की तारीफ की। बेंसिक ने कहा कि टीम स्पिरिट बहुत अच्छी है और यह कप्तान से शुरू होती है। वह मेरे पूरे मैच में मेरा सपोर्ट कर रहा था और फिर वह अपना मैच खेलने गया और फिर डबल्स में सपोर्ट करने के लिए वापस आ गया। यह उससे शुरू होता है लेकिन फिर हमारे बेंच से मिली एनर्जी से हमें जीतने की ऐसी भावना मिलती है। इससे पहले, बर्ग्स ने सिडनी की 41 डिग्री की भीषण गर्मी में स्टैन वावरिका को 6-3, 6-7(4), 6-3 से हराकर बेल्जियम-स्विट्जरलैंड यूनाइटेड कप सेमीफाइनल को निर्णायक मिक्स्ड डबल्स में पहुंचा दिया। दिन के पहले मैच में, बेंसिक ने यूनाइटेड कप में अपने अजेय सीजन-ओपनिग रन को नाटकीय अंदाज में बरकरार रखा, क्योंकि उन्होंने एलिस को 6-3, 4-6, 7-6(0) से हराकर स्विट्जरलैंड को 1-0 से आगे कर दिया।

## हम ऐसा दिखाते हैं कि जैसे कोई भी विवाद हमें प्रभावित नहीं कर सकता : नजमुल हुसैन शांतो



**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के बल्लेबाज नजमुल हुसैन शांतो ने कहा है कि अक्सर बड़े टूर्नामेंटों से पहले और उसके दौरान होने वाले विवादों से निपटने के लिए उनके खिलाड़ियों को एक तरह का ऐक्ट करना पड़ता है, जैसे कि सबकुछ सामान्य है। जब शांतो से भारत और श्रीलंका में फरवरी-मार्च में होने वाले टी-20 विश्व कप में बांग्लादेश की भागीदारी को लेकर चल रहे विवाद पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि हम किसी भी विश्व कप में अच्छा नतीजा नहीं ला पाए हैं।

पिछली बार (टी-20 विश्व कप 2024 में) हमारे पास अच्छा मौका था, लेकिन हम नहीं भुना पाए। लेकिन आप देखेंगे कि हर विश्व कप से पहले कोई न कोई घटना जरूर होती है। उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी के तौर पर इसका असर हम पर पड़ता है। लेकिन हम ऐसे दिखाते हैं कि जैसे हमें ए सब चीजें प्रभावित नहीं कर रहीं, क्योंकि हम प्रोफेशनल क्रिकेटर हैं। आप भी जानते हैं कि इसका असर होता है। यह आसान नहीं है। बेहतर होता कि ऐसी चीजें न हों। मुझे लगता है कि खिलाड़ी फिर भी कोशिश करते हैं कि सब चीजें एक तरफ रखकर अच्छा प्रदर्शन करें।

## सबालेंका लगातार तीसरे साल फाइनल में

**● मुचोवा को हराने के बाद आज ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में अपना टाइटल बचाने के लिए खेलेगी आर्याना सबालेंका**



**ब्रिस्बेन, वार्ता।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका शनिवार को सेमीफाइनल में कैरोलिना मुचोवा को हराने के बाद रविवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में अपना टाइटल बचाने के लिए खेलेंगी।

सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के वार्म-अप इवेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी को एक घंटे 29 मिनट में 6-3, 6-4 से हराकर लगातार तीसरे साल बिना कोई सेट गंवाए ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के फाइनल में जगह बनाई। शनिवार की इस जीत ने सबालेंका का 2023 की शुरुआत से ऑस्ट्रेलिया में खेले गए सभी सात टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने का रिकॉर्ड बनाए रखा है और इस दौरान देश में उनके रिकॉर्ड में 37 जीत और दो हार का सुधार हुआ है। सबालेंका, जो चार साल बाद जनवरी में तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल जीतने का लक्ष्य बना रही हैं, ने शनिवार को ब्रिस्बेन में अब तक का अपना सबसे अच्छा टेनिस खेला, जिसमें उन्होंने 32 विनर लगाए और अपनी पहली सर्व पर 88 प्रतिशत पॉइंट जीते।

मैच के बाद कोर्ट पर सबालें.का ने कहा कि मैंने सच में बहुत मेहनत की है और उसके खिलाफ हर मैच जीतने का एक और मौका है, और मैं बहुत खुश हूं कि आज वो दिन था जब मैं जीत पाई। सबा.लेंका रविवार के फाइनल में मार्टा क्वोयुक से खेलेंगी। यूक्रेन की दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी क्वोयुक ने सेमीफाइनल में छठी रैंक वाली जेसिका पेगुला को 55 मिनट में 6-0, 6-3 से हराया। यह गुरुवार और शुक्रवार को क्रमश: राउंड ऑफ 16 और क्वार्टर फाइनल में दुनिया की नंबर तीन अमांडा एनिसिमोवा और नंबर नौ मीरा एंड्रीवा पर क्वोयुक की सीधे सेटों में जीत के बाद हुआ है। क्वोयुक ने पेगुला के खिलाफ पहले 19 में से 17 अंक जीते, जिसमें लगातार 13 अंकों की एक स्ट्रीक भी शामिल थी, जिससे वह 10 मिनट में 4-0 की बढ़त बनाने में कामयाब रहीं। पेगुला को अगले गेम में मैच का पहला ब्रेक पॉइंट मिला, लेकिन क्वोयुक ने नेट पर बैकहैंड ड्रॉप शॉट से इसे बचा लिया। क्वोयुक दूसरे सेट में फिर से 3-0 से आगे हो गई, इससे पहले कि पेगुला पहली बार अपनी सर्विस बचा पाईं, हालांकि अमे.रिकी खिलाड़ी मैच में वापस आने के लिए सर्विस ब्रेक नहीं कर पाईं क्योंकि क्वोयुक ने अपने चौथे ऐस के साथ अपना पहला मैच पॉइंट जीता।

## मलेशिया ओपन में सिंधु सेमीफानइल में हारी



**● हार के साथ सीजन के पहले बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत का अभियान खत्म हुआ**

**मलेशिया, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को शनिवार को मलेशिया ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल के सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

इसी के साथ सीजन के पहले बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत का अभियान खत्म हो गया। यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना में खेले गए सेमीफाइनल में विश्व बैडमिटन रैंकिंग में नंबर 18 पर मौजूद पीवी सिंधु महिला एकल में दूसरे नंबर पर मौजूद चीन की वांग झेई से 21-16, 21-15 से हार गईं। पहला गेम में दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआती पलों में एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। लेकिन पीवी सिंधु की बिना वजह की गलतियों ने वांग झेई को 14-14 से आगे बढ़कर 18-14 की बढ़त बनाने का मौका दिया और फिर उन्होंने जीत के साथ गेम खत्म कर दिया। दूसरे गेम की शुरुआत में वांग झेई ने थोड़ी बढ़त बनाई, लेकिन भारतीय बैडमिटन खिलाड़ी ने वापसी करते हुए मिड-गेम ब्रेक में 11-6 की बढ़त ले ली। ब्रेक के बाद वांग झेई ने फिर से वापसी की, क्योंकि सिंधु की कई बिना वजह की गलतियों ने चीनी शटलर को मैच में पकड़ बनाने का मौका दिया और उन्होंने सीधे गेम में मैच खत्म कर दिया। यह वांग झेई के खिलाफ छह मैचों में पीवी सिंधु की तीसरी हार है। सिंधु की हार के साथ ही बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में भारत का अभियान खत्म हो गया। पीवी सिंधु, बाकी भारतीय दल के साथ मंगलवार को इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाले इंडियन ओपन 2026 में एक्शन में दिखेंगी।

## मेदवेदेव ब्रिस्बेन खिताब से दो कदम दूर



**● मेदवेदेव, जो 2019 ब्रिस्बेन में अपनी एकमात्र पिछली उपस्थिति में चैम्पियनशिप मैच में पहुंचे थे**

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** दानिल मेदवेदेव शुक्रवार को धीमी शुरुआत से उबरने के बाद ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में अपने खिताब की दौड़ में बने रहे। टॉप सीड खिलाड़ी को शुरू में पहले सेट में लकी लूजर कामिल माजच्रजाक ने पछाड़ दिया था, लेकिन उन्होंने 6-7(4), 6-3, 6-2 से जीत हासिल करने और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए अधिक आक्रामक तरीका अपनाया।

मेदवेदेव, जो 2019 में ब्रिस्बेन में अपनी एकमात्र पिछली उपस्थिति में चैम्पियनशिप मैच में पहुंचे थे, 2025 के शानदार अंत के बाद इस सप्ताह अपनी 22वीं टूर-लेवल ट्रॉफी का पीछा कर रहे हैं।

एटीपी रैंकिग में पूर्व नंबर 1 खिलाड़ी मेदवेदेव ने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक उच्च गुणवत्ता वाला मैच था। मैं ईमानदारी से कहूंगा कि शॉट बनाने के मामले में यह टॉप 10 मैच था।मैं खुद से खुश हूं, मैं शांत रहने और मैच जीतने के लिए कुछ बेहतरीन शॉट लगाने में कामयाब रहा। हार्ड कोर्ट पर अपने 52वें टूर-लेवल सेमीफाइनल में पहुंचकर, मेदवेदेव ने सक्रिय खिलाड़ियों में दूसरे सबसे अधिक सेमीफाइनल के लिए गाएल मोंफिल्स के साथ अपनी बराबरी तोड़ दी, जो केवल नोवाक जोकोविच (127) से पीछे हैं।

माजच्रजाक के खिलाफ, मेदवेदेव ने निर्णायक सेट में सर्व पर सिर्फ पांच अंक गंवाए। मेदवेदेव अब एलेक्स मिशेलसेन से खेलेंगे, जिन्होंने हमवतन सेबेस्टियन कोर्डा को 6-3, 7-6(7) से हराकर हार्ड कोर्ट पर अपनी 50वीं टूर-लेवल जीत हासिल की। मिशेलसेन सर्व के पीछे बहुत मजबूत थे, उन्होंने जिस एकमात्र ब्रेक प्वाइंट का सामना किया, उसे बचाया, लेकिन एक घंटे, 39 मिनट के उनके मुकाबले के दौरान कोर्डा की 37 अनफोर्स्ड गलतियों से उन्हें काफी मदद मिली।

# भारतीय अंडर-19 टीम ने बनाए 374/8



**● वैभव, विहान, ऐरन और कुंडु की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत टीम ने अभ्यास मुकाबले में विशाल स्कोर बनाया**

**बुलावाया, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी (96), विहान मल्होत्रा (77), ऐरन जॉर्ज (61) और अभिज्ञान कुंडु (55) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारतीय टीम ने शनिवार को अंडर-19 विश्वकप अभ्यास मुकाबले में स्कॉटलैंड के खिलाफ आठ विकेट पर 374 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

यहां टॉस जीतकर स्कॉटलैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की अंडर-19 के लिए आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी की जोड़ी ने आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करे हुए पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। सातवें ओवर में ओली जोन्स ने आयुष म्हात्रे 19 गेंदों में 22 रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। भारत का दूसरा विकेट 17वें ओवर में वैभव सूर्यवंशी के रूप में गिरा, जब वह शतक से महज चार रन पीछे थे। उन्हें मनु सारस्वत ने आउट किया। वैभव सूर्यवंशी ने 50 गेंदों में नौ चौके और सात छक्के लगाते हुए 96 रनों की पारी खेली। 17वें ओवर में जॉर्ज कटलर ने ऐरन जॉर्ज 58 गेंदों में (61) को अपना शिकार बना लिया। इसके बाद विहान मल्होत्रा और अभिज्ञान कुंडु ने 95 रन जोड़े। ओली जोन्स ने विहान मल्होत्रा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। विहान मल्होत्रा ने 81 गेंदों में छह चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 77 रन बनाए। अभिज्ञान कुंडु 48 गेंदों में 55 और कनिष्क चौहान तीन रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद ओली जोन्स ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए भारतीय रनों पर रोक लगाई और उनके विकेट भी झटके।

### कर्नाटक चैंपियन, तमिलनाडु दूसरे और मणिपुर तीसरे स्थान पर

**दीव, वार्ता।** कर्नाटक की अश्मिता चंद्रा और ध्रुपद रामकृष्ण ने शनिवार को यहां घोघला बीच पर आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में क्रमश: महिलाओं और पुरुषों की पांच किमी ओपन वॉटर स्विमिग स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य को पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया। खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 का आयोजन दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव के केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन द्वारा किया गया, जबकि प्रतियोगिताएं भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और राष्ट्रीय खेल महासंघों की तकनीकी देखरेख में संपन्न हुईं। खेलो इंडिया बीच गेम्स के दूसरे संस्करण में 1,100 से अधिक खिलाड़ियों ने आठ खेलों वॉलीबॉल, सॉकर, सेपक टकरॉ, कबड्डी, पेंकाक सिलाट, ओपन वॉटर स्विमिग, मल्लखंब और रस्साकशी में भाग लिया।

# औसाफ गुड्डू का निवेशकों व उद्यमियों ने किया स्वागत





■ पिलखनी में वुडकार्विंग हैंडीक्राफ्ट कलस्टर औसाफ गुड्डू के प्रयासों की देन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर हैण्डीक्राफ्ट डवलपमेंट सैन्टर सोसायटी के निवेशकों एवं सदस्यों ने औसाफ गुड्डू को मुबारकबाद देते हुए स्वागत किया।

बता दे कि औसाफ गुड्डू को हैण्डीक्राफ्ट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फार हैण्डीक्राफ्ट की प्रबन्ध समिति विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। पिलखनी में वुड कार्विंग हैण्डीक्राफ्ट कलस्टर को जनपद में लाने वाले औसाफ गुड्डू ही है। आज उनके सदस्य बनाये जाने पर कलस्टर के निदेशकों व सदस्यों ने उनका स्वागत किया। औसाफ गुड्डू ने कहा कि जो लडाई वुड कार्विंग क्षेत्र के लिए उन्होने शुरू की थी उसका असर अब दिखने लगा है। भविष्य में भी वुड कार्विंग क्षेत्र की समस्याओं को हर स्तर पर उठाया जायेगा। उन्होंने कहा कि वुडकार्विंग इंडस्ट्री से हजारों लोग जुडे हुए है, लेकिन इसके बावजूद भी यहां वुडकार्विंग इंडस्ट्री की स्थिति अच्छी नहीं थी। सुविधाओं के लिये सभी निर्यातकों व इससे जुडे लोगों की मदद से आवाज उठाई गई तो सरक. ारों ने इस ओर ध्यान दिया। जिसका नतीजा यह रहा कि वुडकार्विंग इंडस्ट्री को आज सुविधा मिलने लगी है। इस दौरान रामजी सुनेजा, प्रविन्द्र सिंह, रविन्द्र मिगलानी, गौरव चौपडा, सोम गोयल, अनवार अहमद, रईस अहमद, जुनैद खान आदि मौजूद रहे।

# रालोद में मुस्लिमों का हितः चौ.नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि रालोद में ही मुसलमानों का हित सुरक्षित है।

चौ. नीरपाल सिंह ने यह बात मुकीम चौधरी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कही। यहां सैकड़ों मुस्लिम समाज के लोगों को राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण करवाते हुए राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि आप सभी का पार्टी में स्वागत है। पार्टी संगठन में भी आप लोगों को जिम्मेदारी मिलेगी, सम्मान मिलेगा।

चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल ने बहुत बड़े बड़े मुस्लिम नेता बनाए है जिनकी लिस्ट बहुत लंबी है, जो सांसद भी रहे, कैबिनेट मंत्री भी रहे, विधायक,एम एल सी रहे और संगठन में भी शीर्ष पदों पर रहे हैं और आज भी राष्ट्रीय लोकदल में 9 विधायकों में से दो विधायक गुलाम मोहम्मद, अशरफ अली मुस्लिम समुदाय से आते है।

उन्होंने कहा कि आप लोगों को राष्ट्रीय लोकदल में परिवार की तरह सम्मान मिलेगा। हमारे नेता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी देश के सबसे बड़े सेक्युलर नेता है।

इस अवसर पर मुकीम चौधरी, ताहिर प्रधान, महबूब, इमलाख, मास्टर सुलेमान, हाकिम प्रधान, अंसार, डॉ वाहिद, अनीस खा, इब्राहीम, नईम ठेकेदार, जमशेद खा, सादाब, यासीन, माजिद आदि उपस्थित रहे।

# विधायक किरत ने किया लीग का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** नानौता प्रीमियर लीग का उद्घाटन गंगोह विधायक चौधरी किरत सिंह ने फीता काटकर किया।

नगर के अल्पाइन स्कूल परिसर में नानौता प्रीमियर लीग का पहला मैच नानौता राइडर्स व नानौता डोमिनेटर के बीच खेला गया। टॉस नानौता टीम राइडर्स के कप्तान सत्यम नैन ने जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 149 रन बनाये। कप्तान सत्यम नैन ने45 गेंद पर 55 रन की कप्तानी पारी खेली। तन्मय ने 4 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट लिये। जवाब में नानौता डोमिनेटर की टीम ने 17.1 ओवर में 112 रन बनाकर आल आउट हो गयी।आकाश ने 16 गेंद पर 29 रन हर्षित, शर्मा 27 गेंद में 28 रन, वीर ने 17 गेंद 26 रन की पारी खेली। अंशु साहनी ने 4ओवर में 17 रन देकर 3 विकेट लिये। मैन ऑफ द मैच अंशु साहनी रहे।

इस दौरान मनोज राणा, संजय वीर, गजेंद्र, हर्ष चौधरी, चौधरी वेदपाल, मास्टर प्रवीण कुमार, प्रमोद चौधरी, कुलदीप चेयरमैन, टिंकू सैनी, कुलबीर, कोच रोहित वर्मा, अर्जुन चौटाला उज्ज्वल वत्स, मोहम्मद शादाब आदि उपस्थित रहे।

# महिला शिक्षा बिना समाज की तरक्की नहींः बाबू सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** जौनपुर से समाजवादी पार्टी के सांसद बाबू सिंह कुशवाह ने कहा कि एक लड़की के शिक्षित होने से केवल उसका ही नहीं, बल्कि दो परिवारों का भविष्य संवरता है। महिला शिक्षा के बिना किसी भी समाज की प्रगति की कल्पना अधूरी है।

सांसद बाबू सिंह कुशवाह नया गांव रोड स्थित एक विद्यालय में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में उन्होंने महिला शिक्षा की प्रणेता सावित्रीबाई फुले के संघर्ष और योगदान को याद करते हुए कहा कि वे देश की पहली महिला शिक्षिका थीं, जिन्होंने सामाजिक कुरीतियों और कठोर विरोध के बावजूद महिला शिक्षा की अलख जगाई। उन्होंने कहा कि जब सावित्रीबाई फुले ने महिला शिक्षा के क्षेत्र में पहला कदम बढ़ाया, तो उन्हें परिवार और समाज के तीव्र विरोध का सामना करना पड़ा। पुणे में पहला कन्या विद्यालय खोलने पर उन्हें घर से निकाले जाने तक की पीड़ा सहनी पड़ी, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनाया। सांसद ने कहा कि हिंदू समाज में सावित्रीबाई फुले और मुस्लिम समाज में फातिमा शेख पहली महिला शिक्षिकाएं थीं, जिनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज उन्हीं महान महिलाओं के संघर्ष का परिणाम है कि बेटियां आईएएस, चिकित्सक, इंजीनियर सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देकर देश और समाज का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ शिक्षा ग्रहण करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाड़ा ने कहा कि समाजवादी पार्टी शुरू से ही शिक्षा और समानता की पक्षधर रही है। सावित्रीबाई फुले और फातिमा शेख जैसी महान विभूतियों ने जिस शिक्षा की मशाल को जलाया आज आवश्यकता है कि हम उसे और तेज करें। बेटियों को शिक्षित करना किसी एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। शिक्षा ही वह सबसे प्रभावी हथियार है, जिससे सामाजिक अन्याय और असमानता को समाप्त किया जा सकता है। समारोह के दौरान विद्यालय में आयोजित क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर विरेश सैनी, सचिन देव सैनी, मांगेराम कश्यप सहित विद्यालय स्टाफ, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# गांधी की विचारधारा समाप्त करने की कोशिशः संदीप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संदीप राणा ने केंद्र सरकार पर महात्मा गांधी की विचारधारा को समाप्त करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मनरेगा योजना का नाम किसी भी सूरत में बदलने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि केंद्र सरकार ने योजना का नाम बदलने का प्रयास किया तो कांग्रेस हर स्तर पर विरोध करेगी और 100 दिन तक आंदोलन चलाया जाएगा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप राणा एवं महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने आज महानगर कांग्रेस कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता के दौरान भाजपा पर धर्म और जाति के नाम पर समाज को बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जी राम जी योजना के नाम पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विचारधारा को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है, जबकि पूरी दुनिया गांधीजी के सिद्धांतों को स्वीकार करती है। संदीप राणा ने कहा कि भाजपा को गांधी नाम से आपत्ति है और इसी कारण मनरेगा का नाम बदलने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा में हिस्सेदारी घटाने पर भी नाराजगी जताई और कहा कि पहले केंद्र सरकार 80 प्रतिशत और राज्य सरकार 20 प्रतिशत खर्च वहन करती थी, जिसे बदलकर अब 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य कर दिया गया है, जो गरीबों के साथ अन्याय है।

उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट टीम के विरोध पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि खेल को धर्म और जाति से जोड़ना गलत है। जिस प्रकार हिंदू संगठनों को आगे कर विरोध कराया जा रहा है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष मेहरबान आलम, युवा जिला अध्यक्ष गौरव वर्मा, कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष इमरान कुरैशी, प्रदेश सचिव प्रवीण चौधरी, जिला प्रवक्ता गणेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, हरिओम मिश्रा और संदीप वर्मा सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।


# शिकायतों के समाधान के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कस्बा नागल के थाना प्रांगण में आयोजित थाना समाधान दिवस में थाना प्रभारी ने फरियादियों की शिकायतें सुनकर संबंधित को शिकायतों का समाधान करने के निर्देश दिए।

थानाध्यक्ष राजकुमार चौहान ने आज थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनीं और सम्बंधित दरा. ेगाओं को समस्याओं का तुरंत विधिसम्मत समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान जमीनी संबंधी एक शिकायत आई थी जिसके समाधान के लिए राजस्व विभाग के संबंधित कर्मचारियों को मौके से समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान वरिष्ठ उप निरीक्षक योगेंद्र चौधरी, उप निरीक्षक नवीन जयन्त सहित राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

# स्वेटर पाकर खुश हुए एचएवी के छात्र छात्राएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा आज एचएवी इंटर कालेज में छात्र-छात्राओं को स्वेटकर का वितरण किया गया।

पुराना कलसिया रोड स्थित कालेज में स्वेटर वितरण के दौरान आईएमए अध्यक्ष डा.प्रवीन शर्मा ने कहा कि आईएमए सदैव इस तरह के सामाजिक कार्यक्रमों में अपना योगदान देती रहती है। आने वाले समय में भी आईएमए जरूरतमंद लोगों एवं छात्रों को मदद देती रहेगी। उन्होंने कहा कि इस कालेज से उनका पुराना नाता है। इस कालेज के कई शिक्षाविदों से उन्होंने अपने जीवन को आगे बढाने की प्रेरणा ली है। इस कालेज की स्थापना भी उनके पूर्वजों द्वारा कराई गई थी। उप प्रधानाचार्य संजय कुमार शर्मा ने आईएमए के सभी चिकित्सकों का आभार जताया।

इस दौरान डा प्रवीण चावला, डा.नीरज आर्य, डा.डी.के.गुप्ता, डा. रेणू शर्मा, डा.राजकुमार चावला, डा. रश्मि जैन तथा विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से मनीष शर्मा एवं अभिषेक शर्मा मौजूद रहे।

# अंतर विवि पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता के डा. संदीप गुप्ता पर्यवेक्षक नामित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली के तत्वाधान मे पुरुष वर्ग की अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान के जयपुर शहर में स्थापित इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट विश्वविद्यालय द्वारा 8 से 12 जनवरी तक आयोजित हो रही है।

उक्त अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता को खेल के नियमानुसार निर्विघ्न रूप से सफलता पूर्वक आयोजन के लिए भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली ने मा शाकुम्बरी विश्विद्यालय, के स्पोर्ट्स ऑफिसर व सहारनपुर जिला ओलंपिक संघ के सचिव प्रोफेसर डा संदीप गुप्ता को पर्यवेक्षक नामित किया है। निश्चित रूप में मां शाकुम्बरी विश्विद्यालय एवं सहारनपुर जिला ओलंपिक संघ के लिए प्रोफेसर संदीप गुप्ता का उक्त पद प्राप्ति सहारनपुर जिले के लिए एक गौरवमयी उपलब्धि है। प्रोफेसर संदीप गुप्ता की इस सम्मानजनक पद प्राप्ति पर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री संजय गर्ग, यशपाल सिंह पुंडीर, शिक्षाविद पंकज गर्ग, शिक्षाविद अनिल भाटी, समा. जसेवी रश्मि टेरेंस, सोनवीर सिंह, ईश्वरपाल सिंह मुखिया, लाल धर्मेंद्र प्रताप, श्रीमती तंजीम फातिमा, डा. अशोक कुमार गुप्ता, हैदर चौधरी, प्रवीण सैनी, डा मनोज सिंधी, रवि कोरी आदि ने खुशी का इजहार करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की और बधाई दी। ज्ञात हो प्रोफेसर संदीप गुप्ता से पूर्व सेवानिवृत प्रोफेसर डा अशोक कुमार गुप्ता जब वे चो चरण सिंह विश्विद्यालय, मेरठ के क्रीड़ाधिकारी पद पर नियुक्त थे, यह भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली की पर्यवेक्षक वाली भूमिका वर्ष 1987, 1988, 1989 में सफलता पूर्वक निभा चुके हैं।

# भाषण प्रतियोगिता में फरहान प्रथम व अरसलान को दूसरा स्थान





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जामिया इस्लामिया फैजुस्सत्तार नाफिउल उलूम की भाषण प्रतियोगिता में फरहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

ढाला चोरा स्थित मदरसे में यह कार्यक्रम हजरत कारी मुहम्मद सालिम साहब काशिफी की सरपरस्ती में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत तिलावत और नात से हुई। नाजिम-ए-जलसा मौलाना जुबैर ने प्रतियोगिता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। तीन दर्जन से अधिक छात्रों ने भाग लिया, विशेष रूप से कम उम्र के छात्रों की प्रभावशाली तकरीरों ने सभी को प्रभावित किया।

जज के रूप में मौलाना अतहर हक्कानी, अध्यक्ष जमीयत उलामा हिंद शहर मौलाना शमशाद प्रिंसिपल कासिमुल उलूम गागलहेड़ी और मौलाना असलम काशिफी मौजूद रहे। अंत में जामिया के नाजिम मौलाना हुसैन ने जजों के फैसले के मुताबिक कामयाब छात्रों के नामों का ऐलान किया। पहली पोजीशन फरहान, दूसरी अरसलान, तीसरी अबूजर, चौथी अब्दुल अहद, पाँचवीं अमान कांकरकुई और छठी हनजला जमाली ने हासिल की। कामयाब छात्रों को मास्टर रियाज, मास्टर एहसान, हाजी रियाज कारी अब्दुल मन्नान और अन्य मेहमानों के हाथों ट्रॉफी दि गई। इसके अलावा जज हजरात को भी एहति. रामी अवॉर्ड पेश किए गए। तमाम शिरकत करने वाले छात्रों की हौसला अफजाई के लिए गिफ्ट भी दिए गए।

मौलाना मुहम्मद हुसैन ने मेहमानों का दिल से शुक्रिया अदा किया। अंत में हजरत कारी मुहम्मद इरशाद, मोहतमिम जामिया की दुआ पर यह प्रोग्राम खत्म हुआ।

# शालिनी ने कांस्य जीत मण्डल का नाम किया रोशन

**सहारनपुर।** प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता में मंडल की एथलेटिक्स खिलाड़ी राधिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर सहारनपुर मंडल का नाम रोशन कर दिया।

सहारनपुर मंडल एथलेटिक्स टीम के मैनेजर लाल धर्मेन्द्र प्रताप ने बताया कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के समन्वय से डॉ. भीमराव अम्बेडकर अन्तरराष्ट्रीय क्रीडा संकुल डाभासेमर, अयोध्या में 09 से 10 जनवरी तक यह प्रतियोगिता आयोजित की गई।सहारनपुर मंडल की एथलेटिक्स खिलाड़ी राधिका ने 3 किलोमीटर पैदल चाल इवेंट में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीतकर सहारनपुर मंडल का नाम रोशन कर दिया।

# फ्रेंडस मॉर्निग क्लब ने मनाया लोहडी पर्व



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** फ्रेंड्स मॉर्निंग क्लब द्वारा लोहड़ी पर्व पर पारंपरिक आयोजन का आयोजन किया गया। इस अक्सर पर गिद्दा व भंगडा भी किया और सुख समृद्धि की कामना की गयी।

नवाबगंज चौक कम्पनी बाग के समीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम फ्रेंड्स मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष एम. पी. सिंह चावला द्वारा अरदास के साथ की गई। इसके पश्चात विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने क्लब के कोषाध्यक्ष सतीश कुक्कड़ के साथ संयुक्त रूप से विधि-विधान के साथ लोहड़ी का प्रज्वलन किया। इस अवसर पर मुरली खन्ना, गोपाल एवं अन्य सदस्यों ने पारंपरिक लोहड़ी गीत सुंदर मुंदरिये गाए तथा ढोल की थाप पर जमकर भांगड़ा किया। क्लब के पूर्व अध्यक्ष राकेश सचदेवा, राज. ेश गांधी एवं पूर्व कोषाध्यक्ष हरीश इशपुजानी, गुरजीत मल्होत्रा द्वारा लोहड़ी का पारंपरिक प्रसाद मूंगफली, रेवड़ी, गजक एवं पॉपकॉर्न सभी उपस्थित लोगों को वितरित किया गया। कार्यक्रम में महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह, नगर विधायक राजीव गुम्बर एवं पूर्व मंत्री संजय गर्ग ने सभी को लोहड़ी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के जनरल सेक्रेटरी अमनप्रीत सिंह, गुरुद्वारा सौ क्वार्टर कमेटी के गुरमीत सिंह, देवेंद्र चढ़ा, ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद आलम सहित विभिन्न मॉर्निंग क्लबों एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय तनेजा, अरविंदर चावला, डिम्पी भारती, बॉबी गुम्बर, अजय ठकराल, गौरव, नरेश एवं राजीव का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर भागीरथ सेठ, विनय दहूजा, अनिल अरोड़ा, कपिल मल्होत्रा, नरेश तनेजा, ओमप्रकाश कंसल, रोमी आहूजा, गगनदीप, आलोक, अमन तनेजा, मोनू ग्रोवर, कमल मल्होत्रा, बलबीर छाबड़ा सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सेवाओं के लिए डा. मिगलानी सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सीनियर सिटीजन्स वैल्फेयर सोसाईटी द्वारा आयोजित बैठक में वरिष्ठ चिकित्सक डा. संजीव मिगलानी को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

प्रसिद्ध व्यवसायी वी.के.जैन के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में नगर के जाने-माने चिकित्सक संजीव मिगलानी शामिल हुए जिन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को विशेष रूप से हृदय से सम्बन्धित बीमारियों व उनसे बचने के उपायों के बारें में बताया। डा. मिगलानी ने फैटी लिवर से बचने के लिए जंक फूड, अधिक तला भुना खाना व एल्कोहल से शत-प्रतिशत बचने की सलाह दी।

सोसाइईटी के संस्थापक के.एल अरोड़ा ने डा. संजीव मिगलानी का आभार व्यक्त किया। सन्दीप गुप्ता व आर.के. शर्मा ने योग के विषय में बताया।



**अनंतनाग। जम्मू-कश्मीर के दौरान घाटी में भारी ठंड और बर्फ की चादर की चादर के बीच एक इमारत से लटकती बर्फ की डंडियों के पास से गुजरता एक व्यक्ति।**

## तुर्की में तूफान संबंधी घटनाओं के कारण पांच लोगों की मौत

**इस्तांबुल।** तुर्की में पिछले दो दिनों के दौरान आए तूफान और तेज हवाओं के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है। तुर्की के प्रसारक एनटीवी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मौसम विज्ञान विभाग ने तूफान, भारी बारिश और हिमस्खलन के खतरे को देखते हुए देश के 81 में से 63 प्रांतों के लिए गुरुवार को एलो अलर्ट जारी किया था। कई शहरों में शुक्रवार को भी तूफान का कहर जारी रहा। रिपोर्ट के अनुसार इन लोगों की मौत की मुख्य वजह छतों का गिरना रही है। मौसम वैज्ञानिकों ने शनिवार के लिए भी देश के आधे से अधिक प्रांतों में फिर से एलो अलर्ट जारी किया है।

## तारिक रहमान बीएनपी के अध्यक्ष नियुक्त किए गए

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की स्थाई समिति ने तारिक रहमान को पार्टी का नया अध्यक्ष नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। यह निर्णय शुक्रवार रात पार्टी के गुलशन कार्यालय में हुई एक बैठक में लिया गया। बैठक के बाद पार्टी महासचिव जनरल मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने मीडिया कर्मियों से बातचीत में इसकी पुष्टि की। पूर्व प्रधानमंत्री एवं पार्टी अध्यक्ष बेगम खालिदा जिया के निधन के बाद अध्यक्ष पद खाली हो गया था। पार्टी के संविधान के अनुसार, खाली पद को भरने के लिए राष्ट्रीय स्थाई समिति की एक बैठक बुलाई गई थी। समिति ने बैठक में सर्वसम्मति से तारिक रहमान को औपचारिक रूप से पार्टी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपने का फैसला किया।

# वेनेजुएला का तेल भारत को देगा अमेरिका

### रिपोर्टः ट्रम्प दुनिया की बड़ी ऑयल कंपनियों के अफसरों से मिले, तेल खरीद सकती है रिलायंस भी

**वाशिंगटन।** अमेरिका, भारत को वेनेजुएला से तेल खरीदने की इजाजत दे सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प प्रशासन के एक सीनियर अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। अधिकारी के मुताबिक यह सब अमेरिका की निगरानी और शर्तों के साथ होगा।

हालांकि इससे जुड़ी शर्तें क्या हैं, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। इसका मतलब यह है कि अमेरिका के प्रतिबंधों की वजह से जो व्यापार रुका हुआ था, वह अब फिर से शुरू हो सकता है। वहीं, रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस भी चाहती है कि अमेरिका उसे वेनेजुएला का तेल खरीदने की इजाजत दे दे। दूसरी ओर ट्रम्प ने व्हाइट में दुनिया की बड़ी तेल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की। यहां उन्होंने वेनेजुएला के तेल क्षेत्र में करीब 9 लाख करोड़ रुपए के निवेश की बात कही। वेनेजुएला पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज (ओपीईसी) का सदस्य है। उसके पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार है,




■ **वेनेजुएला पेट्रोलियम एक्सपोर्टिंग कंट्रीज (ओपीईसी) का सदस्य है**

लेकिन वह वैश्विक सप्लाई का सिर्फ करीब 1 प्रतिशत ही देता है। अमेरिका ने 2019 में वेनेजुएला पर बहुत कड़े आर्थिक प्रतिबंध (सेंक्शंस) लगा दिए थे, अमेरिका ने सेकेंडरी सेंक्शंस भी लगा दिए, यानी जो भी देश या कंपनी वेनेजुएला से तेल खरीदती है, उसे अमेरिकी बाजार में व्यापार करने या बैंकिंग सुविधाओं से रोक दिया जा सकता था। इस वजह से कई देशों ने वेनेजुएला का तेल खरीदना बंद कर दिया। भारत भी वेनेजुएला से बहुत ज्यादा तेल खरीदता था। कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि तब भारत अपने कुल तेल आयात का लगभग 6 प्रतिशत वेनेजुएला से लेता था। अगर भारत को फिर से वेनेजुएला का तेल खरीदने की अनुमति मिल जाती है, तो उसे अलग-अलग देशों से तेल मंगाने का एक और विकल्प मिलेगा। इससे भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। अमेरिका ने कुछ समय के लिए (2023-2024 में) वेनेजुएला पर आंशिक रूप से सेंक्शंस ढीले किए, जिससे भारत ने फिर से वेनेजुएला से तेल खरीदा। 2024 में भारत का आयात औसतन 63,000 से 1 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच गया। इसके बाद 2025 में वेनेजुएला से भारत का तेल आयात बढ़कर करीब 1.41 अरब डालर तक पहुंच गया, लेकिन मई 2025 में अमेरिका ने एक बार फिर से वेनेजुएला के तेल पर सख्ती बढ़ा दी।

# ग्रीनलैंड पर कब्जा करना हमारी मजबूरीः ट्रम्प

### कहाः नहीं, तो रूस-चीन यहां काबिज हो जाएंगे, हम अपने पड़ोस में इन देशों को देखना नहीं चाहते

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका के लिए ग्रीनलैंड पर कब्जा करना क्यों जरूरी है। उन्होंने व्हाइट हाउस में तेल और गैस कंपनियों के बड़े अधिकारियों के साथ हुई एक बैठक के दौरान कहा कि अगर अमेरिका ने ऐसा नहीं किया तो रूस और चीन जैसे देश इस पर काबिज हो जाएंगे। ट्रम्प ने यह भी कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करना जमीन खरीदने का मसला नहीं है, यह रूस और चीन को दूर रखने से जुड़ा है।

हम ऐसे देशों को अपना पड़ोसी बनते देख नहीं सकते। ट्रम्प ने आगे कहा, अमेरिका अगर ग्रीनलैंड को आसान तरीके से हासिल नहीं कर पाया, तो दूसरे सख्त तरीके अपनाने होंगे। उन्होंने कहा कि हम ग्रीनलैंड के मुद्दे पर कुछ न कुछ करेंगे, चाहे उन्हें पसंद हो या न हो। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मैं चाहता हूं कि सौदा आसान तरीके से हो जाए। हालांकि, उन्होंने डेनमार्क के प्रति अपनी नरमी भी जताई और कहा, वैसे मैं डेनमार्क का बहुत बड़ा फैन हूं। वे मेरे साथ बहुत अच्छे रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिका ग्रीनलैंड के लोगों को सीधे पैसे देकर उन्हें अमेरिका के साथ जुड़ने के लिए राजी करने की योजना बना रहा है। इसपर ट्रम्प ने कहा कि अभी मैं ग्रीनलैंड के लिए पैसे की बात नहीं कर रहा हूं। हो सकता है बाद में करूं। ट्रम्प ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ा। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड के पास रूसी और चीनी नौसेना की बढ़ती गतिविधियों का हवाला दिया, जिसमें डिस्ट्रायर और



■ **अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने यह भी कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करना जमीन खरीदने का मसला नहीं**

पनडुब्बियां शामिल हैं। ट्रम्प ने जोर देकर कहा कि हम रूस या चीन को ग्रीनलैंड पर कब्जा करने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि वे चीन और रूस दोनों को पसंद करते हैं। उनके नेताओं व्लादिमीर पुतिन और शी जिनपिंग के साथ अच्छे संबंध हैं, लेकिन वह उन्हें ग्रीनलैंड नहीं दे सकते।

ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जे करने के पीछे की वजह इस इलाके में रूसी और चीनी जहाजों की मौजूदगी को बताया। जब ट्रम्प से पूछा गया कि अमेरिका का पहले से ही वहां सैन्य अड्डा है, तो पूरे कब्जे की क्या जरूरत है। इसपर ट्रम्प ने जवाब दिया कि लीज काफी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जब हम मालिक होते हैं, तो हम इसकी रक्षा करते हैं। लीज की रक्षा उतनी नहीं की जाती। हमें पूरा मालिकाना हक चाहिए। ट्रम्प ने पुरानी कूटनीति की आलोचना भी की। उन्होंने कहा कि देश 100 साल के सौदे नहीं कर सकते, बल्कि मालिकाना हक से ही रक्षा होती है। ट्रम्प 2019 से ही यह कहते आ रहे हैं कि वह डेनमार्क के स्वायत्त क्षेत्र ग्रीनलैंड को खरीदना चाहते हैं, जबकि अमेरिका और डेनमार्क दोनों नाटो सैन्य गठबंधन के सदस्य हैं। अगर ट्रम्प ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं, तो इसका मतलब होगा कि अमेरिका नाटो के ही सदस्य देशों के खिलाफ खड़ा हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी के बीच डेनमार्क ने जवाब दिया था। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक रक्षा मंत्रालय ने धमकी दी थी कि अगर कोई विदेशी ताकत उनके इलाके पर हमला करती है, तो सैनिक आदेश का इंतजार किए बिना तुरंत जवाबी कार्रवाई करेंगे और गोली चलाएंगे। बिना आदेश हमला करने का नियम 1952 का है। तब डेनमार्क ने अपनी सेना के लिए एक नियम बनाया था, जिसके मुताबिक विदेशी ताकतों के देश पर हमला करने की स्थिति में सैनिकों को तुरंत लड़ना होगा। इसके लिए उन्हें किसी सीनियर अधिकारी की इजाजत लेने की जरूरत नहीं होती। अमेरिका के व्हाइट हाउस में यह विचार किया जा रहा है कि ग्रीनलैंड के नागरिकों को प्रति व्यक्ति 10 हजार (9 लाख रुपये) से 1 लाख डालर (90 लाख रुपये) तक का भुगतान कर उन्हें डेनमार्क से अलग होकर अमेरिका में शामिल होने के लिए राजी किया जाए। इस योजना को एक 'बिजनेस डील' के तौर पर देखा जा रहा है। सूत्रों ने रायटर्स को बताया कि अगर यह योजना लागू होती है, तो ग्रीनलैंड की करीब 57 हजार आबादी को देखते हुए इसकी कुल लागत लगभग 5 से 6 अरब डालर तक हो सकती है। अधिकारियों के मुताबिक, ग्रीनलैंड को अमेरिका के साथ जोड़ने के लिए पैसे का प्रस्ताव केवल एक विकल्प है। इसके अलावा कूटनीतिक समझौतों और यहां तक कि सैन्य बल के इस्तेमाल जैसे विकल्पों पर भी विचार किया गया है।

## हम अमेरिकी नागरिक नहीं बनेंगे

**ग्रीनलैंड।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को लेकर धमकी भरा लहजा अपनाया हुआ है। इतना ही नहीं अमेरिकी नेता भी ग्रीनलैंड पर नियंत्रण को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। इस बीच ग्रीनलैंड की संसद के सभी पांच प्रमुख राजनीतिक दलों ने संयुक्त बयान जारी कर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को दो टूक जवाब दिया है। राजनीतिक दलों ने ट्रम्प की ग्रीनलैंड को अमेरिका के नियंत्रण में लेने की धमकियों को कड़े शब्दों में खारिज किया है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि ग्रीनलैंड श्अमेरिकन नहीं होगाश और उसका भविष्य सिर्फ ग्रीनलैंड के लोगों की तरफ से तय किया जाना चाहिए। बयान में पांचों दलों, जिसमें प्रधानमंत्री जेन्स फ्रेडरिक नीलसन सहित विपक्षी दल नालेराक के नेता भी शामिल हैं, उन्होंने कहा कि वे किसी भी अमेरिकी अधिग्रहण के गंभीर रूप से असम्मानजनक रुख के खिलाफ हैं। देर रात जारी बयान में नेताओं ने साफ कहा कि हम अमेरिकी नहीं होंगे, हम डेनिश नहीं होंगे, हम ग्रीनलैंडवासी हैं। सभी दलों की यह एकता विशेष रूप से इसलिए अहम है, क्योंकि इसमें विपक्षी पार्टी नालेराक के नेता पेले ब्रोबर्ग भी शामिल हैं, जो वाशिंगटन के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए सबसे अधिक इच्छुक रही हैं। बता दें कि कुछ ही दिन पहले ब्रोबर्ग ने ग्रीनलैंड से डेनमार्क को दरकिनार करते हुए सीधे अमेरिका के साथ बातचीत करने का आह्वान किया था। अब बयान में इस बात पर जोर दिया गया है कि ग्रीनलैंड का भविष्य खुद ग्रीनलैंड के लोगों द्वारा तय किया जाना चाहिए, अंतर्राष्ट्रीय कानून और आत्मनिर्णय के अधिकार का सम्मान होना चाहिए।

■ **ग्रीनलैंड के पांच सियासी दलों की अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को दो टूक, डेनमार्क को भी सुनाया**

## अमेरिका ने रूस के दबाव के बाद 2 नागरिक छोड़े

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने जब्त किए गए रूसी झंडे वाले आयल टैंकर जहाज 'मैरिनेरा' से दो रूसी नागरिकों को रिहा कर दिया है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। मारिया ने बताया कि यह फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प ने रूस के अनुरोध पर लिया है। रूस ने अमेरिका पर नागरिकों को छोड़ने के लिए दबाव बनाया था।

अमेरिका ने 7 जनवरी को उत्तरी अटलांटिक महासागर में जहाज को को जब्त किया गया था। हालांकि टैंकर पर मौजूद 3 भारतीय मेंबर्स को अब तक रिहा नहीं किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैरिनेरा जहाज पर कुल 28 लोग मौजूद थे। इनमें 17 यूक्रेनी, 6 जार्जियाई, 3 भारतीय और 2 रूसी नागरिक थे। दूसरी तरफ अमेरिका ने आज भी कैरेबियाई सागर में एक और आयल टैंकर ओलिना को पकड़ा है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक यह पिछले तीन दिनों में पांचवी बार है जब किसी प्रतिबंधित टैंकर के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अमेरिकी बयान के मुताबिक, टैंकर ओलिना पर सवार लोगों को सुरक्षित तरीके से हिरासत में लिया गया। यह ऑपरेशन एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसै जेराल्ड आर. फोर्ड से लान्च किया गया। पूरे अभियान के दौरान किसी तरह की झड़प या नुकसान की सूचना नहीं है। फिलहाल यह साफ नहीं किया है कि टैंकर ओलिना किस देश का है या वह किस कंपनी के स्वामित्व में है। जहाज का फ्लैग, मालिकाना हक और क्रू की नागरिकता से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

■ **तीन भारतीय क्रू मेंबर अभी भी कैद में, यूएस ने 3 दिन में पांच तेल टैंकर जब्त किया**

अमेरिका ने वेनेजुएला पर प्रतिबंध लगाए हुए हैं। वह इन प्रतिबंधों का हवाला देकर वेनेजुएला से तेल लेकर जाने वाले जहाजों को पकड़ रहा है। अमेरिका ने पिछले महीने 10 दिसम्बर को भी वेनेजुएला के तट के पास एक आयल टैंकर को जब्त किया था। अधिकारियों का कहना है कि बुधवार को पकड़ गया मैरिनेरा टैंकर रूस की 'शैडो फ्लीट' का हिस्सा था, जो वेनेजुएला से तेल ले जा रहा था और उसने अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन किया। दूसरी तरफ रूस ने इस कार्रवाई को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री कानून का उल्लंघन बताया। रूस के परिवहन मंत्रालय ने कहा था कि अमेरिकी सैनिकों ने इस जहाज को खुले समुद्र में रोका, जहां किसी भी देश का अधिकार नहीं होता।

## ईरान वापस लौटने की तैयारी में क्राउन प्रिंस रजा पहलवी

**तेहरान।** ईरान में चल रहे सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच निर्वासित क्राउन प्रिंस रजा पहलवी ने कहा है कि वह अब अपने वतन वापसी की तैयारी कर रहे हैं। पहलवी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर जारी एक संदेश में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि मैं भी अपने वतन लौटने की तैयारी कर रहा हूं ताकि मैं अपने लोगों के साथ, महान देश ईरान के साथ रह सकूं, हमारी राष्ट्रीय क्रांति जीतेगी। मुझे विश्वास है कि वह दिन बहुत करीब है। उन्होंने सरकारी कर्मचारियों, खासकर तेल के कामकाज में लगे कर्मियों से भी हड़ताल पर जाने की अपील की। उन्होंने लिखा कि इस बारे में, मैं इकॉनमी के खास सेक्टर, खासकर ट्रांसपोर्टेशन, और तेल, गैस, और एनर्जी के वर्कर्स और कर्मचारियों से देश भर में हड़ताल शुरू करने की अपील करता हूं। ईरान के शाह पहलवी, देश में धार्मिक क्रांति का बिगुल बजने से पहले देश के प्रमुख थे पर इस्लामिक क्रांति के बाद उन्होंने भागकर अमेरिका की शरण ली थी। क्राउन प्रिंस उन्हीं के बेटे हैं और आज भी ईरान में शाह के परिवार को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। पहलवी ने यह भी कहा कि लोग प्रतीकों के साथ सड़कों पर आएं और सार्वजनिक जगहों पर कब्जा कर लें। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी से यह भी कहता हूं कि आज और कल, शनिवार और रविवार (10 और 11 जनवरी) को, देश के झंडों, तस्वीरों और निशानों के साथ सड़कों पर आएं और सार्वजनिक जगहों पर कब्जा कर लें।

# ईरान में हिंसक प्रदर्शन, 217 लोगों की मौत का दावा

### ईरानी सेना बोलीः बच्चों को प्रदर्शन से दूर रखें वरना गोली लगने पर शिकायत मत करना

**तेहरान।** ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 217 लोगों के मारे जाने का दावा किया जा रहा है। टाइम मैगजीन ने तेहरान के एक डाक्टर के हवाले से बताया कि राजधानी के सिर्फ छह अस्पतालों में कम से कम 217 प्रदर्शनकारियों की मौत दर्ज की गई है, जिनमें ज्यादातर की मौत गोली लगने से हुई हैं। सुरक्षा बलों ने गुरुवार रात प्रदर्शन तेज होने पर कई जगहों पर गोलीबारी की थी, इसके बाद से लगातार कार्रवाई जारी है।

इस बीच रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के एक अधिकारी ने सरकारी टीवी से बात करते चेतावनी दी कि माता-पिता अपने बच्चों को प्रदर्शनों से दूर रखें, अगर उन्हें गोली लगे तो शिकायत मत करना। रिपोर्ट के मुताबिक, पहले कुछ दिनों तक यह साफ नहीं था कि सरकार क्या रुख अपनाएगी। खुद एंटी राइट्स पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा बल भ्रम में हैं। किसी को ठीक से नहीं पता कि आगे क्या होने वाला है, लेकिन शुक्रवार को सामने आई खूनी तस्वीरों और सख्त बयानों से साफ हो गया कि अब पूरी ताकत का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे पहले सरकार ने देशभर में इंटरनेट और फोन सर्विस लगभग बंद कर दी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी चेतावनी दी थी कि अगर प्रदर्शनकारियों को मारा गया तो ईरानी सरकार को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अब जब प्रदर्शन मध्यम वर्गीय इलाकों तक फैल गए हैं, तो सरकार बेरहमी से कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगी। उनका मानना है कि आने वाले दिनों में हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है। ईरान पहले से ही इजरायल के साथ संघर्ष, अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों, गिरती अर्थव्यवस्था, बिजली और पानी की किल्लत जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। सरकार के भीतर भी मतभेद हैं। राष्ट्रपति मसूद पजशकियान सार्वजनिक तौर पर नरम रुख दिखा रहे हैं, लेकिन उनके कई मंत्री सख्त कार्रवाई के पक्ष में हैं। सरकार का आरोप है कि अमेरिका और इजरायल इन प्रदर्शनों को हवा दे रहे हैं। प्रदर्शनकारियों में से कुछ लोग पूर्व शाह के बेटे रजा पहलवी के समर्थन में नारे लगा रहे हैं, जिन्होंने विदेश से प्रदर्शन तेज करने की अपील की है। कुर्द इलाकों में भी लोग सड़कों पर उतर आए हैं। कई प्रदर्शनकारियों का कहना है कि अब उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं बचा है। देशभर में ळमर्द आक्रोश में है। इसका कारण आर्थिक बदहाली रही है। दिसम्बर 2025 में ईरानी मुद्रा रियाल गिरकर करीब 1.45 मिलियन प्रति अमेरिकी डालर तक पहुंच गई, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। साल की शुरुआत से रियाल की कीमत लगभग आधी हो चुकी है। यहां महंगाई चरम पर पहुंच गई है।



■ **अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि ग्रीनलैंड को हासिल करना जमीन खरीदने का मसला नहीं**

## ईयू ने मर्कोसुर समझौते को दी मंजूरी

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) के सदस्य देशों ने शुक्रवार को लंबे समय से विचाराधीन 'ईयू-मर्कोसुर साझेदारी समझौते' को हरी झंडी दे दी।ईयू सदस्यों ने व्यापारिक लाभों को बघने के लिए एक 'व्यापक साझेदारी समझौते' और 'एक स्वतंत्र अंतरिम व्यापार समझौते' की सहमति दी है। ईयू ने बताया कि यह समझौता ईयू और मर्कोसुर के संबंधों में एक मील का पत्थर है। यह एक आधुनिक साझेदारी के तहत राजनीतिक संवाद, सहयोग और व्यापार के लिए एक रूपरेखा स्थापित करता है। गौरतलब है कि लगभग 25 वर्षों से ईयू-मर्कोसुर समझौते पर बातचीत चल रही है, जो बदलती राजनीतिक स्थितियों, दक्षिण अमेरिका में पर्यावरणीय सुरक्षा पर विवादों और यूरोप के कृषि क्षेत्र के कुछ हिस्सों के विरोध के कारण बार-बार रुकती और शुरू होती रही है।

# भारत में अफगान के राजनयिक होंगे नूर अहमद नूर

### तालिबान शासन में पहली बार नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास में की गई नई नियुक्ति

**काबुल।** अफगानिस्तान ने नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास में नूर अहमद नूर को राजनयिक के रूप में नियुक्त किया है। एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है।

नूर अहमद से पहले भारत में अफगानिस्तान के राजनयिक फरीद मामुंदजाय थे। वह अशरफ गनी की सरकार के समय भारत में अफगान दूत के रूप में काम कर रहे थे। तालिबान के सत्ता में आने के बाद उनकी स्थिति कमजोर हो गई और बाद में दूतावास की गतिविधियां भी काफी हद तक ठप पड़ गई थीं। उसी के बाद लंबे समय तक भारत में अफगानिस्तान की तरफ से कोई नया औपचारिक राजनयिक नहीं भेजा गया था। इसलिए नूर अहमद की नियुक्ति को भारत-अफगानिस्तान रिश्तों में एक नए चरण की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास में नूर अहमद को राजनयिक नियुक्त करने का मतलब यह है कि अफगानिस्तान भारत के साथ अपने कूटनीतिक संपर्कों को फिर से सक्रिय और मजबूत करना चाहता है। तालिबान के सत्ता में आने के बाद अफगानिस्तान और भारत के रिश्ते सीमित हो गए थे, लेकिन मानवीय मदद, दवाइयों, वीजा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर बातचीत चलती रही। अब किसी नए राजनयिक की नियुक्ति यह संकेत देती है कि अफगानिस्तान चाहता है कि भारत के साथ संवाद सीधे दूतावास के जरिए नियमित रूप से चलती रहे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नूर अहमद नूर दूतावास की जिम्मेदारी संभालने के लिए दिल्ली पहुंच चुके हैं। इससे पहले वे अफगान विदेश मंत्रालय के फर्स्ट पालिटिकल डिपार्टमेंट के महानिदेशक रह चुके हैं। नूर अहमद उस डेलीगेशन का हिस्सा थे, जो अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुत्ताकी के साथ अक्टूबर 2025 में भारत आया था।



■ **तालिबान के सत्ता में आने के बाद उनकी स्थिति कमजोर हो गई और बाद में दूतावास की गतिविधियां भी काफी हद तक ठप पड़ गई थीं**

## अमेरिका ईरान में कर सकता है हस्तक्षेप मगर फौजें जमीन पर नहीं उतारेगाः ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि अगर ईरान वर्तमान अशांति के इस दौर में लोगों को मारना शुरू कर देता है तो अमेरिका इसमें हस्तक्षेप करेगा, हालांकि वह जमीन पर अपने सैनिकों की तैनाती नहीं करेगा। ईरान की स्थिति पर संवाददाताओं से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा कि अगर वे लोगों को मारना शुरू करते हैं, तो ऐसा होने पर अमेरिका अपनी भूमिका निभाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका मतलब यह नहीं है कि अमेरिका अपनी फौजें, ईरान की जमीन पर उतार देगा। इसका अर्थ यह है कि उन्हें वहां बहुत जोर से मारना है, जहां सबसे ज्यादा दर्द होता है।

# अमेरिका नेतन्याह को भी किडनैप करेः पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को किडनैप करने की मांग की। एक टीवी इंटरव्यू में ख्वाजा आसिफ ने कहा कि अमेरिका को नेतन्याहू को उसी तरह पकड़ना चाहिए जैसे वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो को पकड़ा गया था।

उन्होंने आगे कहा कि तुर्की भी नेतन्याहू को पकड़ सकता है और पाकिस्तानी इसके लिए दुआ कर रहे हैं। इंटरव्यू में उन्होंने नेतन्याहू को मानवता का सबसे बड़ा अपराधी करार दिया और दावा किया कि गाजा में फलस्तीनियों के साथ जो अत्याचार हुए हैं, वे इतिहास में कभी नहीं देखे गए। यह बयान एक पाकिस्तानी न्यूज चौनल को दिए इंटरव्यू में सामने आया, जिसकी क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। एंकर हामिद मीर ने टिप्पणी को संवेदनशील बताते हुए इंटरव्यू को बीच में ही रोक दिया। इस दौरान आसिफ ने उन लोगों पर भी सवाल उठाने शुरू किए, जो ऐसे अपराधियों का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि कानून उन लोगों के बारे में क्या कहता है, जो ऐसे अपराधियों का साथ देते हैं। एंकर हामिद मीर ने टोका कि क्या आप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के संदर्भ में कहना चाह रहे हैं? पाकिस्तान का इजरायल के साथ कोई औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं है। पाकिस्तान हमेशा से फिलिस्तीनी मुद्दे का मजबूत समर्थन करता रहा है। साथ ही, पाकिस्तान के ईरान के साथ भी अच्छे संबंध हैं, जो इजरायल का विरोधी है। इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) ने पहले ही गाजा में अपराधों के लिए नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया हुआ है। इसका जिक्र भी आसिफ ने इंटरव्यू में किया है।



■ **वेनेजुएला के राष्ट्रपति जैसा हाल हो, इजरायली पीएम फलस्तीनियों का सबसे बड़ा दुश्मनः रक्षा मंत्री**

# फिल्म अकेली में नुसरत भरूचा की शानदार परफॉर्मेंस की फराह ने की तारीफ



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी मानी फिल्मकार और कोरियोग्राफर फराह खान ने फिल्म अकेली में नुसरत भरुचा के शानदार परफॉर्मेंस की तारीफ की है। हाल ही में द फराह खान शो में नजर आई नुसरत भरूचा ने न सिर्फ अपने फिल्मी सफर पर खुलकर बात की, बल्कि अपने कुकिग स्किल्स से भी सबका दिल जीत लिया। इस एपिसोड में नुसरत ने फराह खान के लिए खास होम-स्टाइल डिश मटन उप्पु करी तैयार की। कुकिग सेशन के दौरान माहौल काफी मस्ती भरा और घरेलू रहा। इस मौके पर नुसरत सफेद टी-शर्ट और डेनिम में कैजुअल लेकिन स्टाइलिश अंदाज में दिखीं। फराह खान ने बातचीत के दौरान नुसरत की मां को भी चर्चा में शामिल किया और उनसे पूछा कि उन्हें अपनी बेटी की कौन-सी फिल्म सबसे ज्यादा पसंद है। बिना सोचे-समझे नुसरत की मां ने सोनू के टीटू की स्वीटी और अकेली का नाम लिया। इस पर फराह खान ने तुरंत हामी भरते हुए अकेली में



नुसरत की परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ की और फिल्म की भावनात्मक गहराई को सराहा। फराह खान ने नुसरत की तारीफ करते हुए कहा कि अकेली में तुमने वाकई शानदार काम किया। पूरी फिल्म में तुम अकेली लड़की थीं, फिल्म इतनी इंटेंस थी कि मेरा ब्लड प्रेशर बढ़ गया।ष इसे सुनकर जहां सभी हंसने लगे, वहीं फराह ने अपनी बात आगे बघते हुए नुसरत की दमदार सोलो परफॉर्मेंस के प्रभाव को भी काफी सराहा। गौरतलब है कि फिल्म अकेली , नुसरत भरूचा के करियर का एक अहम पड़ाव साबित रही है, जिसमें उन्होंने लगभग पूरी कहानी अपने कंधों पर उठाई थी। एक खतरनाक माहौल में फंसी महिला के किरदार को उन्होंने जिस भावनात्मक गहराई, मजबूती और वास्तविकता के



स ा थ ा निभाया, उसे आलोचकों और दर्शकों दोनों से सराहना मिली थी। नुसरत भरूचा ने अलग-अलग जॉनर में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। प्यार का पंचनामा और प्यार का पंचनामा 2 से लोकप्रियता हासिल करने के बाद उन्होंने सोनू के टीटू की स्वीटी और ड्रीम गर्ल जैसी हिट फिल्मों से सफलता का सिलसिला आगे बढ़ाया। हाल के वर्षों में छोरी और छोरी 2 जैसी कंटेंट आधारित फिल्मों में उनके गंभीर और सशक्त अभिनय ने दर्शकों को खासा प्रभावित किया, खासतौर पर हॉरर जॉनर में उनकी परफॉर्मेंस को खूब सराहा गया।

# कांतारा, नरसिम्हा ऑस्कर जनरल एंट्री लिस्ट में शामिल



**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स की वर्ष 2025 में प्रदर्शित दो चर्चित फिल्में महावतार नरसिम्हा और कांतारा: चैप्टर 1 को ऑस्कर की जनरल एंट्री लिस्ट में भेजा गया है। कांतारा: चैप्टर 1 का डायरेक्शन ऋषभ शेट्टी ने किया है और इसे विजय किरागंदूर ने प्रोड्यूस किया है, जबकि महावतार नरसिम्हा का डायरेक्शन अश्विन कुमार ने किया है और इसे होम्बले फिल्म्स ने प्रस्तुत किया है। दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट रहीं हैं और अपनी दमदार कहानी, संस्कृति से जुड़े अंदाज, शानदार तकनीक और बेहत. रीन विजन के लिए खूब सराही गई हैं।

ऑस्कर की जनरल एंट्री लिस्ट में आने के बाद अब इन दोनों फिल्मों पर कई बड़े अवॉर्ड कैटेगरी में डाले जाने को लेकर ध्यान दिया जाएगा। इनमें बेस्ट एक्टर, बेस्ट एक्ट्रेस, बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट प्रोड्यूसर, बेस्ट स्टोरी/राइटिंग, बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन और बेस्ट सिनेमैटोग्राफी जैसी कैटेगरी शामिल हैं। ऐसे में, आगे इन्हें शॉर्टलिस्ट किया जाएगा या नहीं, इसका फैसला अकादमी द्वारा किया जाएगा। खास बात यह है कि इस साल ऑस्कर जनरल एंट्री लिस्ट में शामिल कुल पांच भारतीय फिल्मों में से दो फिल्में होम्बले फिल्म्स की हैं। यह दिखाता है कि होम्बले फिल्म्स का असर लगातार बढ़ रहा है और भारतीय सिनेमा को ग्लोबल स्तर पर पहचान दिलाने में उसका योगदान लगातार मजबूत होता जा रहा है।

यह पहचान दिखाती है कि होम्बले फिल्म्स लगातार मजबूत कहानियों का साथ दे रहा है, अपनी क्रिएटिव बाउंड्रीज को आगे बढ़ा रहा है और इंडियन सिनेमा को उसकी असली पहचान और बड़े लेवल के साथ इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर पेश कर रहा है। जैसे-जैसे भारतीय सिनेमा दुनिया भर में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है, होम्बले फिल्म्स की यह उपलब्धि इंडस्ट्री की बढ़ती ग्लोबल मौजूदगी और क्रिएटिव ताकत को साफ दिखाती है।यह होम्बले फिल्म्स के साथ-साथ पूरे भारतीय सिनेमा के लिए एक सचमुच गर्व का पल है।





# 52 के हुए ऋतिक रोशन, पश्मीना रोशन ने दी बधाई

**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो ऋतिक रोशन आज 52 साल के हो गए हैं। 10 जनवरी 1974 को मुंबई में जन्में ऋतिक रोशन को अभिनय की कला विरासत में मिली। ऋतिक के पिता राकेश रोशन जानेमाने फिल्मकार और अभिनेता हैं, जबकि उनके दादा रोशन ने संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। ऋतिक रोशन ने बतौर बाल कलाकार आशा, आपके दीवाने, आसपास और भगवान दादा जैसी फिल्मों में काम किया। उन्होंने बतौर अभिनेता अपने करियर की शुरुआत वर्ष 2000 में अपने पिता राकेश रोशन निर्मित रोमांटिक फिल्म कहो ना प्यार है से की थी। इस फिल्म में ऋतिक रोशन और अमीषा पटेल की जोघी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

वर्ष 2000 में ही ऋतिक की फिजा और मिशन कश्मीर जैसी फिल्में रिलीज हुई। दोनों ही फिल्मों में रितिक ने अपनी रूमानी छवि में बदलाव लाते हुए संजीदा अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। फिजा के लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किए गए। वर्ष 2001 में उन्हें सुभाष घई की फिल्म यादें में काम करने का अवसर मिला लेकिन कमजोर पटकथा के कारण फिल्म नकार दी गई। इसी साल रिलीज करण जौहर की फिल्म कभी खुशी कभी गम के लिए वह सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किए गए। वर्ष 2003 में ऋतिक रोशन को एक बार फिर से अपने पिता की फिल्म कोई मिल गया में काम करने का अवसर मिला। सांइस नैचुरल थ्रिलर इस फिल्म में रितिक रोशन ने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस फिल्म के लिए उन्हें दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया।साल 2006 उनके करियर का अहम वर्ष साबित हुआ। इस साल रिलीज उनकी धूम 2 और कृष जैसी फिल्में सुपरहिट हुई। यश राज बैनर तले बनी धूम के सीक्वल धूम 2 में ऋतिक रोशन ने नेगेटिव किरदार निभाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया वहीं कोई मिल गया के सीक्वल कृष मे ऋतिक ने सुप. रहीरो का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। वर्ष 2012 में ऋतिक रोशन की फिल्म अग्निपथ रिलीज हुई। यह फिल्म वर्ष 1990 में रिलीज हुई अमिताभ बच्चन की फिल्म अग्निपथ की रिमेक थी। फिल्म टिकट खिघ्की पर सुपरहिट साबित हुई साथ हीं ऋतिक दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरे उतरे। वर्ष 2013 में रिलीज 'कृष 3' रितिक के करियर की सर्वाधिक कामयाब फिल्म साबित हुई। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 240 करोड़ रुपये की कमाई की। वर्ष 2014 में ऋतिक की फिल्म बैंग बैग ने 180 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की। वर्ष 2017 में रितिक की फिल्म काबिल रिलीज हुई। फिल्म ने 100 करोड़ से अधिक की कमाई की। वर्ष 2019 में ऋतिक की सुपर 30 और वॉर जैसी कामयाब फिल्में रिलीज हुई। वर्ष 2022 में ऋतिक की फिल्म विक्रम वेदा और वर्ष 2024 में फाइटर प्रदर्शित हुई। वर्ष 2025 में ऋतिक की फिल्म वॉर 2 रिलीज हुई है। उधर, अभिनेत्री पश्मीना रोशन ने अपने कजनि और बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन के जन्मदिन पर सोशल मीडिया के जरिए एक बेहद भावुक और प्यार भरा पोस्ट शेयर किया है, जिसने फैंस का दिल जीत लिया है। पश्मीना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर ऋतिक को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, हैप्पी बर्थडे डुग्गू भैया। आपका दिन और पूरा साल सबसे बेहतरीन हो। लव यू! इस भावनाओं से भरे संदेश ने देखते ही देखते फैंस का ध्यान खींच लिया और सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। यूं तो आज ऋतिक रोशन के जन्मदिन के मौके पर परिवार, दोस्तों और दुनियाभर के फैंस की ओर से उन्हें ढेरों शुभकामनाएं मिल रही हैं।

## मीरा चोपड़ा ने पिकमून मेटा स्टूडियोज का शुभारंभ किया, गांधी टॉक्स पहली फिल्म

**मुंबई।** मीरा चोपड़ा ने फिल्म प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रखते हुए अपने बैनर पिकमून मेटा स्टूडियो का शुभारंभ किया है। पिकमून मेटा स्टूडियो की पहली गांधी टॉक्स है।

जी स्टूडियो, क्यूरियस डिजिटल और पिकमून मेटा स्टूडियोज के बैनर तले प्रस्तुत यह फिल्म, लेखक की कल्पना को बेहतरीन दृश्यात्मक भाषा और भावनात्मक गहराई के साथ पर्दे पर उतारती है। संवादों की अनुपस्थिति इस फिल्म की सबसे बड़ी शक्ति बन जाती है, जो दर्शकों को ठहरकर सोचने, महसूस करने और कहानी से गहरे स्तर पर जुड़ने का अवसर देती है। मीरा चोपड़ा ने कहा, पिकमून मेटा स्टूडियोज स्थिरता और गरिमा की शक्ति में मेरे विश्वास से न्मा है।

# दंगल टीवी के धारावाहिक मन अतिसुंदर ने पूरे किए 900 एपिसोड

**मुंबई।** दंगल टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक मन अति. सुंदर ने 900 एपिसोड का शानदार सफर पूरा कर लिया है। दंगल टीवी का बहुत पसंद किया जाने वाला फिक्शन शो, मन अति सुंदर, 900 सफल एपिसोड पूरे करके एक असाधारण मील का पत्थर साबित हुआ है। यह शो दमदार कहानी, भावनात्मक गहराई और सार्थक सामाजिक संदेशों वाली अपनी इस सफल यात्रा का जश्न मना रहा है। शुरू से ही, इस शो ने देश भर के दर्शकों के दिलों को छुआ है, और सभी उम्र के दर्शकों के बीच लगातार पसंदीदा बना हुआ है। शो मन अति सुंदर के मुख्य कलाकार, तनिष्क (राध्या) और स्पर्श (प्रथम) ने कहानी के भावनात्मक पहलू को जीवंत



करने में अहम भूमिका निभाई है, जिससे शो का अपने दर्शकों के साथ मजबूत जुड़ाव हुआ है। इस यात्रा के बारे में बात करते हुए, राध्या का किरदार निभाने वाली तनिष्क ने कहा, मन अति सुंदर का हिस्सा बनना अविश्वसनीय रूप से शानदार रहा है। पिछले कुछ सालों में शो को जो प्यार और पसंद मिली है, वो मेरी उम्मीद से बहुत ज्यादा है, और 900 एपिसोड तक पहुंचना हमारे दर्शकों के साथ एक सपने जैसा लगता है।ष शो के साथ शुरू से ही जुड़ी हुई अदाकारा तनिष्क आगे कहती हैं, मैं दंगल टीवी को धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्होंने हमें ऐसी कहानियां सुनाने का मौका दिया जो सच्ची भावनाओं और सार्थक सामा. जिक विषयों को गहराई तक छूती हैं और हम पर भरोसा किया कि हम ऐसी कहानी पेश करें जो दर्शकों के साथ इतनी दिल से जुड़ी रहे। इसके अलावा, शो के नायक (प्रथम) स्पर्श ने कहा, मन अति सुंदर शो ने हमें सिखाया है कि कहानी कहने में ईमानदारी हमेशा लोगों को आपसे,जोड़ती है। 900 एपिसोड पूरे करना एक बड़ी उपलब्धि है और ऐसी कहानी का हिस्सा बनना गर्व की बात है जो इतने सारे लोगों को प्रेरित करती है और उनसे जुड़ती है।






CMYK